


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,बुधवार 11 फरवरी 2026 ■ फाल्गुन कृष्ण पक्ष-10 ■ वर्ष -41 ■ अंक-311 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 12 फरवरी 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


रिजिजू का राहुल गांधी पर तंज

## संसद में बच्चों जैसा व्यवहार करना ठीक नहीं

**नई दिल्ली,11 फरवरी।** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे की आत्मकथा को लेकर चल रहे विवाद के बीच जमकर निशाना साधा और उनसे राष्ट्रीय सुरक्षा को "राजनीतिक हथियार" के रूप में इस्तेमाल न करने को कहा। राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए रिजिजू ने उनसे बच्चों जैसा व्यवहार न करने को कहा। संसद के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैं राहुल गांधी को सबक नहीं सिखा सकता। मुझे समझ नहीं आता कि वे किस दुनिया में रहते हैं। कौन सी विचारधारा उनके कार्यों को प्रेरित करती है? रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ सदस्यों को उन्हें समझाना चाहिए कि संसद इस तरह काम नहीं कर सकती। यहां बच्चों जैसा व्यवहार न करें। हमारा देश विशाल है और सुरक्षा एक



महत्वपूर्ण मुद्दा है। हमारी सुरक्षा को राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल करना और किसी की गरिमा को ठेस पहुंचाना सही नहीं है। हालांकि, कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि लोकसभा में गांधी की टिप्पणियां सच थीं। वेणुगोपाल ने कहा कि मुझे समझ नहीं आता कि वे इस मुद्दे पर इतना डर क्यों दिखा रहे हैं। वे इन सब बातों से क्यों डर रहे हैं? हम नहीं डरते। वे जो चाहें करें। हमने संसद के अंदर और बाहर जो कुछ भी कहा है, वह स्पष्ट और सटीक है। हम इस मुद्दे पर पूरी तरह से कायम हैं। रहुल गांधी द्वारा लोकसभा में जनरल नरवणे के संस्मरण, 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' का हवाला देने के प्रयास के बाद एक राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया, जिसमें उन्होंने बजट सत्र के दौरान चीन के साथ 2020 के गतिरोध को चर्चा में घसीटा। हालांकि गांधी ने दावा किया कि पुस्तक ऑनलाइन उपलब्ध है, लेकिन मंगलवार को पेंगुइन रैंडम हाउस ने पुस्तक की स्थिति के बारे में उनके दावों का खंडन करते हुए कहा कि किसी पुस्तक को तभी प्रकाशित माना जाता है जब वह सभी खुदरा चैनलों पर बिक्री के लिए उपलब्ध हो। प्रकाशक के बयान में कहा गया कि प्री-ऑर्डर प्रकाशन की एक मानक प्रक्रिया है। यह पाठकों और खुदरा विक्रेताओं को अग्रिम ऑर्डर देने की अनुमति देता है।

## किसानों को अंतर की राशि का होली पूर्व किया जाएगा भुगतान

कैबिनेट की बैठक में लिए गए कई निर्णय

**रायपुर,11 फरवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित कैबिनेट की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए ।

मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ के षष्ठम् विधान सभा के अष्टम् सत्र माह फरवरी-मार्च, 2026 हेतु राज्यपाल के अभिभाषण का अनुमोदन किया गया।

मंत्रिपरिषद द्वारा बजट अनुमान वर्ष 2026-27 का विधानसभा में उपस्थापन हेतु छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक-2026 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

मंत्रिपरिषद ने राज्य में समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से अंतर की राशि होली पर्व से पहले एकमुश्त भुगतान किए जाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में 25 लाख 24 हजार 339



किसानों से 141.04 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत धान के मूल्य के अंतर की राशि के रूप में लगभग 10 हजार करोड़ रूपए का भुगतान होली त्यौहार से पहले एकमुश्त किया जाएगा।

यहां यह उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत राज्य के किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से की जा रही है, जो देश में सर्वाधिक है। बीते दो वर्षों में कृषक उन्नति योजना के तहत राज्य के किसानों को धान के मूल्य के अंतर के रूप में 25 हजार करोड़ रूपए से अधिक का भुगतान किया जा चुका है। इस साल होली से पूर्व किसानों को 10 हजार करोड़ रूपए का भुगतान होने से यह राशि बढ़कर 35 हजार करोड़ रूपए हो जाएगी।

## बीएसपी के आक्सीजन प्लांट में आग

**भिलाई,11 फरवरी।** भिलाई इस्पात संयंत्र से एक बड़ी घटना की सूचना आ रही है द्वितीय पाली के अंत में अचानक ऑक्सीजन प्लांट की ऑक्सीजन टर्बो कंप्रेसर लाइन के केबल में आग की लपटें दिखने लगी। देखते ही देखते आग ऊपर की तरफ बढ़ने लगी इसकी गंभीरता को देखते हुए पाली प्रभारी ने तुरंत सूचना पर बीएसपी के फायर ब्रिगेड टीम पहुंची ऑक्सीजन प्लांट में जिस जगह में आग लगी थी, उसके अगल-बगल से ऑक्सीजन लाइन गुजर रही थी। यदि आग वहां तक पहुंच जाती तो विध्वंसक स्थिति हो



सकती थी, क्योंकि ऑक्सीजन प्लांट में प्रोसेस करके ऑक्सीजन को लिक्विड ऑक्सीजन में बदलकर सिलेंडर में भरा जाता है, जो अत्यंत ज्वलनशील होता है। यहां आग की छोटी सी चिंगारी भी बड़ी घटना को अंजाम दे सकता है। ऐसे में वहां आग लगना खतरे से खाली नहीं था। आग लगने के कारण का पता नहीं चल पाया है। जांच के पश्चात पूरी बात सामने आएगी ऐसी ही एक आग ने ठप कर दिया 7 दिन तक उत्पादन ज्ञात हो की जनवरी के महीने में स्टील मेल्टिंग शॉप के कन्वर्टर 2 के ओवर टिल्ट होने एवं टेक्निकल फाल्ट के कारण स्लेग बह गया और केवल में आग लगी थी। आग इतनी भयानक थी कि उस पर काबू पाने में बहुत समय लग गया। हजारों केवल जलकर खाक गए थे। संयंत्र के कई विभागों ने दिन-रात करके पूरी तत्परता के साथ काम किया, तब जाकर 7 दिनों के अंदर उत्पादन को शुरू किया जा सका

## कैप्सूल वाहन की टक्कर से महिलाएं घायल

जांजगीर-चांपा,11 फरवरी। छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले से सड़क हादसे का लाइव वीडियो सामने आया है. इस घटना में बारात में डांस कर रहे सारंगढ़ कांग्रेस जिला अध्यक्ष तारा देवांगन सहित महिलाओं को कैप्सूल वाहन ने ठोकर मार दी. दुर्घटना में 4 महिलाओं को चोट आई है, जिसका अस्पताल में इलाज जारी है. हालांकि राहत की बात रही कि कांग्रेस जिला अध्यक्ष को चोट नहीं आई है. जानकारी के मुताबिक, कांग्रेस जिला अध्यक्ष के चाचा के बेटे की शादी का कार्यक्रम था, जिसमें सारंगढ़ से बारात जांजगीर जिले के बिर्रा से घिवरा रोड के भाटापारा में पहुंची थी. देर रात करीब 12 बजे बारात निकली. इसी दौरान बारात में डांस कर रहे लोगों को कैप्सूल वाहन ने ठोकर मार दी. हालांकि तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन को जब्त कर चालक को थाने लाया गया है. मेडिकल जांच में ड्राइवर का मेडिकल कराया गया पर शराब पीना नहीं पाया गया है.

## तहसीलदार के बेटे की सड़क हादसे में मौत

**बिलासपुर,11 फरवरी।** न्यायधानी बिलासपुर के सकरी क्षेत्र के रामा लाइफ सिटी में किराए पर रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे तहसीलदार के युवा पुत्र की सड़क हादसे में मौत हो गई.जिला न्यायालय के सामने तेज रफ्तार भारी वाहन ने छात्र की बाइक को टक्कर मार दी. हादसे में गंभीर रूप से घायल छात्र को सिम्स अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया. मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है.जानकारी के अनुसार, राजनांदगांव जिले के छुरिया निवासी हनुमंत सिंह श्याम तहसीलदार के पद पर बालोद जिले के गुरुर तहसील में पदस्थ हैं. उनके पुत्र मणिंद्र भूषण सिंह श्याम (23 वर्ष) सकरी के रामा लाइफ सिटी में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे थे. मणिंद्र भूषण बाइक से घूमने के लिए निकले थे. जब वे कलेक्टोरेट के पास जिला न्यायालय के सामने पहुंचे, उसी दौरान एक भारी वाहन के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मणिंद्र भूषण सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए.

मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और घायल छात्र को सिम्स अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. घटना की सूचना मिलने पर सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया. पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है. पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है और हादसे में शामिल भारी वाहन की तलाश की जा रही है.

हादसे के बाद पहुंची पुलिस ने मृतक के जेब से मोबाइल निकाला. मोबाइल फिंगरप्रिंट लॉक था. मृतक के अंगूठे का निशान लगा पुलिसकर्मियों ने मोबाइल का लॉक खोला फिर मोबाइल की कांटेक्ट लिस्ट में मौजूद नम्बरों को पुलिसकर्मी डायल करने लगे. कुछ नम्बरों में बात हुई तो मृतक की पहचान हो सकी. जिसके बाद मृतक के परिजनों को सूचना दी जा सकी.

## मैगी बनाने पर भड़के पति ने पत्नी को लोहे की पाइप से पीटा

**बिलासपुर,11 फरवरी।** मैगी बनाने से नाराज शराबी पति ने पत्नी की बेरहमी से पिटाई कर दी. पति की पिटाई से आहत पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है. पत्नी का आरोप है कि उसका पति आए दिन उसके साथ मारपीट करता था. वहीं, कुछ दिन पहले रात में मैगी बनाने के नाम से उसे पाइप से बुरी तरह पीटा. घटना को लेकर कोरबा पुलिस ने जीरो में अपराध दर्ज कर विवेचना के लिए केस डायरी बिलासपुर के सरकंडा थाने भेज दी है. पीड़िता काजल तिवारी (26) निवासी रामसागरपारा, कोरबा ने थाना कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई कि उसका विवाह 5 फरवरी 2022 को सामाजिक रीति-रिवाज से अंकित तिवारी निवासी अशोक नगर पार्क लाइफ कॉलोनी, सरकंडा बिलासपुर से हुआ था. पीड़िता का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही उसका पति आए दिन शराब पीकर घर आता था और छोटी-छोटी बातों पर झगड़ा कर गाली-गलौज व मारपीट करता था. 23 जनवरी 2026 की रात करीब 10 बजे, आरोपी पति शराब के नशे में घर पहुंचा और देर रात मैगी बनाने की बात को लेकर विवाद करने लगा. इस दौरान उसने गालियां दीं और जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ-मुक्कों, लातों और लोहे के पर्दे की पाइप से बेरहमी से मारपीट की. घटना के बाद पीड़िता ने अपने माता-पिता को मोबाइल फोन से पूरी जानकारी दी. अगले दिन 24 जनवरी 2026 को उसके पिता मौके पर पहुंचे और उसे अपने साथ कोरबा ले आए, जहां महिला ने पुलिस में लिखित शिकायत दी.

## रील्स देखकर ज्वेलरी दुकानों में चोरी करने वाला गिरोह बंदी

**रायपुर,11 फरवरी।** रायपुर पुलिस ने ज्वेलरी दुकानों और सूने मकानों को निशाना बनाकर चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए आठ चोरी के मामलों का खुलासा किया है। एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट एसीसीयू की टीम ने इस कार्रवाई में एक हिस्ट्रीशीटर समेत कुल सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक विधि से संघर्षरत बालक भी शामिल है। आरोपियों के कब्जे से करीब 28 लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवरात, नगद राशि और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

पुलिस के अनुसार आरोपी सोशल मीडिया पर रील्स देखकर ज्वेलरी दुकानों में चोरी के तरीके सीखते थे और भीड़भाड़ का फायदा उठाकर वारदात को अंजाम देते थे। इसके अलावा सूने मकानों को चिन्हित कर ताला तोड़कर चोरी की घटनाएं भी की गईं।



**कई थाना क्षेत्रों की चोरी का हुआ खुलासा**-पुलिस ने जिन मामलों का खुलासा किया है, उनमें रायपुर के खम्हारडीह, डीडी नगर, पुरानी बस्ती, पंडरी, विधानसभा थाना क्षेत्र के साथ-साथ आरंग और बलौदाबाजार जिले के पलारी क्षेत्र की घटनाएं शामिल हैं। इन मामलों में घरों से जेवरात और नगदी चोरी के साथ ही ज्वेलरी दुकानों से सोने के लॉकेट और मंगलसूत्र चोरी करने या चोरी का प्रयास किया गया था।

**सीसीटीवी और तकनीकी विश्लेषण से मिली सफलता**-पुलिस उपायुक्त क्राइम एवं साइबरएम स्मृतिक राजनाला के निर्देश पर एसीसीयू और संबंधित थानों की छह टीमों का गठन किया गया। टीमों ने घटनास्थलों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले, मुखबिरों को सक्रिय किया और हाल ही में जेल से रिहा हुए अपराधियों की गतिविधियों की जानकारी जुटाई। तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया गया।

**हिस्ट्रीशीटर संजय नेताम भी गिरफ्तार**-खम्हारडीह और डीडी नगर थाना क्षेत्र की चोरी के मामलों में पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर संजय नेताम उर्फ गोलू को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से करीब 18 लाख रुपये कीमत के जेवरात, नगद और चोरी की दोपहिया वाहन बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार संजय नेताम के खिलाफ पूर्व में भी कई चोरी के मामले दर्ज हैं और वह जेल जा चुका है।

**अन्य मामलों में भी आरोपियों की गिरफ्तारी**-पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में हुई चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर करीब दो लाख रुपये का माल बरामद किया गया है। वहीं आरंग, पंडरी और पलारी क्षेत्र की ज्वेलरी दुकानों से जुड़ी चोरी की घटनाओं में तीन आरोपियों को पकड़ा गया, जिनसे करीब पांच लाख रुपये का माल बरामद हुआ। विधानसभा थाना क्षेत्र के एक अन्य मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर करीब तीन लाख रुपये कीमत के जेवरात और नगद जब्त किए गए हैं। सभी आरोपियों से पूछताछ जारी है और चोरी के अन्य मामलों में उनकी संलिप्तता की भी जांच की जा रही है।

## बिरेतरा गांव में पढ़ाई के लिए कर्फ्यू

**धमतरी, 11 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले का बिरेतरा गांव इन दिनों शिक्षा और सामाजिक अनुशासन के अनोखे प्रयोग के कारण पूरे प्रदेश में चर्चा का केंद्र बन गया है। 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा छात्र ही नहीं, बल्कि उसके अभिभावकों को भी जिम्मेदार माना जाएगा और जुर्माना लगाया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ वर्षों में युवाओं में मोबाइल की लत, देर शाम तक बाहर घूमने की आदत




(2026) से पहले गांव ने ऐसा निर्णय लिया है, जिसे ग्रामीण ''भविष्य बचाओ अभियान'' का नाम दे रहे हैं। गांव की सामूहिक बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि शाम 6 बजे के बाद कोई भी स्कूली छात्र सड़क, चौक-चौराहे, दुकान, ठेला, खेल मैदान या चौपाल पर नजर नहीं आएगा। नियम तोड़ने की स्थिति में केवल और नशे की बढ़ती प्रवृत्ति ने पढ़ाई को प्रभावित किया है। शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बिरेतरा में आयोजित बैठक में शिक्षकों, स्कूल प्रबंधन समिति, महिला समूहों, युवाओं और बुजुर्गों ने मिलकर चर्चा की। निष्कर्ष निकला कि यदि सामूहिक अनुशासन लागू किया जाए, तो बोर्ड परीक्षा में उल्लेखनीय सुधार संभव है।

## अज्ञात वाहन ने छीन ली डीआरजी जवान की जिंदगी

**जगदलपुर,11 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के जगदलपुर से सटे आसना क्षेत्र में मंगलवार की रात दर्दनाक सड़क हादसे ने सुरक्षा बल के एक जांबाज को छीन लिया. नेशनल हाइवे 30 पर अज्ञात वाहन ने जगदलपुर की ओर जा रहे डीआरजी जवान भरत भारती की बाइक को जोरदार टक्कर से मारी. हादसा इतना भीषण था कि जवान की मौके पर ही मौत हो गई. जानकारी के मुताबिक, घटना कोतवाली थाना इलाके की है. लोगों की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पंहुची और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. पुलिस हादसे के कारणों और चालक की तलाश में जुट गई है. अज्ञात वाहन की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं.



**2022 में बस्तर फाइटर में हुथा था चयन**-बताया गया कि वर्ष 2022 में भरत भारती का चयन बस्तर फाइटर में हुआ था, जिसके बाद उनकी पोस्टिंग डीआरजी दस्ते में की गई थी. हादसे के बाद पुलिस महकमे और जवान के साथियों में शोक की लहर है. पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की पड़ताल तेज कर दी है.

### बस से उतरते समय प्रधान आरक्षक का फिसला पैर,मौत

दुर्ग. जिले के महिला थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक की मौत की खबर सामने आई है. यह घटना दुर्ग बस स्टैंड में हुई. 15 दिन की छुट्टी से वापस लौटे प्रधान आरक्षक बस से उतरते समय फिसल कर नीचे गिर गए. जिससे उन्हें चोंट आई. उन्हें इलाज के लिए तत्काल अस्पताल ले गया, लेकिन उनकी मौत हो गई.मिली जानकारी के अनुसार, दुर्ग जिले के महिला थाना भिलाई में पदस्थ प्रधान आरक्षक त्रिलोक सिंह (आरक्षक क्रमांक 33) मूलतः मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले के निवासी थे. वह 15 दिनों की छुट्टी लेकर अपने पैतृक गांव गए हुए थे. छुट्टी समाप्त होने के बाद वह अपनी बेटी के साथ बस से दुर्ग वापस लौटे. यहां दुर्ग लौटकर उन्हें ड्यूटी ज्वाइन करना था. दुर्ग बस स्टैंड में बस पहुंचने के बाद वह बस से उतर रहे थे. इस दौरान उनका पैर फिसल गया और अचानक वे असंतुलित होकर जमीन पर गिर पड़े. जमीन पर गिरने से उनकी आंख के नीचे गंभीर चोटें आई. साथ में मौजूद उनकी बेटी और अन्य लोगों ने उन्हें जिला अस्पताल दुर्ग पहुंचाया. जहां परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया गया. डॉक्टरों ने मौत की प्रारंभिक वजह बस से उतरने के दौरान गिरने से लगी चोट बताई है.

## जिस तरह से लांछन लगाया जा रहा मुकदमा तो होना चाहिए : संतोष पांडे

**रायपुर,11 फरवरी।** असम के मुख्यमंत्री के भूपेश बघेल समेत तीन लोगों के खिलाफ 500 करोड़ रुपए के मानहानि के दावे पर सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि हेमंत बिस्वा सरमा का गुड गवर्नेंस सब जानते हैं. उनकी कार्यपद्धति पर कोई संदेह नहीं है. असम में भाजपा फिर से आ रही है, लेकिन जिस तरह लांछन लगाने का काम चल रहा है, उस पर मुकदमा तो होना चाहिए.

पूर्व कांग्रेस नेता और वरिष्ठ सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता कपिल सिब्बल और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मुलाकात पर सांसद संतोष पांडे ने तंज कसते हुए कहा कि दोनों को सब जानते हैं. अयोध्या और राम मंदिर के विरोध में रहे हैं. बाबरी मस्जिद एक्शन कमेटी के पक्ष में खड़े रहे. सत्ता, शराबङ्क बहुत कुछ है. आप सभी जानते हैं, उनके विषय में कुछ कहना मुंह खराब करना है.

वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए सांसद ने कहा कि आदिवासी और वनवासी अब अच्छी तरह समझ चुके हैं. कांग्रेस ने केवल आदिवासियों



का शोषण किया है. कांग्रेस ने फायदा उठाया और जेल में डालने का काम किया. वहीं छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज के 'एक देश, एक संविधान, एक कानून' पर सांसद संतोष पांडे ने कहा कि सलीम राज जो बोल रहे हैं, ठीक बोल रहे हैं. वे सक्षम हैं.

**चैतन्य-खड़गे मुलाकात पर कसा तंज**-इसके साथ चैतन्य बघेल और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की मुलाकात को लेकर सांसद ने कहा कि जो कर्म है, उसकी सफाई भी तो देनी होती है. वास्तविकता साझा करने गए होंगे, क्योंकि प्रदेश की जनता उनकी वास्तविकता जानती है.

**भाजपा मना रही समर्पण दिवस**-बीजेपी आज समर्पण दिवस मना रही है. इस पर सांसद संतोष पांडे ने कहा कि भारतीय जनसंघ के संस्थापक पं. दीनदयाल उपाध्याय का निधन 11 फरवरी 1968 को मुगलसराय स्टेशन पर हुआ था, आज उनकी स्मृति में समर्पण दिवस मनाया जा रहा है. उन्होंने देश के लिए कई महत्वपूर्ण योगदान दिए हैं. राज्य सरकार की जितनी योजनाएं चल रही हैं. वह उनकी कल्पना को साकार करने का काम कर रही हैं.

# कबीरधाम जिले के 272 जोड़े एक साथ सात फेरे लेकर अटूट बंधन में बंधे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,11 फरवरी।** मंगलवार के शुभ मुहूर्त पर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत सामाजिक रिती-रिवाजों और अभुतपूर्व उत्साह के साथ कबीरधाम जिले के 272 जोड़े एक साथ सात फेरे लेकर अटूट बंधन में बंध गए। इस पावन अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े और नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया।

सरदार पटेल मैदान में आयोजित इस समारोह में उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा और पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा विशेष रूप से शामिल हुए। उन्होंने परिणय सूत्र में बंधकर नए जीवन की शुरुआत करने वाले सभी नवदंपतियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में पंडित द्वारा वर-वधुओं को सात वचनों का संकल्प दिलाया गया, जिसके साथ ही विवाह की रस्में संपन्न हुईं। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने मंच पर पहुंचकर सभी नवदंपतियों को आशीर्वाद प्रदान किया और शासन की ओर से प्रत्येक जोड़े को 35-35 हजार रुपये की सहायता राशि का चेक और सामग्री भेंट किया।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि आज का दिन छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक है, क्योंकि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के माध्यम से अनेक जोड़े एक साथ विवाह के पवित्र बंधन में बंधकर अपने नए जीवन की शुरुआत कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2005 में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की परेशानियों को समझते हुए मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की शुरुआत की थी। पहले बेटियों की शादी के लिए परिवारों को कर्ज तक लेना पड़ता था, लेकिन इस योजना ने उनकी बड़ी चिंता दूर की है। वर्तमान में इस योजना के तहत 50 हजार रुपए की सहायता राशि दी जाती है, जिसमें 35 हजार रुपए का चेक प्रदान किया जाता है। इस पहल से गरीब और जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक संबल मिला है और बेटियों का विवाह सम्मानपूर्वक संपन्न हो रहा है।

उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने नवदाम्पत वर एवं वधु को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से आज पूरे सम्मान के साथ कबीरधाम जिले के 272 बेटियों की विवाह पूरे रिती-रिवाज और सामाजिक परंपरा के साथ एक आदर्श विवाह के रूप में संपन्न कराया गया। आज हम सब इस सामुहिक विवाह के साक्षी बने और नवदाम्पत जोड़ों को एक साथ, एक स्थान और एक मंच पर उन्हें आशीर्वाद प्रदान करने का अवसर भी हम सबकों मिला। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से नवविवाहित जोड़ों को वर्तमान में 35 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जा रही है, जिससे उन्हें जीवन की नई शुरुआत में आर्थिक सहारा मिल सके। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कवर्धा में रायपुर के बाद सबसे अधिक नवजोड़ों का विवाह एक साथ संपन्न हो रहा है, जो इस जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि यहां विवाह का यह आयोजन सार्वजनिक रूप से पूरे परंपरा और रीति-रिवाज के साथ किया जाता है, जिसमें पूरे जिले के लोग मिलकर सहभागिता निभाते हैं और समाज एक परिवार की तरह साथ खड़ा रहता है। उन्होंने नवजोड़ों को संदेश देते हुए कहा कि सुखी जीवन का सबसे बड़ा सूत्र एक-दूसरे को समझना, सम्मान देना और हर परिस्थिति में साथ निभाना है। आचार्यों द्वारा विधि-विधान से विवाह संस्कार संपन्न कराया गया है, अब सभी नवदंपति अपने वचनों को निभाते हुए जीवनभर साथ चलें और अपने परिवार को आगे बढ़ाएं।

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि कवर्धा में आयोजित यह सामूहिक विवाह कार्यक्रम एक ऐतिहासिक क्षण है, जहां पूरे मंडप को दूल्हा-दुल्हनों से सजा हुआ देखकर अत्यंत खुशी और गर्व का अनुभव हो रहा है। उन्होंने कहा कि सभी नवदंपतियों के परिवारजन बड़ी संख्या में इस कार्यक्रम में शामिल हुए हैं और दूर-दूर से आए बारातियों का भव्य स्वागत किया गया है। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोग इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की पहल से छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में एक साथ सामूहिक विवाह का आयोजन हो रहा है, जिसमें हजारों जोड़े वैवाहिक जीवन में प्रवेश कर रहे हैं। पहले जब किसी घर में बेटी का जन्म होता था तो माता-पिता को उसकी शादी की चिंता सताती थी, लेकिन तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना ने इस चिंता को काफी हद तक दूर कर दिया है।

## एक नजर

### घर में महिला की जली लाश मिली

**भिलाई,11 फरवरी (तछसं.)।** भिलाई नगर थाना क्षेत्र के सेक्टर 8 के एक घर से अधेड़ महिला की जली हुई लाश बाथरूम में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि महिला ने स्वयं को आग के हवाले कर अपनी जीवन लीला समाप्त की है या फिर महिला की हत्या की गई है फिलहाल पुलिस की टीम एफएसएनएल टीम के साथ इस पूरे मामले की विवेचना कर रही है भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि रंजना देवांगन (50 साल ) निवासी सेक्टर-8 सड़क 11 निवासी बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने का काम करती है वहीं रंजना के दो बेटे भी हैं रंजना के घर से अचानक देर धुआं उठने लगा धुएं के साथ-साथ बदबू भी आ रही थी इस के बाद आस पड़ोस के लोगों ने फौरन इसकी सूचना पुलिस को दी मौके पर पुलिस की टीम पहुंची और घर का दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुई, लेकिन तब तक रंजना 100 प्रतिशत जल चुकी थी और जलने के कारण उसकी मौके पर ही मौत भी हो गई थी फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है वहीं आसपास के लोगों से पूछताछ भी की जा रही है आखिर यह हत्या है या आत्महत्या पुलिस हर पहलू की बारीकी से जांच पड़ताल कर रही है।

### 2 किलो गांजा सहित युवक गिरफ्तार



**भिलाई,11 फरवरी (तछसं.)।** भिलाई अवैध मादक पदार्थ गांजा बेचने वाले आरोपी को भिलाई थाने पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 02 किलो 200 ग्राम मादक पदार्थ गांजा बिक्री रकम 10800 रुपए एवं परिवहन में प्रयुक्त एक्टिवा जब्त किया है भिलाई नगर टीआई जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि सूचना मिली कि श्री राम चौक हुडको में एक व्यक्ति काले रंग के बैग में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर बिक्री कर ने की फिराक में स्कूटी से घूम रहा है सूचना पर थाना भिलाई नगर एवं एसीसीयू की संयुक्त टीम द्वारा घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा पूछताछ करने पर अपना नाम सौरभ दीक्षित (21साल ) निवासी पेपर चिल्ली बार पास कोहका बताया। आरोपी के कब्जे से 2 किलो 200 ग्राम मादक पदार्थ गांजा बिक्री से प्राप्त रकम 10800 रुपये एवं परिवहन में प्रयुक्त एक्टिवा जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

### देह व्यापार: लॉज संचालक,युवती गिरफ्तार



**भिलाई,11 फरवरी (तछसं.)।** भिलाई छावनी थाना क्षेत्र के एक लॉज में अनैतिक देह व्यापार संचालित किए जाने के मामले में छावनी पुलिस ने छापामार कर लॉज संचालक व युवती को गिरफ्तार गिरफ्तार किया है पुलिस ने इन के पास से अपराध में प्रयुक्त मोबाइल एवं नकद राशि जब्त की है आरोपियों के खिलाफ अनैतिक देह व्यापार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की है छावनी पुलिस ने बताया कि थाना छावनी को सूचना मिली कि छावनी क्षेत्र स्थित एक लॉज/होटल में अनैतिक देह व्यापार संचालित किया जा रहा है सूचना पर प्वाइंटर ग्राहक नियुक्त कर कार्रवाई की गई कार्रवाई के दौरान लॉज के मालिक एवं रिसेप्शनिस्ट ने दलाल के माध्यम से युवतियां उपलब्ध कराकरअनैतिक देह व्यापार कराए जाने का खुलासा हुआ प्रकरण में संलिप्त पाए जाने पर आरोपियों घनेश रॉय (56 साल ) निवासी छावनी व सीता चौधरी (25 साल ) निवासी छावनी को गिरफ्तार किया गया है प्रकरण में धारा 3, 4, 7 अनैतिक देह व्यापार (निवारण) अधिनियम, 1956 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### 31 पौवा शराब सहित युवक गिरफ्तार

**भिलाई,11 फरवरी (तछसं.)।** भिलाई



अंजोरा चौकी क्षेत्र के अवैध शराब बेच रहे पुलिस ने आरोपी गिरफ्तार किया है आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है अंजोरा चौकी प्रभारी चंद्रशेखर सोनी ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस टीम ने दबिश देते हुए अवैध रूप से परिवहन व संग्रहित की गई अंग्रेजी गोवा शराब बरामद की है आरोपी मुकेश्वर ठाकुर निवासी इंदिरा आवास शीतला पारा चौकी अंजोरा के पास से 31 पौवा अंग्रेजी गोवा शराब को जब्त किया गया है ।

# ग्राम पतोरा की बेटी काजल साहू को एमएससी कंप्यूटर साइंस में मिला गोल्ड



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 11 फरवरी।** भिलाई महाविद्यालय की मेधावी छात्रा काजल साहू (तनु) ने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय से एम.एस.सी. (कंप्यूटर साइंस) में स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) प्राप्त कर अपने परिवार, समाज एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

उल्लेखनीय है कि काजल साहू इससे पूर्व हृश्वञ्च (नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट) जैसी प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा भी सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर चुकी हैं। हृश्वञ्च क्लियर करने के पश्चात गोल्ड मेडल प्राप्त करना उनकी प्रतिभा, कड़ी मेहनत एवं अनुशासन का प्रमाण है।

काजल साहू, हमारे ग्राम के श्रीमति भारती साहू शशिभूषण साहू अंकेक्षक, परिक्षेत्रीय साहू संघ अरसनारा एवं पूर्व अध्यक्ष, स्थानीय साहू समाज पतोरा की सुपुत्री हैं। श्री हितेश साहू एवं गोपेश साहू की भतीजी हैं। हमारे गांव की बिटिया काजल साहू की उपलब्धि पर बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाए देते हुए उनके उज्जवल भविष्य हेतु मंगल कामना करते हैं।

### सेमरा में कलश यात्रा के साथ गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ

**अंवरी, 11 फरवरी।** ग्राम सेमरा ( भखारा) में 10 फरवरी से प्रारंभ हुए 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, पावन प्रज्ञा पुराण कथा एवं संस्कार महोत्सव का शुभारंभ आज भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। ग्राम की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर सुसज्जित कलश धारण कर श्रद्धा एवं भक्ति भाव से पूरे गांव में शोभायात्रा निकाली। यात्रा के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा तथा ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखा गया। कलश यात्रा के उपरांत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ देवी-देवताओं की स्थापना कर यज्ञ का विधिवत प्रारंभ किया गया। यह चार दिवसीय धार्मिक आयोजन 13 फरवरी 2026 तक चलेगा। प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ तथा संध्या समय पावन प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया जाएगा।कार्यक्रम में कथावाचन का दायित्व युग प्रवक्ता एवं कथावाचक श्री परमानंद जी (नवचेतना केंद्र, फिंगेश्वर) निभा रहे हैं। अंतिम दिवस पर नामकरण, मुण्डन, जनेऊ, विद्यारंभ सहित विभिन्न वैदिक संस्कार सामूहिक रूप से संपन्न कराए जाएंगे।

# बाइक चोरी करने वाले गिरफ्तार



**भिलाई, 11 फरवरी** भिलाई रेकी कर मोटर साइकिल चोरी करने वाले गिरोह को सुपेला थाने पुलिस ने पकड़ा है अलग-अलग थाना क्षेत्रों के कुल 4 प्रकरणों का खुलासा कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है आरोपी चोरी के वाहनों के पार्ट्स निकालकर बेचते थे सुपेला टीआई विजय यादव ने बताया कि पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि तीन व्यक्ति सुपेला चौक के पास मोटर साइकिल बेचने हेतु ग्राहक की तलाश कर रहे हैं सूचना पर तत्काल पुलिस टीम घेराबंदी कर संदिग्धों को पकड़ा पूछताछ करने पर आरोपियों ने बेरोजगारी के कारण सूने स्थानों पर वाहनों की रेकी कर लॉक तोड़कर मोटर साइकिल चोरी करना तथा उनके पार्ट्स अलग-अलग ग्राहकों को बेचने की तैयारी करना स्वीकार किया आरोपियों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम देने के लिए अपनी बजाज पल्सर का उपयोग किया जाता था से घटना स्थल से कुछ दूरी पर खड़ा किया जाता था पूछताछ में आरोपियों ने मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार किया पुलिस ने आरोपी अब्दुल वाजिद अली (21 साल) निवासी संग्राम चौक, थाना छावनी मोहम्मद मुबारक (22 साल ) निवासी अर्जुन नगर कैंप-01 व अमित प्रजापति, (35 साल ) निवासी रावण भांठा, सुपेला को गिरफ्तार कर लिया है।

# भारत के पहले सिंदूर गार्डन को मिला नया जीवन



**भिलाई, 11 फरवरी।** सेक्टर-5 में स्थित भारत के पहले सिंदूर गार्डन में ऑपरेशन सिंदूर की स्मृति में सांसद विजय बघेल सहित अनेक जनप्रतिनिधियों द्वारा सिंदूर के पौधे रोपे गए थे। दुर्भाग्यवश, समय पर देखरेख और सिंचाई के अभाव में ये पौधे सूखने लगे थे। इस स्थिति को देखते हुए भिलाई के पर्यावरण प्रेमी बालू राम वर्मा एवं उनकी टीम ने इस ऐतिहासिक गार्डन को फिर से जीवंत करने का संकल्प लिया। कुछ ही दिनों की सतत मेहनत, नियमित पानी और संरक्षण के कारण आज इन पौधों में फिर से नई हरियाली लौट आई है। पौधों की सुरक्षा के लिए चारों ओर जाली भी लगाई गई है और यह सेवा कार्य तब तक जारी रहेगा जब तक ये पौधे पूर्ण रूप से वृक्ष नहीं बन जाते। आज के समय में कई लोग केवल फोटो और प्रचार के लिए वृक्षारोपण करते हैं, लेकिन बाद में उनकी देखभाल नहीं होती। इसके विपरीत, बालू राम वर्मा ने पर्यावरण संरक्षण को अपना जीवन उद्देश्य बना लिया है। भिलाई शहर के किसी भी कोने में वे अपने खर्च से पौधों की सेवा करते हुए देखे जा सकते हैं। रशियन क्वार्टर क्षेत्र में उनकी अपनी नर्सरी है, जहाँ से वे निःशुल्क पौधों का वितरण भी करते हैं। सेक्टर-5 का सिंदूर गार्डन आज उनकी निष्ठा, समर्पण और सच्चे पर्यावरण प्रेम का जीवंत उदाहरण बन चुका है।



### अंवरी स्कूल में 12 वीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

**अंवरी, 11 फरवरी।** शा. उ. मा. विद्यालय अंवरी में विदाई कार्य क्रम का आयोजन सोमवार को रखा गया था। जिसमें शाला परिवार एवं कक्षा 11 वी के बच्चों द्वारा कक्षा 12 वी बच्चों को विदाई दिया गया। जिसमें विभिन्न कार्य क्रम आयोजित किया गया था जिसमें संस्कृति कार्य क्रम एवं खेल कुद का आयोजन किया गया था। जिसमें बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रमाण पत्र एवं पुरुस्कार वितरण किया गया। कार्य क्रम में मुख्य रुप से प्रचार्या नरेंद्र मेश्राम, पी एन साहू, आई आर साहू, लेखराम साहू, कुलजंन ठाकुर, चिंता राम मरकाम, बाला राम ध्रुव, सुरेन्द्र निर्मलकर, रंजीत जागड़े, बिसाहू साहू, एवं बड़ी संख्या में स्कूल के बच्चे एवं शिक्षक शिक्षिका एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## सेल ने किया हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**भिलाई, 11 फरवरी।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के अनुसंधान एवं विकास केंद्र, आयरन एंड स्टील द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र में दिनांक 10 फरवरी को सेल खदानों एवं संयंत्रों में आगत कच्चे माल की सैंपलिंग एवं सैंपल प्रिपरेशन विषय पर एक दिवसीय हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सेल की विभिन्न खदानों एवं संयंत्रों में सैंपलिंग प्रक्रियाओं के मानकीकरण एवं तकनीकी समझ को सुदृढ़ करना, जिससे गुणवत्ता नियंत्रण एवं परिचालन उत्कृष्टता को और अधिक मजबूती मिल सके। शुभारंभ भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक राहुल श्रीवास्तव के स्वागत उद्बोधन से हुआ। इसके उपरांत कार्यपालक निदेशक ए. के. चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार, कार्यपालक निदेशक कमल भास्कर, कार्यपालक निदेशक अरुण कुमार ने अपने विचार व्यक्त किए, जिसमें उन्होंने इस्पात निर्माण प्रक्रिया में साइंटिफिक सैंपलिंग एवं गुणवत्ता आश्वासन के रणनीतिक महत्व को रेखांकित किया गया। तकनीकी सत्रों के अंतर्गत आईएस मानकों के अनुरूप सैंपल संग्रहण, स्कूप सैंपलिंग सिस्टम तथा लौह अयस्क खदानों में प्रचलित सैंपलिंग पद्धतियों पर विस्तृत प्रस्तुतियां दी गईं। ये प्रस्तुतियां बोलानी अयस्क खदान, भिलाई इस्पात संयंत्र की खदानों तथा आरडीसीआईएस के अधिकारियों द्वारा दी गईं। इस दौरान प्रतिभागियों को संयंत्र भ्रमण का अवसर भी मिला, जिससे उन्हें व्यावहारिक सैंपलिंग एवं सैंपल प्रिपरेशन प्रणालियों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ।

# भाजपा जामुल मंडल ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जामुल,11 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी जामुल मंडल द्वारा मंडल अध्यक्ष प्रशांत गुप्ता के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं रायपुर संभाग किसान मोर्चा प्रभारी रेखराम बंछोर उपस्थित रहे। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के विचारों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं से उनके सिद्धांतों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में भाजपा जामुल मंडल के महामंत्री ओमप्रकाश साहू, उपाध्यक्ष अरुण यादव, युवा मोर्चा अध्यक्ष सोनू यादव, वरिष्ठ कार्यकर्ता जगदीश देवांगन, धनेश्वर गौतम एवं तीरथ यादव सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के एकात्म मानववाद के सिद्धांतों को आत्मसात करने और समाज सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## वैशाली नगर में आयुक्त ने पानी टंकी व पाइप लाइन कार्यों का लिया जायजा



**भिलाई, 11 फरवरी।** आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-2 वैशाली नगर अंतर्गत राइजिंग पाइप लाइन संधारण, नवीन सीमेंटीकरण रोड तथा निर्माणाधीन पानी टंकी का सघन निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी कार्य शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। वैशाली नगर के शास्त्री नगर क्षेत्र में राइजिंग पाइप लाइन में हुए लीकेज के संधारण कार्य का भी आयुक्त ने अवलोकन किया। नागरिकों को जल्द से जल्द नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु संधारण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बी.एम. शाह अस्पताल के समीप नागरिकों की सुविधा के लिए निर्मित नवीन सीमेंटीकरण रोड का निरीक्षण करते हुए आयुक्त ने अव्यवस्थित रूप से बने ब्रेकर को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। इसके अलावा, सड़क पर अवैध रूप से रेलिंग लगाकर घेरा करने वाले स्थानीय नागरिक पर 2 हजार रुपये की चालानी कार्रवाई करते हुए बाधा तुरंत हटाने के आदेश दिए गए। इसके पश्चात आयुक्त ने रामनगर आजाद चौक दशहरा मैदान में निर्माणाधीन पानी टंकी का जायजा लिया और निर्माण एजेंसी को कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस टंकी के निर्माण से क्षेत्र के हजारों परिवारों को पर्याप्त पेयजल सुविधा उपलब्ध होगी। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता अर्पित बंजारे, उप अभियंता चंदन निर्मल, जोन स्वास्थ्य अधिकारी शंकर साहनी, स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जिले में प्रतिबंधित गुटखा, तंबाकू उत्पादों की बिक्री, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध चलाया जा रहा सघन अभियान

**दुर्ग, 11 फरवरी ।** कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी के मार्गदर्शन में खाद्य एवं औषधि विभाग दुर्ग द्वारा जिले में प्रतिबंधित गुटखा एवं तंबाकू उत्पादों की बिक्री एवं भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में विभागीय टीम द्वारा पाटन नगर पंचायत में स्थित विभिन्न विद्यालयों के आसपास पान ठेलों में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 विनियम 2011 के तहत निरीक्षण किया गया एवं निरीक्षण किये गये फर्मों में किसी प्रकार की जर्दायुक्त गुटखा नही पाये गये। खाद्य एवं औषधि विभाग दुर्ग द्वारा जिले में प्रतिबंधित गुटखा एवं तंबाकू उत्पादों की बिक्री, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में विभागीय टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण किया गया।अभिहीत अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने बताया कि गुटखा एवं तंबाकू उत्पादों के सेवन से कैंसर, हृदय रोग, श्वसन संबंधी बीमारियाँ एवं अन्य गंभीर रोग होने की आशंका अत्यधिक बढ़ जाती है।

# समर्पण दिवस पर पं.दीनदयाल चौक सौंदर्यीकरण का भूमिपूजन किया

**नगरी, 11 फरवरी।** नगर पंचायत नगरी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि के अवसर पर समर्पण दिवस मनाया गया तथा माल्यार्पण कार्यक्रम एवं चौक सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन समारोह आयोजित किया गया। लगभग 8 लाख रुपये की अनुमानित लागत से पंडित दीनदयाल चौक का सौंदर्यीकरण एवं प्रतिमा परिसर का विकास कार्य किया जाएगा।

कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओं द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। इस अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय अमर रहें और भारत माता की जय के नारों से पूरा वार्ड गूंज उठा। तत्पश्चात उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों के करकमलों से विधिवत भूमिपूजन संपन्न कराया



गया।कार्यक्रम में पूर्व विधायक एवं राष्ट्रीय किसान मोर्चा मंत्री श्रीमती पिंकी शिवराज शाह जी, पूर्व विधायक श्री श्रवण मरकाम जी, नगर पंचायत नगरी के अध्यक्ष श्री बलजीत छाबड़ा जी, मंडल महामंत्री रूपेंद्र साहू जी जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू जिला पंचायत सभापति अजय ध्रुव जनपद सभापति प्रेमलता नागवंशी जी सरपंच नरसिंह मरकाम जीजी पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष श्री नागेंद्र शुक्ला जी, जिला मीडिया प्रभारी राम गोपाल साहू जीपूर्व सरपंच श्री महेंद्र नेताम जी लोक निर्माण विभाग सभापति अश्वनी निषाद जी राजस्व सभापति विनीता कोठारी जी चेलेश्वरी साहू जी अंबिका ध्रुव जी डागेश्वरी साहू जी राजा पवार जी देवचरण ध्रुव जी तथा पूर्व जनपद अध्यक्ष श्रीमती दिनेश्वरी नेताम जी युवा मोर्चा महामंत्री यश साहू जी योगेश साहू जी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय किसान मोर्चा मंत्री श्रीमती पिंकी शिवराज शाह जी ने अपने उद्बोधन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन, संघर्ष एवं राष्ट्र के प्रति उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला।पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का जन्म 25 सितंबर 1916 को उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के नगला चंद्रभान गांव में हुआ था। बचपन में ही माता-पिता का साया उठ जाने के कारण उन्होंने अत्यंत कठिन परिस्थितियों में अपना जीवन व्यतीत किया। अनेक संघर्षों के बावजूद उन्होंने शिक्षा प्राप्त की और राष्ट्रसेवा को अपने जीवन का ध्येय बनाया। वे भारतीय जनसंघ के प्रमुख स्तंभों में से एक थे तथा एकात्म मानववाद÷ के प्रणेता थे। उन्होंने भारतीय संस्कृति एवं विचारधारा पर आधारित राजनीतिक दर्शन प्रस्तुत किया, जो समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुँचाने की भावना पर आधारित था।

## एक नजर

### अवैध परिवहन एवं खनन करने पर 7 वाहनों को जब्त किया

**राजनांदगांव 11 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण के प्रभावी नियंत्रण के लिए खनिज विभाग द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। खनि अधिकारी सुश्री ज्योति मिश्रा ने बताया कि खनिज विभाग की टीम ने जांच के दौरान अवैध खनिज परिवहन करने पर 7 प्रकरणों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई। खनिज विभाग द्वारा ग्राम सुरगी में मरूम के अवैध खनन एवं परिवहन करते हुए जेसीबी सीजी 08 ए एम 2117 और हाईवा सीजी 08 बीएफ1708 जप्त किया गया। इसी तरह ग्राम भंवरमरा आक्सीजोन में अवैध रेत परिवहन करते हुए ट्रेक्टर सोल्ड स्वराज और ट्रैक्टर इंजन लोडर क्रमांक सीजी 24 पी 7496 जप्त किया गया। ग्राम परागांवकला में अवैध रेत परिवहन करते हुए ट्रैक्टर सोल्ड मैसी और ट्रैक्टर सोल्ड स्वराज राफ्टर सहित जप्त किया गया। जप्त वाहनों को संबंधित क्षेत्र के थानों में कार्रवाई के लिए सुपुर्द कर दिया गया है।

### अनधिकृत रूप से लंबे समय तक गैरहाजिर रहने वाले आरक्षक को किया बर्खास्त

**बलौदाबाजार 11 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आज दिनांक 10.02.2026 को पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के अनाधिकृत रूप से गैर हाजिर रहकर, अपने कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता प्रदर्शित करने वाले आरक्षक क्रमांक 215 राहुल शर्मा को सेवा से पृथक कर दिया गया है। आरक्षक राहुल शर्मा का दिनांक 05.04.2025 से लगातार बिना किसी पुर्व सूचना के अनाधिकृत रूप से गैर हाजिर रहना पाया गया। उक्त के संबंध में आरक्षक के विरुद्ध विभागीय जांच आदेशित किया गया, जिसमें अपचारी आरक्षक को विभागीय जांच की कार्यवाही में नियत तिथि को उपस्थित होने बार-बार नोटिस जारी करने तथा पर्याप्त अवसर प्रदान किए जाने के उपरांत भी आरक्षक जांच पर उपस्थित नहीं हुआ। आरक्षक राहुल शर्मा दिनांक 05.04.2025 से आज दिनांक तक कुल 311 दिवस तक अपने कर्तव्य से निरंतर अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहा है। साथ ही अपचारी आरक्षक के सेवा पुस्तिका के अवलोकन पर उसके द्वारा अपने सेवाकाल के दौरान कुल 14 बार कर्तव्य से गैरहाजिर रहना भी पाया गया।तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा अपचारी आरक्षक क्रमांक 215 राहुल शर्मा के विरुद्ध लगाए गए आरोप की प्रमाणिकता के परिपेक्ष्य में समग्र अध्ययनोपरांत मध्य प्रदेश/छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1996 के नियम 10(8) एवं मध्य प्रदेश/छत्तीसगढ़ पुलिस मैनुअल एवं रेगुलेशन की कंडिका 221(अ) में दी गई शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, आदेश जारी होने की तिथि से रक्षित केंद्र बलौदाबाजार में पदस्थ अपचारी आरक्षक क्रमांक 215 राहुल शर्मा को सेवा से पृथक करने का आदेश पारित किया गया है।

### ट्रेन की चपेट में आ जाने हाथ कटा

**भाटापारा 11 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बुधवार सुबह 9:30 बजे ट्रेन मे चढते समय एक व्यक्ति का संतुलन बिगडने से ट्रेन के नीचे गिर जाने ट्रेन के पहिये के चपेट मे आ जाने उसका हाथ कट गया।इस संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार बीकानेर से बिलासपुर जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन से दाल मिल व्यावसायी अजीत गोदवानी का बांया हाथ भुजा से कट गया घटना के बाद तत्काल जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल व्यक्ति को सिविल अस्पताल ले जाया गया जहां उसका प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रिफर किया गया है घटना के संबंध मे जीआरपी के ध्रुव ने बताया कि अजीत गोदवानी बीकानेर एक्सप्रेस जो कि स्टार्ट हो चुकी थी इसी बीच वह ट्रेन मे चढने का प्रयास कर रहा था कि इसी बीच उसका हाथ हैडिल से छूट गया और वह सीधे ट्रेन से नीचे जा गिरा और उसका हाथ ट्रेन के पहिये की चपेट मे आ गया घटना के बाद ट्रेन को चैन पुलिंग कर रोका गया और घायल अजीत को उठाकर प्लेटफार्म मे लाया गया ध्रुव ने बताया वह बिलासपुर जा रहा था घटना मे घायल अजीत बातचीत कर रहा था घटना की सूचना उसके परिजनों को दे दी गई है।

# प्रदेश स्तरीय संत शिरोमणि रविदास जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 11 फरवरी।** ऐसा चाहूं राज मैं जहां मिले सबन को अन्न। छोट बड़ सब सम बसैं रविदास रहे प्रसन्न के रचयिता बेगमपुरा शहर की कामना रखने वाले, विश्व गुरु,महा कारुणिक,सब सबके मुक्ति दाता, रविदास समाज के पुर्वज,जाति व्यवस्था के घोर विरोधी संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की 649 वीं जयंती का आयोजन राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ के प्रज्ञागिरी तीर्थ स्थल पर संपन्न हुआ।

सर्व प्रथम प्रातः 8 बजे धर्म नगरी डोंगरगढ़ प्रज्ञा गिरी के पावन धरा पर सर्व रविदास समाज छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों,संतो एवं सम्माननीय अतिथियों एवं स्थानीय सदस्यों द्वार संत शिरोमणि रविदास जी की भव्य शोभायात्रा संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर से प्रारंभ होकर गोल बाजार होते हुए गुरुद्वारा रेलवे चौक जय स्तंभ होते हुए प्रज्ञा गिरी तक शोभायात्रा निकाली गई इस शोभायात्रा में पधारे हुए हमारे आदरणीय आचार्य महंत भारत भूषण दास जी बनारस प्रदेश महंत के आर पैगवार शसुरजीत कुमार राष्ट्रीय अध्यक्ष नामदेव कदम जी राष्ट्रीय महामंत्री एवं डॉक्टर अरविंद माने प्रदेश अध्यक्ष महाराष्ट्र शिरोमणि गुरु रविदास विश्व महापीठ सामिल हुए तथा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा गुरूद्वारा में शोभायात्रा का स्वागत किया गया एवं जलपान कराया गया तत्पश्चात शोभायात्रा कार्यक्रम स्थल प्रदेश स्तरीय




जयंती समारोह में सामिल हूआ।

संत शिरोमणि रविदास जी की प्रदेश स्तरीय जयंती समारोह का मुख्य कार्यक्रम स्थल प्रज्ञागिरी में प्रातः से ही दुखुदास हठिले एवं साथियों द्वारा गुरु रविदास जी की अमृत वाणी की संगीतमय प्रस्तुति दी गई तथा उपस्थित सभी अतिथियों एवं आयोजन कर्ताओं द्वारा संत शिरोमणि रविदास जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित कर रविदास जी की वन्दना के साथ मंचिय कार्यक्रम का आरंभ हुआ जिसमें सर्व रविदास समाज के पदाधिकारियों, मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि सम्पूर्ण विश्व संत शिरोमणि रविदास जी के सिद्धांतों को मानता है उनका सम्मान करता है और संत महापुरुषों के अमृत वचन किसी एक जाति के लिए नहीं बल्कि सम्पूर्ण मानवता के मुक्ति का मार्ग बतलाते हैं।

संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती समारोह में कुमार कारुणिक जिला साहित्य कार मुंगेली द्वारा लिखित संत शिरोमणि रविदास चालीसा का विमोचन मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मन चंगा तो कठौती में गंगा का नारा गुंजता रहा तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा द्वारा रविदास जी का भजन प्रभुजी तुम चंदन हम पानी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में भारतभूषण दास जी,प्रकाश महोबिया, सुरजीत कुमार, श नामदेव कदम राष्ट्रीय महामंत्री ध्रुव कुमार मिर्धा, गौतम टेटवाल, तरुण हथेल, बी सी जाटव,बुद्धेश्वर सोनवानी, डा वेणुधर रौतिया, कुमार कारुणिक, गुरविंदर सिंह, संजय कुर्रे जिला अध्यक्ष कोरिया, श्रीमती विमला सोनवानी प्रदेश उपाध्यक्ष, श्री एम के जगने जी ने संत शिरोमणि रविदास जी के संदेशो को रेखांकित करते हुए उन्हें अपनाने की बात कही। प्रदेश अध्यक्ष विजय मेहरा, नरेन्द्र लाल चंचल प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं नन्दुराम राडेकर द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम में पधारे समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन अशोक लाल कुर्रे कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष एवं बी बी राम प्रांतीय प्रवक्ता द्वारा किया गया।

### कोयतुर गोंड़वाना सांस्कृतिक युवा महोत्सव सह सामाजिक,शैक्षणिक, संवैधानिक कार्यशाला एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन संपन्न

# मांदर की थाप पर जमकर थिरके छग एवं महाराष्ट्र के हजारों कोयतुरजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 11 फरवरी।** छत्तीसगढ़ एवं महाराष्ट्र के कोयतुर गोंड़ समाज के हजारों लोगों की गरीमामयी उपस्थिति में गत 7 एवं 8 फरवरी को डोंगरगढ़ विकास खंड के कोयतुर गोंड़ समाज बाहुल्य ग्राम बैगाटोला(बोरतलाव)में आदिवासी कोयतुर गोंड़ समाज ब्लाक इकाई छुरिया-डोंगरगढ़ के ब्लाक प्रमुख दिनेश कोरेटी दिलेर के कुशल संयोजन एवं सफल नेतृत्व में तथा आदिवासी कोयतुर गोंड़ समाज ब्लाक इकाई छुरिया-डोंगरगढ़ के तत्वावधान में कोयतुर गोंड़वाना सांस्कृतिक युवा महोत्सव सह सामाजिक,शैक्षणिक, संवैधानिक कार्यशाला एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।मांदर के थाम में जमकर थिरके छत्तीसगढ़ एवं महाराष्ट्र के हजारों कोयतुर जन। कोयतुर गोटुल,प्रभावी कार्यशाला, कोयतुर पोशाक एवं मनमोहक मांदर नृत्य की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा इस अवसर पर विधायक दलेश्वर साहू ने रामजीटोला में कोयतुर गोंड़वाना भवन निर्माण के लिए 10 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान करने की घोषणा की।

कार्यक्रम के मुख्यअतिथि डोंगरगांव के विधायक दलेश्वर साहू रहे,अध्यक्षता समाज प्रमुख दिनेश कोरेटी दिलेर ने किया। विशेष विशेषज्ञ अश्वनी कांगे केशकाल,जगत मरकाम बस्तर,दिनेश घावड़े बस्तर, तुकाराम कोर्राम बालोद ,ललित नरेटी दुर्गूकोंदल,नरेन्द्र नेताम अंबागढ़ चौंकी,गोविंद शाह टेकाम गढ़चिरौली,चन्द्रेश ठाकुर बालोद,हिरेसिंह घावड़े मुंबई एवं जगत राम सलामें राजनांदगाँव,बारसू कुमेटी मोहला रहे।विशेष



अतिथि वक्ता जिलापंचायत सभापति प्रशान्त कोड़ापे एवं अनिता मंडावी राजनांदगाँव, पूर्व जनपद अध्यक्ष भावेश सिंह डोंगरगढ़,सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष जसवंत घावड़े, मोहन सिंह हिड़को अध्यक्ष संभाग स्तरीय गोंड़ समाज महासभा मोहला,तुलसी मरकाम कोषाध्यक्ष,कर्मचारी प्रभाग के महासभा उपाध्यक्ष ओमप्रकाश कोड़ापे,सचिव धरमू किरंगे, संगठन मंत्री देवप्रसाद कड़ियाम, महिला प्रभाग के महासभा अध्यक्ष बिमला कोरेटी, ब्लाक संरक्षक बाबूराव हिड़को ईस्तारी, दिलीप कोरेटी छुरिया-डोंगरगढ़, गोंड़ समाज ब्लाक अध्यक्ष गण अनिल दुग्गा ईस्तारी,छबिलाल वट्टी अंबागढ़ चौंकी,राधेलाल कुंजाम खुज्जी, अजित कचलाम डौण्डीलोहारा रहे।

सभा को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि एवं डोंगरगांव के विधायक दलेश्वर साहू ने कहा कि मैंने कई सामाजिक सम्मेलन में उपस्थिति प्रदान की।लेकिन इस तरह के सामाजिक, शैक्षणिक, संवैधानिक कार्यशाला एवं युवक- युवती परिचय सम्मेलन पहले बार देखा जो सुव्यवस्थित समय सारिणी के अनुसार संचालित हो रही है तथा पारम्परिक नृत्य कला का बहुत अच्छा समायोजन किया गया है।इस कार्यक्रम के माध्यम से कोयतुर गोंड़ समाज द्वारा अपने अति प्राचीन एवं गौरवशाली मूल गोंड़ी भाषा,रीति-रिवाज एवं संस्कृति के साथ-साथ जल,जंगल,जमीन एवं अति प्राचीन एवं गौरवशाली मूल संस्कृति को बचाने के लिए कार्यशाला लगाया गया है। कोयतुर गोंड़ समाज प्रमुख दिनेश कोरेटी दिलेर के कुशल संयोजन एवं मार्गदर्शन में की जा रही दो दिवसीय कार्यशाला अनुकरणीय,प्रेरणादायी एवं प्रशंसनीय है।इस तरह का आयोजन उच्च शिक्षित एवं सामाजिक कल्याणकारी सोच रखने वाला समाज समाज प्रमुख के नेतृत्व में संभव हो पाता है।इस कार्यक्रम एवं कार्यक्रम के संयोजक दिनेश कोरेटी दिलेर की जितनी तारीफकरूँ कम है। समाज का नेतृत्व हमेशा कुशल एवं रचनात्मक सोच रखने वाले व्यक्ति को सौंपा जाना चाहिए तभी समाज का विकास संभव हो पाता है।कोयतुर गोंड़ समाज प्रकृति पूजक है जो हमेशा जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए संघर्ष करता है। प्रकृति एवं संस्कृति एक दूसरे का पूरक है इसलिए प्रकृति एवं संस्कृति को बचाये रखना होगा। विधायक दलेश्वर साहू ने कोयतुर गोंड़ समाज एवं समाज प्रमुख दिनेश कोरेटी दिलेर के मांग पर ग्रामपंचायत बोरतलाव के आश्रित ग्राम रामजीटोला में सर्व सुविधायुक्त कोयतुर गोंड़वाना भवन निर्माण हेतु दस लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान करने की घोषणा की। अध्यक्ष की आसंदी से समाज के ब्लाक प्रमुख दिनेश कोरेटी दिलेर ने कोयतुर गोंड़वाना सांस्कृतिक युवा महोत्सव सह सामाजिक,शैक्षणिक, संवैधानिक कार्यशाला एवं युवक युवती सम्मेलन करने के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कोयतुर गोंड़ समाज के सर्वांगीण विकास एवं कोयतुर गोंड़ समाज के युवक-युवतियों में सांस्कृतिक ,सामाजिक,शैक्षणिक एवं व्यावसायिक सोच पैदा करने एवं जनजागरण के लिए इस का सामाजिक आयोजन अति आवश्यक है। विषय विशेषज्ञ अश्वनी कांगे ने संवैधानिक,पेशा कानून एवं वन अधिकार कानून,जगत मरकाम ने कोया पुनेम,दिनेश घावड़े ने नार व्यावस्था, तुकाराम कोर्राम ने कोयतुर सम-विषम व्यावस्था, नरेन्द्र नेताम ने टोण्डा,मण्डा एवं कुण्डा, ललित नरेटी ने उच्च शिक्षा, नशामुक्ति एवं व्यावसायिक सोच, गोविंद शाह टेकाम ने गोंड़ महापुरुषों के बलिदान,चन्द्रेश ठाकुर ने सामाजिक विकास में अधिकारी कर्मचारियों की भूमिका,हिरेसिंह घावड़े ने सामाजिक एवं सांस्कृतिक एकता,जगत सलामें ने राजनीतिक सोच,बारसू कुमेटी ने पेन व्यावस्था विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया।

## ब्लाक डोंगरगढ़ में एमडीए अभियान की शुरुआत नपाध्यक्ष ने की




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 11 फरवरी।** फाइलेरिया उन्मूलन हेतु एमडीए (मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) अभियान का शुभारंभ दिनांक 10-02-2026 को विकासखंड डोंगरगढ़ में किया गया। अभियान का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष श्री रमन डोंगरे द्वारा किया गया।यह कार्यक्रम बीएमओ के निर्देशन में आयोजित किया गया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर, बी पी एम , बी ई टीओ , मलेरिया पर्यवेक्षक, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। उद्घाटन अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री रमन डोंगरे ने स्वयं दवा सेवन कर आमजन से एमडीए अभियान में सक्रिय सहभागिता की अपील की।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों द्वारा फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से बचाव हेतु एमडीए अभियान के महत्व की जानकारी दी गई तथा सभी पात्र नागरिकों से निर्धारित दवा का सेवन करने का आग्रह किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा यह भी बताया गया कि एमडीए के अंतर्गत दी जाने वाली दवा पूर्णतः सुरक्षित एवं प्रभावी है। इस आयोजन से विकासखंड डोंगरगढ़ में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को सशक्त जनसमर्थन मिला है।

## छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की बलौदाबाजार इकाई का गठन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 11 फरवरी।** जिले के व्यापारिक जगत के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के तहत बलौदा बाजार इकाई के अध्यक्ष लक्ष्मी साहू को अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, रायपुर द्वारा बलौदाबाजार इकाई के गठन को औपचारिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। चेंबर के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी द्वारा जारी आदेश के अनुसार बलौदाबाजार इकाई की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई है, जिसका कार्यकाल वर्ष 2025 से 2028 तक निर्धारित किया गया है।

चेंबर द्वारा गठित नई इकाई में अध्यक्ष लक्ष्मी साहू, संरक्षक मंडल में जुगल भट्टर, विपिन बिहारी वर्मा, हेमचंद केशरवानी, महेंद्र कुमार वर्मा, अशोक पंजवानी, नितेश जैन, नरोत्तम सोनी, लेखपाल जायसवाल, रामगोपाल केशरवानी, संजय पटेल को शामिल किया गया है। मुख्य सलाहकार के रूप में अभिषेक मिकी तिवारी को नियुक्त किया गया है, जबकि सलाहकार मंडल में लक्ष्मीनारायण केशरवानी, ईश्वर हरिशमानी, अजय गुप्ता, संजय नारायण केशरवानी, शेखर शुक्ला, शिवशंकर अग्रवाल, दिनेश वर्मा, प्यारे लाल सेन एवं अशोक सोनी को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इकाई के महामंत्री पद पर शिव प्रकाश तिवारी, मीडिया प्रभारी पद पर पत्रकार दलजीत सिंह चावला एवं पत्रकार दिलीप माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष पद पर लक्ष्मेंद्र अग्रवाल तथा उपाध्यक्ष पद पर शंकर दुलानी, उमेश अग्रवाल, नेतराम वर्मा, केशव सोनी, राकेश गुप्ता, पीयूष मिश्रा एवं दुर्गा प्रसाद जायसवाल को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा मंत्रीगण निर्मल सिंह सलूजा, हीरा पंजवानी, ऋषभ जैन, राजेश केशरवानी, राजेश हलवानी, मनोज पाण्डेय (लवन), शैलेन्द्र वर्मा (पलारी)।

संयोजकगण त्रिभुवन साहू (लवन), किशोर कुमार राठौर, शैलेष गुप्ता (बलौदाबाजार), तुलसीराम साहू (पलारी), अभिषेक साहू, चंद्र प्रकाश हरिशमानी, राजेश रोहरा, अशोक पंजवानी, दशरथ सिन्हा (पलारी), सुभाष केशरवानी।

कार्यकारिणी सदस्य सुदेशकांत विश्वकर्मा, संदीप हलवानी, रजत राजन यादव, मुकेश वर्मा, जितेंद्र उडेसना, जितेंद्र जैन, राजेश साहू, शिवम साहू, अभिषेक मिरी, मास्केश गुप्ता, हरदीप सिंह सलूजा, राजेश कुमार हेमनानी, आयुष बरनवाल, सेवकराम धीवर, वासु ठाकुर, अनिल भगवानी, गोपाल जायसवाल, मो. साजिद चौहान, प्रलय शर्मा, आरिफ खान, सतवीर सिंह सलूजा, ईश्वर पंजवानी, अमित पंजवानी (अंशु)। चेंबर ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की है कि नई इकाई जिले के व्यापारियों की समस्याओं के समाधान, व्यापारिक हितों की रक्षा, सरकार एवं प्रशासन से समन्वय, तथा संगठन विस्तार में सक्रिय भूमिका निभाएगी।

चेंबर ने व्यापारियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में संगठन से जुड़कर व्यापारिक एकता को मजबूत करें।

## खतरनाक स्टंट करने वाले बालकों पर की गई कार्रवाई

**बलौदाबाजार 11 फरवरी।** पिछले हफ्ते वायरल वीडियो एवं विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से पता चला कि स्वामी आत्मानंद स्कूल कसडोल के कुछ छात्रों द्वारा शाला विदाई समारोह कार्यक्रम के दौरान सड़क मार्ग एवं स्कूल परिसर में यातायात नियमों का उल्लंघन कर, खतरनाक तरीके से चारपहिया वाहनों से स्टंट किया जा रहा था। इस दौरान खतरनाक स्टंट करते हुए वाहनों में कई अवयस्क छात्र भी शामिल थे। कि सूचना पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा वायरल वीडियो में खतरनाक स्टंट करते हुए दिख रहे अनावेदकों पर कार्यवाही करने हेतु थाना प्रभारी कसडोल को आवश्यक निर्देश दिया गया। उक्त निर्देशों के परिपालन में थाना कसडोल पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आज दिनांक 10.02.2026 को उक्त वायरल वीडियो एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया न्यूज़ के आधार पर पहचान करते हुए संबंधित वाहनों के 04 वाहन चालक/मालिक एवं 12 अवयस्क बालक सहित कुल 16 लोगों को पकड़ा गया जिनसे



पूछताछ करने पर इन सभी के द्वारा स्कार्पियो एवं कार आदि में सवार होकर खतरनाक स्टंट करना स्वीकार किया गया। पकड़े गए सभी 12 अवयस्क बालक के परिजनों को थाना कसडोल बुलाकर, उनके माध्यम से इन अवयस्क सभी बालकों को कड़ी फटकार लगाया गया एवं भविष्य में कभी भी ऐसा नहीं करने की उनके परिजनों द्वारा कडी चेतावनी भी दिया गया। प्रकरण में पुलिस द्वारा 04 चारपहिया जप्त किया गया है। प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही करते हुए संबंधित वाहन चालक/मालिकों के विरुद्ध लापरवाहीपूर्वक एवं खतरनाक तरीके से वाहन चालन करने की धाराओं के तहत कुल 04 अपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है तथा मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184 के तहत भी कारवाई किया गया है। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की युवा वर्गो से खास अपील- ऐसे किसी भी खतरनाक स्टंट आदि में ना पड़े। ऐसा कोई भी कृत्य आपके लिए खतरनाक हो सकता है। इस दौरान किसी प्रकार की दुर्घटना घटित होने से जीवन भर के लिए आपके परिजनों के लिए यह दुखद अनुभव साबित हो सकता है। साथ ही बच्चों के परिजन अपने बच्चों की नियमित रूप से निगरानी करें, आजकल बच्चे सोशल मीडिया, रील आदि देखकर स्पीड बाइक चलाने एवं खतरनाक स्टंट करने के लिए उत्साहित होते रहते हैं। इसलिए उन्हें अच्छे बुरे के बारे में जानकारी दें, अपने नाबालिक बच्चों को किसी भी प्रकार से स्पीड बाइक अथवा वाहन चलाने ना दें।

### संभाग स्तरीय रोजगार मेला 14 एवं 15 फरवरी को

**राजनांदगांव 11 फरवरी। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण द्वारा 14 एवं 15 फरवरी 2026 को संजय रूंगटा ग्रुप ऑफइंस्टिट्यूशन आर 2 कोहका भिलाई जिला दुर्ग में संभाग स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें निजी क्षेत्र के तकनीकी एवं गैर तकनीकी के विभिन्न पदों में चयन हेतु साक्षात्कार लिया जाएगा। संभाग स्तरीय रोजगार मेला हेतु आवेदकों एवं नियोक्ताओं को ऑनलाईन आवेदन किया जाएगा। रोजगार मेला में भाग लेने हेतु रोजगार कार्यालय में पंजीयन होना अनिवार्य है। रोजगार पंजीयन के लिए वेबसाईट के माध्यम से ऑनलाईन एवं जिला रोजगार कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में उपस्थित होकर पंजीयन करा सकते है। संभाग स्तरीय रोजगार मेला में शामिल होने के लिए इच्छुक नियोजक ई-रोजगार पोर्टल पर पंजीकृत हो सकते हैं।

### घोटिया वन क्षेत्र के तोतलभरी में 20 से अधिक सागौन के पेड़ों पर चली कुल्हाड़ी; जेसीबी और ट्रैक्टर जब्त

# डोंगरगढ़ वन परिक्षेत्र में किसान ने 3 एकड़ जंगल साफकर मिलाया अपने खेत में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 11 फरवरी।** वनांचल ग्राम तोतल भरी और घोटिया वन क्षेत्र में वन विभाग की नाक के नीचे पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक रसूखदार किसान ने अपनी 10 एकड़ कृषि भूमि के समतलीकरण के बहाने बगल के 3 एकड़ सुरक्षित वन क्षेत्र पर कब्जा कर लिया। इस अतिक्रमण की भेंट 20 से अधिक बेशकीमती सागौन के पेड़ और अन्य वन्य प्रजातियां चढ़ गई। मामले का खुलासा होने के बाद वन विभाग ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में लकड़ी और वाहन जब्त किए हैं।

### सागौन की अवैध कटाई और मिलीभगत का शक

सूत्रों के अनुसार कक्ष क्रमांक 377 में पेड़ों की कटाई का यह खेल पिछले एक महीने से चल रहा था। किसान ने जेसीबी





मशीन लगाकर न केवल पेड़ों को धराशायी किया। बल्कि वन भूमि को अपनी जमीन में मिलाकर मेढ़ भी बना दी। हैरानी की बात यह है कि इस दौरान बीट गार्ड और चौकीदार को इसकी भनक तक नहीं लगी। चर्चा है कि बीट गार्ड देवकट्टा जलाशय के पास कूप कटाई में व्यस्त होने का बहाना बना रहे हैं, लेकिन इतने बड़े पैमाने पर हुई कटाई बिना किसी भीतरी मिलीभगत के संभव नहीं दिखती।

### भारी मात्रा में जब्त लकड़ी

उप वनमंडल अधिकारी के मार्गदर्शन और वन परिक्षेत्र अधिकारी भूपेंद्र उईके के नेतृत्व में हुई छापेमारी में विभाग को बड़ी सफलता मिली है। जिमसें अब तक दो ट्रैक्टर लकड़ी अछोली काष्ठगार लाई गई है, जिसमें 55 नग गोलों में से 44 नग शुद्ध सागौन हैं। लगभग 10 घन मीटर लकड़ी जब्त होने की संभावना है। वर्तमान में 3.415 घन मीटर लकड़ी दर्ज की जा चुकी है। कटाई और समतलीकरण में प्रयुक्त जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर को भी जब्त कर लिया गया है। अतिक्रमण वाली जगह से लगे अन्य कक्षों के बीट गार्डो और चौकीदारों की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। यदि सप्ताह में एक बार भी क्षेत्र का दौरा किया जाता, तो इतने बड़े पैमाने पर हरे-भरे वृक्षों को कटने से बचाया जा सकता था। आरोप है कि बीट गार्डों की लापरवाही के कारण ही आज जंगल का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है।

### अधिकारी का कथन

वन क्षेत्र में अवैध कटाई करने वाले किसान के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। मौके से जेसीबी, ट्रैक्टर और कटी हुई लकड़ियों को जब्त कर लिया गया है। काटे गए पेड़ों की सटीक गणना की जा रही है और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

**भूपेंद्र उईके, वन परिक्षेत्र**

## अमित शाह ने कहा है तो तय समय में ही होगा अंत

छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद कई दशक तक गंभीर समस्या रहा है. माना जाता था कि इसका कोई समाधान नहीं है,,इसका अंत कभी नहीं हो सकता.यह हमेशा बस्तर में रहेगा ही।इसलिए कोई सरकार कभी नहीं कहती थी वह नक्सली समस्या का अतं कर सकती है, कोई नेता कभी नहीं कहता था इस समस्या का समाधान किसी तय समय में हो सकता है।सब इसे नियंत्रित करने का प्रयास करते रहते थे और बस्तर के घन जंगलों में नक्सलवाद बना रहता था। पैसे खर्च होते थे, समय नष्ट होता था लेकिन नक्सली गतिविधियों पर रोक कभी नहीं लगती थी। बस्तर में नक्सलियों का समानांतर शासन चलता रहता था। सब कहते थे बस्तर मे अन्याय है,शोषण है इसलिए नक्सलवाद है।जल,जंगल,जमीन आदिवासियों से छीनी जा रही है इसलिए नक्सलवाद है।जब तक अन्याय,शोषण है,भ्रष्टाचार है बस्तर में नक्सलवाद रहेगा ही। बस्तर में नक्सलवाद का सफाया करने की सोच किसी नेता में नहीं थी। इसलिए कई दशक तक नक्सलवाद गंभीर समस्या बना रहा।अमित शाह पहले ऐसे नेता के रूप में सामने आए जिन्होंने विश्वास से कहा कि बस्तर से नक्सलियों का सफाया हो सकता है। इसके लिए उन्होंने शुरुआत की और कोई बहुत समय नहीं हुआ है साय सरकार के दो साल के भीतर ही उनके प्रयास से आज राज्य में नक्सलवाद अंतिम सांस गिन रहा है।आज सब को भरोसा है कि अमित शाह ने कहा है तो बस्तर ही नहीं देश से नक्सलवाद का सफाया मार्च २६ तक हर हाल में हो जाएगा। अमित शाह ने अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान फिर से अधिकारियों की समीक्षा बैठक की है और नक्सलियों के सफाए के लिए शेष बचे हुए दिनों में क्या किया जाना है, कैसे किया जाना है, अधिकारियों को समझा दिया है और अधिकारियों ने नक्ललियों के सफाए के लिए जो कुछ किया है उस पर संतोष व्यक्त किया है और उम्मीद जताई है कि तय समय में नक्सलियों का सफाया हो जाएगा तो भरोसा किया जा सकता है कि ऐसा होगा ही। हर बार की तरह अमित शाह ने बस्तर प्रवास के दौरान फिर से एक बार कहा है कि बस्तर में हम गोली नहीं चलाना चाहते, जितने भी नक्सली बचे हैं वह हथियार डाल दें,हम उनका स्वागत करेंगे। अमित शाह ऐसा हर बार इसलिए कहते हैं कि भविष्य में कोई यह न कहे कि भाजपा सरकार ने बंदूक के दम पर नक्सलवाद का सफाया किया। गोली का जवाब गोली से देकर नक्सलवाद का सफाया गया। इस अभियान मे बस्तर के नक्सली बने लोग ही मारे गए हैं।इस अभियान में आदिवासी ही मारे गए हैं। अमित शाह जब भी आते हैं यह कहते जरूर है कि हम तो चाहते हैं कि नक्सलवाद समस्या का अंत बिना गोली चलाए हो जाए, सारे नक्सली शांति से हथियार सहित सरेंडर कर दें।नक्सली ऐसा नहीं करते हैं तो वह गोली चलाते हैं तो गोली का जवाब तो गोली से ही दिया जाता है और वह गोली से मारे जाते हैं।अमित शाह जैसा चाहते वैसा होता तो बस्तर में मौजूद कोई नक्सली गोली से नहीं मारा जाता । अमित शाह जैसा चाहते थे वैसा नहीं हुआ इसीलिए बड़ी संख्या में नक्सली मारे गए है, बड़ी संख्या में नक्सलियों का मारे जाने के बाद ही बडी़ संख्या में नक्सलियों ने सरेंडर किया है। अब गिनती के ही नक्सली बस्तर में बचे हैं, उनको सरेंडर का मौका दिया जा रहा है। अमित शाह अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान लोगों को यह भी जरूर बताते हैं कि छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद इसलिए रहा कि यहां कांग्रेस ने इसको संरक्षण दिया। वह ऐसा इसलिए कहते हैं कि कांग्रेस यहां सत्ता की दूसरी दावेदार है। वह सत्ता में आने का प्रयास जरूर करेगी। इसलिए यहां के लोगों को वह याद दिलाना नहीं भूलते है कि भूलकर भी उन लोगों को सत्ता में नहीं लाना जो नक्सलियों को संरक्षण देते थे। वह लोगों को याद दिलाते हैं कि बस्तर नक्सलवाद की संरक्षक कांग्रेस है और बस्तर में विकास का काम भाजपा ने किया है। शाह जानते हैं कि बस्तर से नक्सलवाद का सफाया तो भाजपा सरकार करेगी लेकिन इसका श्रेय लेने के लिए कांग्रेस भी सामने आएगी और कहेगी की बस्तर से नक्सलवाद के सफाए की शुरूआत तो कांग्रेस ने ही की थी। कांग्रेस की नीतियों को आगे बढ़ाकर भाजपा ने बस्तर से नक्सलवाद का सफाया किया है। यही वजह है शाह हमेशा कहते हैं कि कांगेस के कारण ही बस्तर में नक्सलवाद की समस्या रही। क्योंकि वह इसे संरक्षण देती थी। अमित शाह भाजपा के ऐसे नेता हैं जो किसी काम का बीड़ा उठाते हैं तो वह उस काम को करके भी दिखाते हैं। पीएम मोदी उनको ऐसा काम सौंपते हैं जो कोई और नेता नहीं कर पाता है।यूपी में भाजपा को चुनाव जिताने का काम पीएम मोदी ने शाह को सौंपा था तो यूपी में शाह ने भाजपा को जिताकर दिखाया था। वह भी तब जब भाजपा यूपी में कमजोर ही नहीं बहुत कमजोर थी। उसके सत्ता में आने की कोई उम्मीद नहीं थी। इसी तरह पीएम मोदी शाह को देश से आतंकवाद व नक्सलवाद का समाप्त करने का काम सौंपा तो आतंकवाद का तो देश से सफाया हो गया है और नक्सलवाद का सफाया अगले कुछ दिनों में हो जाएगा। देश में शाह को ऐसे नेता के रूप में हमेशा याद रखा जाएगा जिसने तारीख पहले तय की और नक्सलवाद का सफाया शुरू बाद में किया और समय से पहले करके दिखाया भी।

### चर्चित मुद्दा

# कौन संत कौन 'असंत' ? सांसत में भक्तजन

**निर्मल रानी**



कहने को तो 'बांटो और राज करो ' की नीति अंग्रेज़ों की बनाई हुई थी। परन्तु आज सत्ता हासिल करने के लिये या सत्ता में बने रहने के लिये यही नीति लगभग दुनियाभर के राजनीतिज्ञों द्वारा अपनाई जा रही है। ज़ाहिर है हमारा देश और यहाँ की राजनीति भी इससे अछूती नहीं है। और कहना ग़लत नहीं होगा कि 'बांटो और राज करो ' की नीति का अनुसरण भले ही मौक़ा मिलने पर सारे ही दल क्यों न करते हों परन्तु देखा यही जा रहा है कि भारतीय जनता पार्टी व इसकी सरकारों को इस मामले में कुछ ज़्यादा ही महारत हासिल है। आप देखिये कि स्वयं को मज़बूत व विपक्ष को कमज़ोर करने के लिये विपक्षी दलों ख़ासकर कांग्रेस के कितने ही नेता भाजपा ने अपने पाले में कर लिये। चाहे वह भ्रष्टाचार का आरोपी हो,आरोपी हो,अपराधी हो या भ्रष्ट हो परन्तु भाजपा में शामिल होते ही उसे 'मिस्टर क्लीन ' का प्रमाण पत्र दे दिया जाता है। ऐसे कितने ही भ्रष्ट लोग आज मंत्री सांसद व विधायक यहाँ तक कि मुख्यमंत्री तक बने हुए हैं। इसी तरह जब भारत में इतिहास का सबसे प्रमुख किसान आंदोलन 9 अगस्त 2020 से 11 दिसंबर 2021 तक चला था जिसमें केंद्र सरकार के तीन विवादित कृषि क़ानूनों के विरोध में देश के किसान दिल्ली बॉर्डर पर बैठे थे। उस समय भी भाजपा सरकार ने तरह तरह के हथकंडे अपनाये थे। उनमें एक हथकंडा किसान आंदोलन में शामिल संयुक्त किसान मोर्चा में शामिलकिसान संगठनों में फूट डालना भी शामिल था। चूँकि इस आंदोलन में पंजाब व हरियाणा के सिख बड़ी संख्या में शामिल थे इसलिये भाजपा सरकार के कई मंत्रियों ने इसे 'ख़ालिस्तानी समर्थक' आंदोलन बताने की भी कोशिश की। परन्तु किसानों की एकजुटता के आगे यह सरकारी एजेंडा फुस्स हो गया। याद कीजिये जब कभी सत्ता के ख़िलाफ़ देश की विशिष्ट हस्तियां या पूर्व जज अथवा पूर्व आई ए एस एकजुट हुये या फ़िल्म जगत के लोग,लेखक,साहित्यकार आदि ने सत्ता की नाकामियां उजागर करने के लिये आवाज़ें उठाएँ उसी वक़्त सत्ता ने भी इन्हीं वर्ग विशेष से सम्बद्ध अपने समर्थकों को खड़ा कर दिया। पिछली बार तो सत्ता को अपनी इन कोशिशों में उस समय शर्मिंदा भी होना पड़ा जबकि सत्ता के समर्थन में खड़े होने वाले कई तथाकथित 'विशिष्ट ' लोगों के भ्रष्ट व काले कारनामों का रिकार्ड भी विपक्ष ने ढूँढकर सार्वजनिक कर दिया। बहरहाल अफ़सोस यह है कि भाजपा की 'बांटो और राज करो ' की नीति की ज़द में अब साधु संत भी आ चुके हैं। जो भी संत भाजपा की किसी भी नीति की आलोचना करते हैं या एक संत के नाते शास्त्र सम्मत बातें करते हैं या कुछ ऐसी व्यवस्था देते हैं जो कि राजनैतिक होने के बजाये शुद्ध धार्मिक हो, उसे भाजपा सहन नहीं कर पाती। देश में अनेकानेक ऐसे योग्य संत हैं जो धर्म को राजनीति से अलग रखना चाहते हैं वह भाजपा की सत्ता या उसके प्रभाव में क़तई नहीं आते। परन्तु भाजपा की तो राजनीति ही धर्म के नाम पर चलती है। इसलिये भाजपा सत्ता समर्थक संतों को तरजीह देती है और उन्हें बढ़ावा भी देती है। उदाहरण के तौर पर सोशल मीडिया की 'कृपा ' से इनदिनों बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर और कथावाचक पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का नाम चर्चा में है। दूसरों का भविष्य बताने वाले इस नवोदित संत ने कुछ वर्ष पूर्व ही सोशल मीडिया द्वारा 'अवतार' लिया है। इन्हें लोग 'बाबा बागेश्वर' या 'बागेश्वर धाम सरकार' के नाम से भी जानते हैं। वे मध्य प्रदेश के छतरपुर ज़िले के गढ़ा गांव में स्थित बागेश्वर धाम के प्रमुख हैं। शंकराचार्य स्तर के कई संत धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की ज्योतिष विद्या और उनके 'पर्ची ' निकालने को ढोंग व शास्त्र विरोधी बता चुके हैं। परन्तु चूँकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके 'हिन्दू राष्ट्र निर्माण मिशन ' के समर्थक हैं तथा उन्हें प्रधानमंत्री का संरक्षण हासिल है लिहाज़ा उनकी गिनती सत्ता के दुलारे संतों में की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की निकटता का अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि नरेंद्र मोदी ने 23 फ़रवरी 2025 को बागेश्वर धाम का दौरा किया। यहाँ धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने बड़ी ही चतुराई से मोदी के गले में अपना नाम लिखा हुआ पटका तक डाल दिया। यहाँ मोदी ने एक कैंसर अस्पताल का शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री से इस 'घनिष्ट निकटता' के बाद अब धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री को किसी वरिष्ठ संत या शंकराचार्य से किसी तरह का प्रमाण पत्र लेने की ज़रुरत ही क्या ? इसी तरह सत्ता के एक और प्रिय संत हैं स्वामी रामभद्राचार्य जी। भारत सरकार ने उन्हें 2015 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया है। यह भारत का दूसरा सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। इसके बाद उन्हें साहित्य के क्षेत्र में 2023 के लिए सर्वोच्च सम्मान ज्ञानपीठ पुरस्कार भी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 16 मई 2025 को प्रदान किया गया । ज्ञानपीठ भारत का सर्वोच्च साहित्यिक पुरस्कार है। देश के सम्मानित संतों में गिनती होने के बावजूद स्वामी रामभद्राचार्य जी अपने बयानों के कारण कभी कभी विवादों में भी घिर जाते हैं। उदाहरण के तौर पर रामभद्राचार्य स्वयं को श्रेष्ठतम ब्राह्मण बता चुके हैं क्योंकि उनके अनुसार वे 'वशिष्ठ वंशीय सरयू पारण ब्राह्मण हैं' जिनका परिवार परंपरागत रूप से विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा देता रहा है। जबकि उन्होंने चौबे,उपाध्याय, त्रिगुणायत, दीक्षित, पाठक उपनामों के ब्राह्मणों को "नीच" या "अधम" कहा, क्योंकि वे विद्यार्थियों से शुल्क लेकर पढ़ाते हैं, जिसे वे गोमांस के समान पापपूर्ण मानते हैं। रामभद्राचार्य जी के अनुसार ऐसे "उच्च कुल" ब्राह्मण अपनी बेटियां अधम ब्राह्मणों को नहीं देते। रामभद्राचार्य जी के इस बयान से ब्राह्मण समाज में आक्रोश फैल गया था। वे अपने ब्राह्मण होने पर गर्व जताते हुए कहते हैं कि पहले वे ब्राह्मण हैं, फिर सन्यासी और जगद्गुरु। रामभद्राचार्य जी के कई बयानों को दलित विरोधी भी माना गया है। ख़ासकर उनके द्वारा की गयी आरक्षण, अंबेडकर और जातिगत टिप्पणियों को लेकर । वे मेरठ में अपनी एक कथा में अंबेडकर को संस्कृत न जानने वाला तथा मनुस्मृति को पहला संविधान भी बता चुके हैं। वे यह भी कह चुके हैं कि "जो राम को नहीं भजता वह चमार है"। उनके इस तरह के बयानों को उनकी जातिवादी सोच के नज़रिये से देखा गया। परन्तु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद जी ने तो रामभद्राचार्य जी को विकलांग बताकर उनके संन्यासी होने के अधिकार को ही चुनौती दे डाली है ? शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद जी ने कहा कि नारद परिव्राजक उपनिषद और संन्यास उपनिषद जैसे धर्म शास्त्रों के अनुसार कोई भी शारीरिक रूप से अक्षम, जैसे नेत्रहीन अर्थात विकलांग व्यक्ति संन्यास नहीं ले सकता। वे रामभद्राचार्य को शास्त्र-विरुद्ध बताते हुए 'ढोंगी' और 'संन्यास का अधिकार न होने वाला' व्यक्ति कहते हैं। उनका तर्क है कि विकलांग व्यक्ति संन्यासी नहीं हो सकता, इसलिए रामभद्राचार्य (जो जन्म से नेत्रहीन हैं) खुद को जगद्गुरु या संन्यासी कहकर घूम रहे हैं, जो शास्त्र-विरुद्ध है। अब भक्तों को कैसे पता चले कि अविमुक्तेश्वरानंद जी ठीक कह रहे हैं या रामभद्राचार्य जी ? उधर रामभद्राचार्य जी भी अविमुक्तेश्वरानंद जी को शंकराचार्य मानने से इंकार करते हैं। ज़ाहिर है इन हालत में भक्तजन इस बात को लेकर सांसत में हैं कि कौन संत है और कौन असंत ?

## राशिफल

मेष राशि-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी रिश्तेदार से आपकी फोन पर बात होगी, जिससे आपको अच्छा लगेगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। महिलाएं आज ऑनलाइन नई डिश सीखने की कोशिश करेंगी। पिता का सहयोग आपके साथ रहेगा। लेखकों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है, उनके लेखन कार्यो की सराहना होगी। साथ ही आज के दिन आप किसी कहानी की शुरुआत भी करेंगे। आपको लोगों के साथ मेल-जोल बढ़ाने की जरूरत है। जीवन में चल रही परेशानियां खत्म होगी।

वृष राशि-आपके लिए आज का दिन शुभ है। आज आप कामकाज निपटाने में बहुत हद तक सफल रहेंगे। अपनी तरफ से हर मामले पर आपको सकारात्मक रहना होगा। आज धैर्य और विनम्रता रखने से लोग आपसे प्रभावित होंगे। आज किसी पुरानी समस्याओं पर दोस्तों से बातचीत हो सकती है इससे आपको अच्छा समाधान मिलेगा। आपकी सलाह से दूसरों को फायदा होगा।

मिथुन राशि-आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज किसी नए काम को शुरू करने से पहले पूरी योजना बनाएंगे और साथ ही माता-पिता से सलाह लेंगे। आज सरकारी कामों में नीति व नियमों पर पूरा ध्यान देंगे तो आपको काम करने में आसानी होगी। आज आपको किसी भी कार्य में जल्दबाजी दिखाने से बचना होगा। अपने जरूरी कामों की सूची बनाएंगे, जिससे काफी हद तक पूरा करने में सफल रहेंगे। आप की वाणी की सरलता आपको मान-सम्मान दिलाएगी।

कर्क राशि-आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करें। आज पुरानी देनदारी निपटा सकते हैं। आज जीवनसाथी की भावनाओं को समझने में बहुत हद तक आपको सफलता मिल सकती है, धैर्य और समझदारी रखें। आज परिवार के कामों में आपका पैसा लग सकता है। आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपकी मुलाकात के योग बन रहे हैं, जो नये कार्यों को शुरू करने में आपका साथ देंगे।

सिंह राशि-आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपके कोर्ट-कचहरी के मामले कागज पूरे न होने से कुछ देर के लिए रुक सकते हैं, लेकिन समय रहते सब ठीक होगा। आज आप जो भी व्यापार शुरू करेंगे, उसमें सफलता हासिल होगी। आज आपको किसी दोस्त का भी सहयोग मिलेगा। परिवार वालों का हंसी-मजाक भरा बरताव घर के वातावरण को खुशनुमा बनाये रखेगा साथ ही आपकी निजी लाइफ बेहतर रहेगी। आप नया कारोबार करने की सोच रहे हैं तो किसी अनुभवी की सलाह जरूर लें, आपको अच्छी राय मिलेगी।

कन्या राशि-आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आपको किसी के मामलों में दखल देने से बचना चाहिए। किसी बड़े प्रोजेक्ट में पैसा लगाने की सोच रहे हैं, तो पहले उसके बारे में पूरी जानकारी जरुर कर लें। आज आपके ऊपर परिवार की कुछ जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी, जिन्हें आप पूरा करेंगे। सभी लोग आपके द्वारा किए गए कार्यों से काफी खुश नजर आएंगे।

तुला राशि-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी धार्मिक गतिविधि में शामिल होने के योग बन रहे हैं। आज किसी मामले में दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा होगा। जरूरी काम और रिश्तों के बारे में विचार करेंगे और योजना बनाएंगे। परिवार से जुड़ी परेशानी खत्म होने के योग हैं। आप नए सिरे से कोशिश करेंगे तो आप सफल हो सकते हैं। आज दूसरों की जरूरतों और भावनाओं को लेकर आप सेंसिटिव हो सकते हैं।

वृश्चिक राशि-आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। आज कारोबार में पैसा लगाने से पहले बड़ों की राय लेना आपके लिए बेहतर साबित होगी। पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे। आज नई जिम्मेदारी आपको मिलेंगी, जिसे आप बखूबी पूरा करने में सफल रहेंगे। कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छा मुनाफा होगा।

धनु राशि-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज जो भी काम शुरु करेंगे वो समय पर पूरा हो जायेगा। आपको करियर से संबंधित नए अवसर मिलेगा। नए व्यापार को शुरू करने में बड़े भाई का सहयोग मिलेगा। कॉमर्स के विद्यार्थी आज मार्केटिंग को समझने के लिये शिक्षकों की सहायता लेंगे, जो आपके भविष्य में बेहद काम आएंगी। आप अपने बिजी दिन में से कुछ समय अपने बच्चों के लिए निकालेंगे.

मकर राशि-आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज घर के बड़ों की मदद से आपका जरूरी काम पूरा हो जायेगा। किसी रिश्तेदार से आपको अच्छी खुशखबरी मिलेगी। जीवनसाथी आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे, इससे रिश्तों में नयापन आयेगा। सामाजिक कार्यों में सहयोग देने से आपको अच्छा फील होगा। का आना जाना लगा रहेगा, जिससे घर में ख़ुशी का माहौल बना रहेगा। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

कुंभ राशि-आज आपका मन नई उमंगों से भरा रहेगा। हर व्यक्ति आपसे राय लेना चाहेगा। ऑफिस के लोगों में आपका रुतबा बनेगा। आज आपको आर्थिक रूप से लाभ मिलेगा, धन के नये स्रोत प्राप्त होंगे। छोटे बच्चे आज बहुत खुश रहेंगे, वो अपने लिये नया खेल तलाश करेंगे। सेहत पहले से बेहतर बनी रहेगी। दोस्त शाम के लिए बढ़िया योजना बनाकर आपका दिन खुशनुमा कर देंगे। मेडिकल स्टोर वालों को आज उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होगा। आज आपका दांपत्य जीवन शानदार रहने वाला है।

मीन राशि-आज आपका दिन शानदार रहेगा। परिवार के सामने आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा, आपकी योजना से लोग काफी प्रभावित होंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आप अपने घर का डेकोरेशन फेस्टिवल के अनुसार करेंगे। आपको अपनी वाणी पर संयम बनाये रखना चाहिए। किसी बात को लेकर ज्यादा जिद्द करने से बचना चाहिए। बेवजह की उलझनें भी सामने आ सकते हैं, इससे बच कर रहे। आप सामाजिक कार्यों में हिस्सा लेंगे, समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा।

### सू- दोकू क्र.313

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.312 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

### शब्द सामर्थ्य -313

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकुल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

**ऊपर से नीचे**
1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | | | | ■ | 7 | 8 |
| 9 | | | ■ | | ■ | 10 | | |
| | ■ | 11 | | ■ | 12 | | ■ | |
| ■ | 13 | ■ | ■ | 14 | | | ■ | ■ |
| 15 | | 16 | | ■ | | ■ | ■ | 17 |
| | ■ | | ■ | 18 | | 19 | ■ | |
| | ■ | 20 | | | ■ | 21 | | |
| ■ | 22 | | ■ | 23 | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 312 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | ल | ■ | आ | वा | जा | ही | ■ | ■ |
| मा | ■ | खू | ब | ■ | दू | र | स्थ | ■ |
| ना | दा | न | ■ | सा | ग | ■ | ल | क्ष्य |
| ■ | न | ख | ■ | त | र | ल | ■ | ■ |
| ■ | वी | रा | न | ■ | ■ | च | ट | क |
| ■ | र | ब | ■ | आ | ज | क | ल | ■ |
| ■ | ■ | ■ | आ | ग | ■ | दा | ना | ■ |
| ■ | अ | ग | र | म | ग | र | ■ | क्रो |
| भा | भी | ■ | ती | न | ■ | ■ | व | ध |

### व्यापार

# अनूठा है भारत- अमेरिका व्यापार समझौता

**प्रमोद भार्गव**



भारत और अमेरिका के बीच तनातनी के चलते हुआ व्यापार समझौता विलक्षण है। इससे कई नए आयाम तो आकर लेंगे ही,वह टैरिफ भी वापस होगा,जो अमेरिका ने जुर्माने के रूप में वसूला है। इस समझौते की एक और खास बात है की भारतीय कृषि और डेयरी उद्योग की सुरक्षा और शुद्धता को कोई नुकसान नहीं होगा,बल्कि किसानों की आय बढ़ेगी।भारत के सम्मान को बरकरार रखने वाला समझौता पहले कभी हुआ देखने सुनाने में नहीं आया। उल्लेखित इन विषयों को लेकर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान सार्वजनिक खुलासा कर चुके हैं। साफ़ है इस समझौते के बाद व्यापार और रोजगार के क्षेत्र में नए अवसरों का लम्बा दौर चलेगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 1 अगस्त 2025 से भारत पर 25 प्रतिशत ऊल-जलूल टैरिफ थोप दिया था। यही नहीं ट्रंप ने रूस से सैन्य उपकरण और कच्चा तेल खरीदने की वजह से अतिरिक्त जुर्माना लगाने का भी एकतरफा निर्णय ले लिया था। यह टैरिफ भारतीय दुग्ध एवं कृषि उत्पाद हड़पने की दृष्टि से लगाया गया था। जिससे भारत दबाव में आकर इन उत्पादों के लिए भारतीय बाजार खोल दे। लेकिन भारत भलि-भांति जानता था कि अमेरिका के सस्ते अनाज और मांसाहारी दूध के लिए भारतीय बाजार खोल दिया जाता है तो किसान तो तबाह होगा ही शाकाहारी संस्कृति को भी पलीता लगेगा। साथ ही भारत सरकार जिन प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पैक्स) को बढ़ावा देकर कृषि और दूध उत्पादों को वैश्विक बाजार में लाने की तैयारी कर रही है, वह विचार भी चकनाचूर हो जाता। इसलिए सरकार ने साफ कर दिया था कि इन क्षेत्रों में बाहरी हस्तक्षेप स्वीकार नहीं है। वैसे भी अब यह सच्चाई सामने आ रही है कि एकतरफा वैश्वीकरण से दुनिया का भला होने वाला नहीं है। अतएव स्वदेशी उत्पादों के जरिए ही आत्मनिर्भर बने रहने की पहल जारी रखनी होगी। भारत इस दिशा में मजबूती से बढ़ भी रहा है। किंतु अब भारत को अमेरिका से हुए समझौते में बड़ी राहत मिली है। अमेरिकी प्रशासन ने न केवल टैरिफ दर को 50 प्रतिशत से घटाकर १८ प्रतिशत कर दिया है,बल्कि रूस से तेल आयात के चलते जुर्माने के रूप में वसूले गए 25 प्रतिशत टैरिफ को वापस करने का फैसला लिया है। वाइट हाउस से जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार,27 अगस्त 2025 से लेकर 6 फ़रवरी 2026 के बीच जिन आयात वस्तुओं पर जुर्माना लगा है,वह वापस हो जाएगा। उम्मीद बानी है कि इस छूट से भारतीय व्यापारियों को करीब 40 हजार करोड़ की राहत मिलेगी। पीयूष गोयल ने एक साक्षात्कार में साफ किया है कि डेयरी के सभी उत्पाद आनुवंशिक रूप से परिवर्धित उत्पाद भी समझौते से बाहर हैं। इनमें पोल्ट्री,मांस,सोयाबीन, मक्का,चावल,चीनी, गेहूं,ज्वार,बाजरा,रागी,कोदो,दाल मूंग,काबुली चना,ग्रीन टी मधु और अनेक प्रकार के फलों को बाहर रखा है। डेयरी उत्पादों में गाय-भैंस का दूध अहम्में है। इसमें ऐसे पोषक तत्व हैं, जो शरीर और दिमाग दोनों को ही स्वस्थ रखते हैं। यह दूध ही है, जिससे दही, मट्ठा, मक्खन और घी जैसे सह-उत्पाद निकलते हैं। ये उत्पाद मिठाई की दुकानों से लेकर डेयरी उद्योग के जरिए करोड़ों लोगों के रोजगार का मजबूत माध्यम बने हुए हैं। लंबे समय तक गाय से पैदा बैल पर ही भारतीय कृषि निर्भर रही है। इसी कृषि की जीडीपी में 24 प्रतिशत की भागीदारी है। भारतीय दुग्ध उत्पादन से लेकर दूध पीने में दुनिया में पहले स्थान पर हैं। इसी दूध पर अमेरिकी बाजार के कब्जे के लिए अमेरिका अपने यहां उत्पादित मांसाहारी दूध बेचना चाहता रहा था।अन्य यूरोपीय देशों की निगाह भी इस दूध के व्यापार पर टिकी हैं। इस बाबत अमेरिका और भारत के बीच 500 बिलियन डॉलर के व्यापार समझौते पर चली बातचीत नाकाम रही थी।क्योंकि इसमें अमेरिकन मांसाहारी दूध के उत्पाद शामिल थे। भारत सरकार ने इस बाबत दो टूक कह दिया था कि अमेरिकी दुग्ध उत्पादों को भारतीय बाजार का हिस्सा नहीं बनाया जा सकता है। यह हमारे दुग्ध उत्पादक किसानों की आजीविका और उनकी संस्कृति की सुरक्षा से जुड़ा बड़ा प्रश्न है, जो कतई स्वीकार योग्य नहीं है।दरअसल अमेरिका चीज (पनीर) भारत में बेचने का लम्बे समय से इच्छुक थ। इस चीज को बनाने की प्रक्रिया में बछड़े की आंत से बने एक पदार्थ का इस्तेमाल होता है। इसे अत्यंत घिनौना कृत्य करके चीज में मिलाया जाता है। शाकाहारी लोग इस प्रक्रिया को देख भी नहीं सकते हैं। इसलिए भारत के शाकाहारियों के लिए यह पनीर वर्जित है। गौ-सेवक व गऊ को मां मानने वाला भारतीय समाज इसे स्वीकार नहीं करता। अमेरिका में गायों को मांसयुक्त चारा खिलाया जाता है, जिससे वे ज्यादा दूध दें। हमारे यहां गाय-भैंसें भले ही कूड़े-कचरे में मुंह मारती फिरती हों, लेकिन दुधारू पशुओं को मांस खिलाने की बात कोई सपने में भी नहीं सोच सकता? लिहाजा अमेरिका को चीज बेचने की इजाजत इस डील में नहीं दी गई है। अकेले गुजरात में अमूल समेत 36 लाख दुग्ध उत्पादक हैं। बिना किसी सरकारी मदद के बूते देश में दूध का 70 फीसदी कारोबार असंगठित ढांचा संभाल रहा है। इस कारोबार में ज्यादातर लोग अशिक्षित हैं। लेकिन पारंपरिक ज्ञान से न केवल वे बड़ी मात्रा में दुग्ध उत्पादन में सफल हैं, बल्कि इसके सह-उत्पाद दही, मठा, घी, मक्खन, पनीर, मावा आदि बनाने में भी मर्मज्ञ हैं। दूध का 30 फीसदी कारोबार संगठित ढांचा, मसलन डेयरियों के माध्यम से होता है। देश में दूध उत्पादन में 96 हजार सहकारी संस्थाएं जुड़ी हैं। 14 राज्यों की अपनी दुग्ध सहकारी संस्थाएं हैं। देश में कुल कृषि खाद्य उत्पादों व दूध से जुड़ी प्रसंस्करण सुविधाएं महज दो फीसदी हैं, किंतु वह दूध ही है, जिसका सबसे ज्यादा प्रसंस्करण करके दही, मठा, घी, मक्खन, मावा, पनीर आदि बनाए जाते हैं। इस कारोबार की सबसे बड़ी खूबी यह है कि इससे आठ करोड़ से भी ज्यादा लोगों की आजीविका जुड़ी है। करीब 1.5 करोड़ परिवार ही सहकारी दुग्ध उत्पादकता से जुड़े हैं, जबकि 6.5 करोड़ ग्रामीण परिवार आज भी सहकारिता के दायरे से वंचित हैं। दूध उत्पादन में ग्रामीण महिलाओं की अहम् भूमिका रहती है। रोजाना दो लाख से भी अधिक गांवों से दूध एकत्रित करके डेयरियों में पहुंचाया जाता है। बड़े पैमाने पर ग्रामीण सीधे शहरी एवं कस्बाई ग्राहकों तक दूध बेचने का काम करते हैं। इसी दूध के बाजार में अमेरिका हस्तक्षेप के लिए लंबे समय से लालायित है,लेकिन उसकी दाल इस बार भी नहीं गाल पाई। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने दस हजार नई कृषि सहकारी समितियों को हरी झंडी दिखाई है। अगले पांच साल में इनकी संख्या दो लाख तक पहुंचाने की है। इन्हीं सहकारी संस्थाओं के जरिए कृषि और दुग्ध उत्पादों को भारत से लेकर एशिया और यूरोप तक बाजार में पहुंचाने की है। ऐसे में यदि अमेरिकी दुग्ध उत्पादों के लिए भारतीय बाजार खोल दिए जाते तो इन समितियों की मुश्किलें तो बढ़ती ही, दुग्ध उत्पादक आठ करोड़ लोगों की आजीविका पर भी संकट के बादल गहरा जाते।



### पालिका की जानकारी में होने के बाद भी टूटी पाइपलाइन को ठीक नहीं किया जा रहा

# इंडोर स्टेडियम के सामने पाइपलाइन फटी, सैकड़ों लीटर पानी सड़कों पर बह रहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 11 फरवरी।** नगर पालिका दंतेवाड़ा अपने नित नए कारनामों के लिए जानी पहचानी जाती है। चाहे नगर में गुणवत्ताहीन नाली निर्माण की बात हो अथवा पाइपलाइन टूटने से सैकड़ों लीटर पानी सड़कों पर बहने का मामला हो इससे पालिका की सेहत पर कोई फर्क नही पड़ता। शायद यही वजह है कि नगर के अस्पताल रोड़ के इंडोर स्टेडियम के सामने ही पानी का पाइपलाइन भारी वाहनों के दबाव नहीं झेल पाने की वजह से अंदर से क्षतिग्रस्त होकर टूट गया है जिससे सैकड़ों लीटर पानी सुबह शाम सड़कों पर बह रहा है। पानी बहता है तो बहने दो। इससे पालिका की सेहत पर भला क्या ही फर्क पड़ने वाला है।



इंडोर स्टेडियम के सामने सड़क के एक ओर पालिका की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हुए पखवाड़े बीत गए मगर अब तक इसे ठीक नहीं किया गया है। जमीन के अंदर से पानी का पाइप फट गया है जिससे सैकड़ों लीटर पानी की बर्बादी हर रोज हो रही है। ठंड लगभग समाप्त हो चुका है। अब लोगों को गर्मी का एहसास भी होने लगा है। ऐसे में ग्रीष्म ऋतु में सबसे अहम और जरूरी चीज इंसान हो या जानवर सभी के लिए पानी ही आवश्यक होता है। बिना पानी के किसी का भी जीवन संभव नहीं। ऐसे में पानी को लेकर नगर पालिका की ऐसी अकर्मण्यता। वाकई हैरान करने वाली बात है। पानी का महत्व जानने के बाद भी नगर पालिका दंतेवाड़ा इसे नजर अंदाज कर रही है क्षतिग्रस्त पाइप को ठीक नहीं करवाया जा रहा। यह बेहद ही गंभीर विषय है। पालिका के सीएमओ को वार्ड पार्षद ने कई दिनों पूर्व ही बता दिया था कि फलां स्थान पर पाइपलाइन टूट गया है जिसे आप जल्द से जल्द सुधरवाएं। सीएमओ श्री पालदास ने नल जल प्रभारी को फोन पर ही पाइपलाइन को तत्काल सुधारने का निर्देश भी दिया था। एक सप्ताह बीतने के बाद भी उक्त क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को पालिका के नल जल प्रभारी द्वारा नहीं सुधारा गया है इससे ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि दंतेवाड़ा नगर पालिका की कार्यप्रणाली किस तरह से चल रहा है। सीएमओ के आदेश को भी कर्मचारी कूडे के ढेर में फेंक दे रहे हैं। ईधर पाइपलाइन को दुरूस्त नहीं किए जाने से आसपास के रहवासी बेहद परेशान हैं। सैकड़ों लीटर पानी सड़कों पर बह रहा है जिसे देख हर कोई व्यथित हो रहा है। जब भी शिकायत करो पालिका के जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों का एक ही जवाब होता है जेसीबी खराब है बनने गया है आते ही खोदकर जल्द ठीक करवाएंगे। मगर ठीक किया नहीं जाता।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह समारोह में 191 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे



**दंतेवाड़ा, 11 फरवरी ।** माँ दंतेश्वरी मंदिर परिसर स्थित मेंढक डोबरा मैदान में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माँ दंतेश्वरी को साक्षी मानकर 48 कुंडों में विधिवत मंत्रोच्चार के साथ 191 जोड़े नव दांपत्य जीवन में बंधे। मौके पर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ऑनलाइन, वर्चुअल रूप से कार्यक्रम से जुड़े। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को नव जीवन के लिए शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए उनके सुखमय, समृद्ध और खुशहाल दांपत्य जीवन की कामना की। समारोह में विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन के अधिकारी ने भी नवदंपतियों को आशीर्वाद प्रदान किया।

## एक नजर

### बस्तर पंडुम-2026 में दंतेवाड़ा को 12 में से 3 विधाओं में प्रथम पुरस्कार

**दंतेवाड़ा, 11 फरवरी ।** गत दिवस जगदलपुर में आयोजित संभाग स्तरीय बस्तर पंडुम 2026 में दंतेवाड़ा जिले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 12 विधाओं में से 3 विधाओं में प्रथम पुरस्कार हासिल कर जिले का नाम रोशन किया। इस अवसर पर केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने विजेता कलाकारों और दलों को 50-50 हजार रुपये के चेक एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इसके अनुसार जनजातीय नृत्य विधा में गौर माड़िया नृत्य का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर बुधराम सोढ़ी, जिला दंतेवाड़ा, एवं वहीं जनजातीय व्यंजन विधा में श्रीमती ताराबती, जिला दंतेवाड़ा तथा, जनजातीय गीत विधा में ग्राम पालनार के गायन दल की मगली और उनकी साथियों को पहला स्थान मिला।

### जनजातीय अनुसंधान पार्क की स्थापना को लेकर आईआईटी भिलाई व जिला प्रशासन के बीच एमओयू

**दंतेवाड़ा, 11 फरवरी ।** जनजातीय संस्कृति, परंपराओं एवं पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों के संरक्षण व संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भिलाई के निदेशक श्री राजीव प्रकाश ने विगत दिवस जिला कार्यालय में कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव से सौजन्य भेंट की। इस दौरान दंतेवाड़ा में जनजातीय अनुसंधान पार्क की स्थापना हेतु दोनों पक्षों के बीच महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। प्रस्तावित जनजातीय अनुसंधान पार्क के माध्यम से क्षेत्र की समृद्ध जनजातीय विरासत, पारंपरिक ज्ञान, कला-कौशल एवं आजीविका के साधनों का संरक्षण, प्रलेखन एवं संस्थागत विकास किया जाएगा। यह पहल स्थानीय समुदायों को शोध, नवाचार और प्रशिक्षण से जोड़ते हुए सतत विकास की दिशा में सहायक सिद्ध होगी।कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने कहा कि यह एमओयू जिले के जनजातीय समाज की संस्कृति, पारंपरिक ज्ञान और आजीविका को संरक्षित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इससे स्थानीय युवाओं को शोध, प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर मिलेंगे तथा दंतेवाड़ा की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर सशक्त होगी।

### मानसिक स्वास्थ्य और नशा मुक्ति की जानकारी दी गई शिविर में

**दंतेवाड़ा, 11 फरवरी ।** मानसिक स्वास्थ्य और नशा मुक्ति तथा जीवन कौशल पर व्याख्यान शासकीय अरविंद महाविद्यालय किरंदुल एनएसएस इकाई के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में सहायक प्राध्यापक डॉ. दिनेश कुमार लहरी ने मनोवैज्ञानिक पहलू पर जोर देते हुए अपने व्याख्यान में छात्र-छात्राओं को जीवन कौशल और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने हेतु जोर देते हुए बताया कि सामाजिक जीवन में मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना सर्वाधिक जरूरी है। तभी हम अपने जीवन को सरल और सहज बना पाएगें। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आर. के.हिरकने, एनएसएस अधिकारी डॉ. मनीष कुमार और महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक अतिथि व्याख्याता तथा कर्मचारी और एनएसएस के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### विधायक ने फाइलेरिया और कृमि मुक्ति अभियान का किया शुभारंभ

**जगदलपुर, 11 फरवरी ।** जिले के अन्तर्गत स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और जिला स्तर पर गंभीर बीमारियों के उन्मूलन की दिशा में आज बस्तर ने एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। धरमाउर में आयोजित विशेष गरिमामय कार्यक्रम में राष्ट्रीय फाइलेरिया (हाथीपांव) उन्मूलन एवं राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत जिला स्तरीय सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम का शुभारंभ चित्रकोट विधायक श्री विनायक गोयल ने किया।कार्यक्रम का आरंभ अतिथियों द्वारा माता सरस्वती एवं भारत माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर जन-सामान्य के मन से संकोच दूर करने के लिए अतिथियों ने स्वयं दवा का सेवन किया और फाइलेरिया प्रभावित मरीजों को रुग्णता प्रबंधन एवं विकलांगता निवारण किट प्रदान की। विधायक श्री गोयल ने अपने संबोधन में इसे शासन की एक उत्कृष्ट पहल बताते हुए ग्रामीणों से अपील की कि वे स्वस्थ भविष्य के लिए इस अभियान को सफल बनाएं। इस दौरान डॉ. संजय बसाक ने बताया कि हाथीपांव जैसी लाइलाज और गंभीर बीमारी को केवल निरंतर सावधानी और दवा सेवन से ही रोका जा सकता है। यह जीवन रक्षक दवाएं सभी सरकारी अस्पतालों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। अभियान की विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत करते हुए नोडल अधिकारी डॉ. एसएस टेकाम एवं डॉ. सी. मैत्री ने बताया कि स्वास्थ्य दल घर-घर पहुंचकर लोगों को दवा उपलब्ध कराएंगे, जिसकी शुरुआत आज अतिथियों द्वारा बच्चों को दवा खिलाकर की गई।

# जयस्तंभ चौक के पास नाली जाम,दुर्गंध से लोग परेशान

■ नगर पालिका के अधिकतर वार्डो में बनी नालियां गुणवत्ताहीन

■ नालियों में एक छोर से दुसरे छोर तक निकासी भी नहीं।

■ निकासी नहीं होने से सालों साल नालियों में गंदा पानी, कचरा जाम होकर सड़ता रहता है।

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 11 फरवरी।** नगर के जयस्तंभ चौक के समीप लक्ष्य प्रतिस्पर्धा केंद्र के सामने मुख्य रोड़ के दुसरी ओर सड़क किनारे की नाली की सफाई लंबे समय से नहीं किए जाने से नाली में जमा होटल एवं घरों का कचरा सूखकर सड़ गया है जिससे नालियों से सड़न भरी दुर्गंध आ रही है जिससे वहां के दुकान संचालक समेत आसपास रहवासी खासे परेशान हो रहे हैं।



दंतेवाड़ा नगर पालिका की लचर सुस्त कार्यप्रणाली का खामियाजा अब यहां के नगरवासियों को भुगतना पड़ रहा है। नई पालिका सरकार बने एक साल से ज्यादा का समय बीत चुका है। ट्रिपल इंजन की सरकार से नगरवासियों को बहुत उम्मीद जगी थी वहीं अब लोगों को यह एहसास होने लगा है कि उनके विश्वास पर कुठाराघात हुआ है। नगर में चहुंओर व्याप्त गंदगी से आमजन काफी परेशान हैं। नगर पालिका द्वारा बनाई गई अधिकांश नालियां खराब हो चुकी है। नालियां जगह जगह से जाम हो चुकी है। प्रॉपर नालियों की सफाई नहीं किए जाने से अब नालियां जाम हो रही है। नालियों में पड़ा गंदगी सड़कर बदबू मार रहा है। जय स्तंभ चौक पर रघुनाथ देवांगन के मकान के सामने बनी नाली के अंदर से इतनी भयंकर दुर्गंध पास हो रही है कि मिनट भर भी वहां खड़े हो पाना लोगों के लिए मुश्किल हो रहा है। पालिका के कर्मचारी संतोष विश्वकर्मा का दुकान जहां इस समय एक होटल का संचालन हो रहा है उक्त होटल से निकलने वाले वेस्ट मटेरियल को नालियों में बहाया जा रहा है। ईधर नाली में पहले से ही कचरा गंदगी जाम पड़ा है। निकासी की कोई व्यवस्था नहीं होने से होटलों से निकलने वाला अवशिष्ट पदार्थ नालियों में गिरकर पड़े पड़े सड रहा है जिससे दुर्गंध फैल रही है। बाजू में ही एक किराने की दुकान एवं सैलून की दुकान भी संचालित हो रही है। दुकान संचालकों का कहना है कि नालियों की सफाई पालिका कई महिनों से नहीं की है जिससे नालियों में पड़ा कचरा सड़न के बाद बदबू मार रहा है जिससे दुकान पर आने वाले ग्राहक भी खासे परेशान है। नालियों से निकलने वाले दुर्गंध के चलते उनके व्यापार में असर पड़ रहा है। दुकान संचालकों का कहना है कि पालिका को जल्द से जल्द इस नाली की सफाई करनी चाहिए। नाली के उपर ढक्कन तक पालिका ने नहीं लगवाया है। नालियां खुली पड़ी थी। दुकानदारों ने अपने अपने दुकानों के सामने पत्थर या फिर सीमेंट की प्लेट बनाकर नालियों को ढका था ताकि ग्राहक उनकी दुकान तक आसानी से पहूंच सकें। नालियों पर लगे ढक्कन भी अब पुराने होकर टूटने लगे हैं। जिससे नालियों का दुर्गंध बाहर निकल रहा है। जिससे आसपास के लोगों का रहना दुभर हो रहा है। जनप्रतिनिधि चुनाव के वक्त वार्डवासियों से बड़ी बड़ी बातें करते हैं नालियों की सफाई की वहीं चुनाव जीत जाने के बाद लोगों की समस्याओं को नजर अंदाज करते हैं। वार्डवासियों की समस्याओं से उनका कोई सरोकार नहीं होता।

### सोहागपुर में हर घर नल से पहुंचा जल

**महासमुंद 11 फरवरी ।** छत्तीसगढ़ में गांव के अंतिम छोरों तक हर घर नल से जल पहुंचाने का सपना जल जीवन मिशन पूरा कर रहा है। महासमुंद जिले के अंतिम छोर पर ओडिशा सीमा से लगे ग्राम पंचायत टेड़ीनारा के सोहागपुर में मिशन के अंतर्गत किए गए कार्यों से अब हर घर नल से पानी पहुंच रहा है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने यहां स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति के लिए 54 लाख 38 हजार रुपए की लागत से 40 किलो लीटर का उच्च स्तरीय जलागार बनाया है। गांव में 2800 मीटर पाइपलाइन बिछाकर तथा 140 घरेलू नल कनेक्शन प्रदान कर हर घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य पूरा किया गया है। सोहागपुर को विगत दिसम्बर माह में हर घर जल ग्राम घोषित किया गया है।पेयजल के लिए पहले सोहागपुर के लोग हैंडपंपों, पावर पंपों और कुओं पर निर्भर थे।

## राजिम कुंभ में छाया लोककला का रंग, दिलीप शड़ंगी के जसगीतों पर जमकर झूमे दर्शक

**राजिम।** राजिम कुंभ कल्प मेला के नौवें दिन सांस्कृतिक मंच पर लोक संगीत की शानदार छटा बिखरी। सुप्रसिद्ध लोकगायक दिलीप षड़ंगी ने जसगीत एवं छत्तीसगढ़ी लोकगीतों की प्रस्तुति ने दर्षकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। उनकी सुमधुर आवाज और ऊर्जा से भरपूर गायन पर श्रोता झूम उठे। भक्ति, संस्कृति और लोक परंपरा से ओत-प्रोत इस प्रस्तुति ने मेले की सांस्कृतिक गरिमा को और भव्यता प्रदान की।

कार्यक्रम की षुरुआत बिलासपुर से पधारी विशाखा साहू ने पंडवानी शैली में अभिमन्यु विवाह की सशक्त प्रस्तुति से की। उनकी चिर-परिचित आवाज़ और कथात्मक शैली पर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए और तालियों से उनका स्वागत किया। द्वितीय प्रस्तुति में 18 वर्षीय गीतिका चक्रधर ने नटराज शैली में रिकॉर्डिंग कथक नृत्य प्रस्तुत किया, जिसकी प्रत्येक मुद्रा भगवान शिव को समर्पित थी। उनके तांडव रूप ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया।



कार्यक्रम की कड़ी में रायपुर के डिपरापारा से छत्तीसगढ़ मोर भारत अंजोर लोकमंच के ईश्वर देवांगन एवं उनकी टीम ने धार्मिक और लोकगीतों की शानदार प्रस्तुति दी। जय हो गजानंद गौरी के ललना, नवदुर्गा तैं कहा जैसे गीतों के बाद आमा पान के पतरी, कोई नरियल मांगत हे जैसे जसगीतों पर दर्शक झूम उठे। नाचा, गम्मत और सुवा नृत्य की प्रस्तुतियों ने लोककला मंच को जीवंत कर दिया।

राजिम की बालिका शिखा गोस्वामी ने महाभारत के वृतांत पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर नारी सशक्तिकरण का सशक्त संदेश दिया। प्रस्तुति के माध्यम से यह भाव उभरा कि अब नारी की रक्षा स्वयं नारी को करनी होगी, जिसे दर्शकों ने तालियों से समर्थन दिया।

मुख्य मंच अंतिम प्रस्तुति छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध जसगीत गायक दिलीप षडंगी की प्रस्तुति रही। गणेश वंदना से आरंभ कार्यक्रम में उन्होंने हम उस देष के वासी हैं..., ज्योत से ज्योत जलाते चलो जैसे गीत गाकर दर्शकों का अभिनंदन किया। इसके बाद मंच पर पारंपरिक जसगीत घर-घर दियना हो मैया, चेंदवा बईगा, जप हर-हर भोला सहित कई लोकप्रिय गीतों से माहौल भक्तिमय बना दिया। गौ हत्या पर आधारित नया छत्तीसगढ़ी गीत गोविंदा गोपाला गौ हत्या पर रोक लगा दे सुनकर दर्शकों को जागृत करने का प्रयास किया।

कार्यक्रम के अंत में सभी कलाकारों का सम्मान राजिम विधायक रोहित साहू, गरियाबंद कलेक्टर बीएस उइके, जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर, एसडीएम राजिम, राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित मुन्नालाल देवदास, तहसीलदार राजिम मयंक अग्रवाल एवं पीआरओ हेमनाथ सिदार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया।

## कलेक्टर ने जन चौपाल में सुनी लोगों की समस्याएं

**महासमुंद 11 फरवरी ।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित जन चौपाल में जिले के जनसामान्य की समस्याएं सुनी। कलेक्टर श्री लंगेह ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया।

जन चौपाल में दिव्यांग कल्याण संघ महासमुंद द्वारा बैठक एवं प्रशिक्षण हेतु रेन बसेरा हेतु आवेदन किया गया। इसी तरह ग्राम सोनदादर बागबाहरा के निवासियों ने अवैध कब्जा पर रोक लगाने हेतु, महासमुंद निवासी श्री जे पी चंद्राकर ने बंदोबस्त त्रुटि सुधार हेतु, ग्राम बराईजोर निवासी चूड़ामणि ने स्वयं की भूमि पर अवैध कब्जा के संबंध में, ग्राम लोहारडीह के ग्राम वासियों ने दीनदयाल उपाध्याय कृषि मजदूर न्याय योजना के संबंध में, नयापारा महासमुंद निवासी रमाबाई देवांगन ने ईपीएफ राशि कटौती के संबंध में एवं वार्ड क्रमांक 15 सरायपाली नगर पालिका के निवासियों ने फोर लेन पहुंच मार्ग पर अवैध अतिक्रमण के संबंध में आवेदन किए। इसके अलावा पीएम आवास, अवैध अतिक्रमण, लम्बित राशि भुगतान संबंधी आवेदन प्राप्त हुए।

## वन अमले ने 6 आरा मिलों को किया सील



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद,11 फरवरी।** वन विभाग बालोद द्वारा अवैध आरा मिलों के खिलाफ सख्त और प्रभावी कार्रवाई करते हुए वन परिक्षेत्र डौंडी लोहारा क्षेत्र में बड़ा अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य वन क्षेत्रों की सुरक्षा, अवैध कटाई पर रोक और शासन के वन संरक्षण नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करना रहा।

10 किमी परिधि नियम का सख्त पालन

शासन के स्पष्ट दिशा-निर्देशों के अनुसार, किसी भी वन क्षेत्र की सीमा से 10 किलोमीटर की हवाई दूरी की परिधि के भीतर बिना वैध अनुमति के आरा मिल (आरा मशीन) का संचालन पूर्णतः प्रतिबंधित है। इसी नियम के तहत कार्रवाई करते हुए, परिधि क्षेत्र में संचालित 6 अवैध आरा मशीनों को चिन्हित कर मौके पर ही सील बंद कर दिया गया।

शासन के नियमों के तहत कार्रवाई-यह पूरी कार्रवाई भारतीय वन अधिनियम, वन संरक्षण अधिनियम, तथा राज्य शासन के वन एवं पर्यावरण संरक्षण नियमों के अंतर्गत की गई है। नियमों के अनुसार बिना पंजीकरण, अनुमति एवं वैध दस्तावेजों के आरा मिल का संचालन दंडनीय अपराध है। प्रकरण दर्ज, विवेचना प्रारंभ संबंधित आरा मिल संचालकों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर विधिवत विवेचना (जांच प्रक्रिया) प्रारंभ कर दी गई है। जांच के दौरान दस्तावेजों की सत्यता, लकड़ी के स्रोत, परिवहन प्रक्रिया एवं वन संपदा को हुई क्षति का आकलन किया जा रहा है।

इस संबंध में जिला वन मंडलाधिकारी अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि -शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि वन क्षेत्रों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। 10 किलोमीटर परिधि नियम का उल्लंघन करने वाली किसी भी आरा मिल को बख्शा नहीं जाएगा। यह कार्रवाई सिर्फ शुरुआत है। जिले में संचालित सभी आरा मिलों का सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। अवैध संचालन, लकड़ी तस्करी और वन संपदा के दोहन पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। शासन की मंशा स्पष्ट है – वन बचेगा, तभी भविष्य बचेगा। वन संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम-वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि शासन की शून्य सहनशीलता नीति (Zero Tolerance Policy) के तहत अवैध कटाई, लकड़ी तस्करी और अवैध आरा मिल संचालन पर कठोर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। यह अभियान वन संपदा, जैव विविधता और पर्यावरण संतुलन की रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है।

## राजिम कुंभ में नन्हें रुद्र की याददाश्त ने सबको किया हैरान, एक बार में कंठस्थ करता है सब कुछ

**राजिम,11 फरवरी।** कुंभ कल्प मेले में प्रतिदिन एक से बढ़कर एक दृश्य देखने को मिल रहे हैं। मंगलवार को अपनी मां पायल शर्मा के साथ राजिम मेला घूमने के लिए पहुंचे 6 वर्षीय रूद्र शर्मा की काबिलियत को देखकर हर कोई हैरत में पड़ गया। छोटी उम्र में इतनी जानकारी तो बड़े उम्र के लोग भी नहीं रखते हैं। लोग एक कान से सुनते हैं और दूसरे से भूल जाते हैं लेकिन इस छोटे से बच्चे की मेमोरी पावर की हर कोई तारीफ कर रहा था।

मीडिया सेंटर में जब उनसे मुलाकात की गई तो मां ने जो पूछा रुद्र फटाफट बताते ही रहे। प्रदेश से लेकर देश में हो रहे हलचल, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के संबंध में जानकारी, आईएएस-आईपीएस टॉप के अधिकारियों के नाम, प्रसिद्ध लेखक, इसके अलावा मीर अली मीर की नंदा जही का रे... गाना गाकर सुनाया। वह संस्कृत में श्लोक तथा अंग्रेजी फर्राटेदार बोल रहा था। रुद्र की प्रतिभा 5 साल की उम्र में ही देखने को मिल रही थी।



माँ ने बताया कि वह अभी क्लास वन में पढ़ाई कर रहा है। इन्हें मुनगा भाजी खाना बहुत पसंद है। आम दिनचर्या में रात्रि 9 बजे सो जाता है तथा सुबह को 7 बजे उठकर स्कूल के लिए रेडी होता है। खास बात यह है कि यह मोबाइल बिल्कुल नहीं चलाता, वह मोबाइल से दूरी बनाकर रखे हुए हैं। वह पुस्तक पढ़ते हैं और उनकी मां पुस्तक पढ़कर जो सिखाती है उन्हें एक ही बार में कंठस्थ कर लेते हैं। इतनी छोटी सी उम्र में इन्हें राजनांदगांव की रानी, रानी दुर्गावती सम्मान, गोंडवाना समाज से वीर नारायण सम्मान, आर्य रत्न सम्मान हाल ही में मिला है।


### कलेक्टर बनने की है इच्छा

इनकी मां बताती है कि बड़े होकर यह जो भी बनना चाहे मैं फुल सपोर्ट करूंगी। वैसे यह बालक कलेक्टर बनने की इच्छा रखते हैं। रुद्र से पूछा गया कि राजिम कुंभ कल्प घूमकर कैसा लग रहा है तब इनका कहना था कि यह भगवान राजीवलोचन और कुलेश्वरनाथ महादेव की धरती है, मैं इनको प्रणाम करता हूं। मां द्वारा डाटने वाले सवाल पर उसने बताया कि मां तो मां होती है थोड़ी देर तक रूठ जाते हैं उसके बाद माँ फिर प्यार और दुलार देती है।

# छात्र को सौ बार उठक-बैठक की सजा दी तो छात्र बिस्तर पर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला, 11 फरवरी।** अंबागढ़ चौकी केंद्रीय विद्यालय एकलव्य मे बालिकाओं के द्वारा एक के बाद एक आत्महत्या करने का प्रयास तथा बालकों को दुर्दांत तरीके से मारने के मामले मे प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा एक्शन अब तक नहीं ली गई है वहीं पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेज़ी माध्यम स्कूल, अंबागढ़ चौकी में दो शिक्षिकाओं के द्वारा 10वीं कक्षा के एक छात्र को शारीरिक सज़ा दिए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि दो शिक्षिका के द्वारा छात्र से सज़ा के तौर पर 100 बार उठक-बैठक कराई गई, जिसके बाद छात्र अपाहिज़ों की तरह बिस्तर में है। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने छात्र को रायपुर रेफर किया है।




प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित छात्र 10वीं कक्षा में अध्ययनरत है और उसकी बोर्ड परीक्षाएँ नज़दीक हैं होनहार छात्र शारीरिक दंड से अपाहिज हो गया है जो बिस्तर से खुद भी खुद नहीं उठ पा रहा है। घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार अंबागढ़ चौकी अंग्रेजी माध्यम आत्मानंद में जनवरी माह में किसी बात को लेकर दोनों शिक्षिका ने छात्र को दंडित करते हुए सौ बार स्कूल में उठक बैठक कराया।अत्यधिक शारीरिक सज़ा के बाद छात्र को चक्कर, कमजोरी और अन्य शारीरिक परेशानी होने लगी।छात्र की हालत बिगड़ते देख स्कूल से परिजनों को सूचना दी गई, जिसके बाद उसे तत्काल नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र अंबागढ़ चौकी ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर कर दिया है फिलहाल छात्र का इलाज रायपुर के एक अस्पताल में जारी है।घटना के बाद परिजनों में भारी आक्रोश है। उनका आरोप है कि शिक्षकों ने अनुशासन के नाम पर अमानवीय व्यवहार किया, जिससे बच्चे की जान तक खतरे में पड़ गई है। परिजनों ने जिला शिक्षा अधिकारी, कलेक्टर से मामले की निष्पक्ष जाँच कर दोनों दोषी शिक्षिका के खिलाफ सख़्त कार्रवाई की मांग की है।वहीं यह घटना स्कूलों में छात्रों को दी जाने वाली शारीरिक सज़ा पर गंभीर सवाल खड़े करती है, विशेषकर तब जब छात्र बोर्ड परीक्षा जैसे मानसिक दबाव के दौर से गुजर रहे हों।

### इन शिक्षिका पर लगा प्रताड़ना का आरोप

पीड़ित छात्र के परिजनों ने आरोप लगाया है कि शिक्षिका रुचि भागे, वर्षा प्रधान ने छात्र को किसी बात को लेकर क्लास रूम में 100 बार उठक बैठक कराया जिसके बाद छात्र अब उठ बैठ नहीं पा रहा है। गरीब मां-बाप विगत एक माह से रायपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज करा रहे हैं।

नगर मे बूट हाउस का संचालन कर रहे परिवार का एक होनहार छात्र अब कठोर शारीरिक दंड से आपहिजो की जिंदगी जी रहा है घटना को लेकर बताया गया कि पिछले एक माह से छात्र शरीर की नस में तकलीफ बढने से उठ बैठ नहीं पा रहा है रायपुर के एक निजी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है उसे सहारा देकर परिवार के अन्य सदस्य नित्य क्रिया करा रहे हैं।

### बोर्ड परीक्षा के पहले पड़ा बिस्तर में

घटना को लेकर बताया गया कि दसवीं बोर्ड परीक्षा कुछ ही दिन शेष है इसी दौरान छात्र के साथ दंड के रूप में आत्मानंद स्कूल में हुए हैवानियत से छात्र बिस्तर पकड लिया है।माता पिता इलाज के थपोले में पड़ गए है छात्र शारीरिक दर्द में व्याकुल होकर पढ़ाई नहीं कर पा रहा है ऐसे मे दसवीं बोर्ड परीक्षा की सफल तैयारी छात्र कैसे कर पाएगा ।

## एक नजर

### प्रजापति समाज की बैठक में शिक्षा पर दिया विशेष जोर

**रायपुर, 11 फरवरी ।** प्रजापति समाज की बैठक में भारतीय प्रजापति हीरोज आर्गनाइजेशन के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष हरेन्दर पंडित एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर समाज को संगठित सशक्त मजबूती से कार्य करने पर बल दिया गया हरेन्दर पंडित ने शिक्षा व एकता को लेकर अहम भूमिका की जरूरत पर फोकस किया। इसी क्रम में भारतीय प्रजापति हीरोज के प्रदेश अध्यक्ष ईश्वर चक्रधारी की अनुशंसा पर हरिप्रसाद बड़ीवाल को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्ति किये जाने की घोषणा की गई। बैठक में संरक्षक मणीराम वर्मा, सुरेन्द्र सिंग, महेश प्रजापति हरिप्रसाद बड़ीवाल, निपेश प्रजापति, गोपाल प्रजापति सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहा रीतू प्रजापति, महिला जिला अध्यक्ष कुती प्रजापति, उर्मिला प्रजापति एवं भगवती चक्रधारी ने सक्रिय भूमिका निभाई।



### प्रतिभा खोज के तहत खेलवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़, 11 फरवरी।** छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन अंतर्गत प्रतिभा खोज के तहत खिलाड़ियों को खेलवृत्ति प्रदाय की जाएगी। योजना का उद्देश्य ओलंपिक, कामनवेल्थ, एशियाड और नेशनल गेम्स में राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना है। जिसके लिए जिला कार्यालय एवं संचालनालय में राज्य खेल संघों से प्रमाणिकरण संबंधित सहित आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 16 फरवरी 2026 तक निर्धारित की गई हैं। खिलाड़ी अपना आवेदन संचालनालय अथवा खेल एवं युवा कल्याण विभाग, रायगढ़ में कार्यालयीन दिवस एवं समय पर उपस्थित होकर जमा कर सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय में संपर्क कर सकते है। आवेदन पत्रों का प्रारूप मय सूचना विभाग की वेबसाईट http//sportsyw.cg.gov.in पर उपलब्ध है।डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक वित्तीय वर्ष में प्रतिभा खोज कार्यक्रम के तहत खेल प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को खेलवृत्ति दी जाएगी। प्रदेश के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को ओलंपिक, कामनवेल्थ, एशियाड एवं नेशनल गेम्स में शामिल खेलों के राष्ट्रीय खेल/ राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के सीनियर, जूनियर एवं सब जूनियर वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को सीनियर वर्ग हेतु क्रमशः 75 हजार, 50 हजार, 40 हजार, जूनियर वर्ग हेतु क्रमशः 60 हजार, 40 हजार, 30 हजार एवं सब जूनियर वर्ग हेतु क्रमशः 50 हजार, 25 हजार, 20 हजार की खेलवृत्ति प्रदाय की जाएगी।

### राजिम कुंभ कल्प मेला के मुख्य मंच पर पत्रकारों का किया गया सम्मान

**राजिम,11 फरवरी।** राजिम कुंभ कल्प मेला के मुख्य मंच पर पत्रकारिता जगत से जुड़े प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों का गरिमामय सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर राजिम विधायक रोहित साहू ने पत्रकारों को गमछा, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में कलेक्टर बी.एस. उइके एवं जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर, राजिम एसडीएम विशाल महाराणा, गरियाबंद जनसंपर्क अधिकारी हेमनाथ सिदार विशेष रूप से उपस्थित थे।सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में नवापारा, राजिम सहित गरियाबंद जिले के पत्रकार शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान मंच से पत्रकारों की भूमिका की सराहना करते हुए विधायक रोहित साहू ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ हैं और समाज को दिशा देने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। पत्रकार कठिन परिस्थितियों में भी सच्चाई को सामने लाने का कार्य करते हैं।

विधायक रोहित साहू ने कहा कि राजिम कुंभ कल्प मेला केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। इस विराट आयोजन की सकारात्मक छवि देश-प्रदेश तक पहुंचाने में पत्रकारों का योगदान सराहनीय है। उन्होंने कहा कि पत्रकार अपनी लेखनी और कैमरे के माध्यम से जनसमस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य करते हैं, जिसके कारण समाज में जागरूकता आती है।इस अवसर पर कलेक्टर बी.एस. उइके ने भी पत्रकारों को बधाई देते हुए कहा कि से ही सुशासन संभव है।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत

# प्रदेश भर में 6414 और रायगढ़ में 190 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में



**रायगढ़, 11 फरवरी ।** छत्तीसगढ़ के इतिहास में आज का दिन सामाजिक सरोकार और जनकल्याण की दृष्टि से स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज हो गया। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत आज प्रदेशभर में एक साथ 6 हजार 414 जोड़ों ने विवाह कर नए जीवन की मंगल शुरुआत की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखमय, समृद्ध और सफल वैवाहिक जीवन की कामना की। इस अवसर पर महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े सहित अन्य मंत्रीगण उपस्थित रहे।

इसी क्रम में रायगढ़ जिले के शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में आयोजित भव्य सामूहिक विवाह समारोह में 190 जोड़े विधि-विधानपूर्वक वैवाहिक बंधन में बंधे। पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चार, पारंपरिक रीति-रिवाजों और मांगलिक वातावरण से पूरा पंडाल गूंज उठा, जहां हर ओर खुशियों, उल्लास और नए सपनों की शुरुआत का दृश्य देखने को मिला। रायगढ़ जिले में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह का सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित करते कहा कि आज का दिन पूरे प्रदेश के लिए अत्यंत गर्व और खुशी का विषय है, जब एक साथ इतनी बड़ी संख्या में विवाह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुए। उन्होंने कहा कि पूर्व में बेटी की शादी गरीब और ग्रामीण परिवारों के लिए बड़ी चिंता का कारण होती थी, जहां कर्ज लेना, जमीन बेचना या वर्षों तक आर्थिक बोझ उठाना मजबूरी बन जाता था। मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने आमजन की भावनाओं को समझते हुए मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना को प्रदेश में लागू किया, जिससे ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बड़ी राहत मिली और बेटियों की शादी की चिंता काफी हद तक दूर हुई। उन्होंने कहा कि योजना की शुरुआत में जहां प्रति जोड़े मात्र 5 हजार रुपये की सहायता राशि निर्धारित थी, वहीं आज रजत जयंती वर्ष 2025 में यह बढ़कर 50 हजार रुपये हो चुकी है। कार्यक्रम के दौरान सभी नवदंपत्तियों को 25-25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया, ताकि वे अपने नए जीवन की आवश्यकताओं को आत्मसम्मान के साथ पूरा कर सकें।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि केवल दो वर्षों के कार्यकाल में राज्य सरकार ने मोदी की गारंटी के अधिकांश वादों को धरातल पर उतार दिया है। प्रधानमंत्री आवास योजना, किसानों का बकाया बोनस, महतारी वंदन योजना के अंतर्गत 70 लाख से अधिक विवाहित महिलाओं को मासिक सहायता, तेंदूपत्ता संग्रहण दर में वृद्धि, रामलला दर्शन योजना, तीर्थ दर्शन योजना तथा भूमिहीन कृषि मजदूरों को आर्थिक सहायता जैसे कई जनहितकारी निर्णय लिए गए हैं।

# दोपहिया वाहनों के साथ हेलमेट वितरण अब अनिवार्य



**रायगढ़, 11 फरवरी।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देश में जिला परिवहन कार्यालय में समस्त वाहन डीलरों एवं उनके प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा, वाहन पंजीयन प्रक्रिया में पारदर्शिता, कर एवं शुल्क की जानकारी, इलेक्ट्रिक व्हीकल व्यवस्था तथा शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और डीलरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिला परिवहन अधिकारी द्वारा मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 129 एवं मोटरयान नियम 1989 की धारा 138 के तहत सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने एवं दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु दोपहिया वाहन विक्रेताओं को वाहन के साथ हेलमेट अनिवार्य रूप से वितरित करने के निर्देश दिए गए। सभी डीलरों को यह भी निर्देशित किया गया कि वाहन को हेलमेट सहित सुपुर्द करते समय फोटो के माध्यम से जिला परिवहन कार्यालय को समय-समय पर जानकारी उपलब्ध कराएं। बैठक में सभी डीलरों को छत्तीसगढ़ मोटरयान कर एवं पंजीयन शुल्क की जानकारी अपने प्रतिष्ठान में स्पष्ट रूप से डिस्प्ले करना अनिवार्य किया गया। इलेक्ट्रिक व्हीकल डीलरों को पृथक चार्जिंग स्टेशन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। डीलर पॉइंट रजिस्ट्रेशन से संबंधित लंबित आवेदनों की समीक्षा कर आगामी सप्ताह में निराकरण कर जिला परिवहन कार्यालय में आवेदन जमा करने को कहा गया। इसके साथ ही तुहर सरकार तुहर द्वार योजना के अंतर्गत आधार कार्ड में दर्ज स्थायी पता अथवा क्रेता की सहमति से अन्य अस्थायी पते पर पंजीयन प्रमाण पत्र की घर पहुंच सेवा प्रदान की जाएगी, जबकि किसी भी स्थिति में डीलर का पता स्वीकार नहीं किया जाएगा। बैठक में सब-डीलर प्रक्रिया को पूर्ण रूप से बंद करने के भी निर्देश दिए गए, ताकि पंजीयन प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे।

### राजिम कुंभ महोत्सव में 21वें बरस भी गूंज रही है मंच संचालक निरंजन साहू की आवाज

**राजिम,11 फरवरी।** माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक चलने वाले राजिम कुंभ महोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कवि एवं एंकर निरंजन साहू छहाकाष् की आवाज 21वें बरस भी गूंज रही है। उद्घोषकों के समूह में वह सबसे वरिष्ठ है। सन् 2005 से अब तक लगातार मुख्य सांस्कृतिक मंच में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एंकरिंग कर रहे हैं।धमतरी जिला के बिरेझर निवासी निरंजन साहू वर्तमान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जी- जामगांव में अंग्रेजी विषय के वरिष्ठ व्याख्याता हैं। उनकी ज्यादातर रचनाएं हास्य व्यंग्य से भरी हुई है। उन्हें 2010 में छहाका सम्मान मिला। तब से पूरे छत्तीसगढ़ में उन्हें का कवि के उपनाम से जाना जाता है।

# कलेक्टर ने रामभांठा के पीडीएस दुकान का किया औचक निरीक्षण



**रायगढ़, 11 फरवरी ।** जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) की पारदर्शिता और सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने शासकीय उचित मूल्य दुकान, रामभांठा का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिजीत बबन पठारे भी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने दुकान में उपलब्ध व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया और मौके पर मौजूद हितग्राहियों से सीधे संवाद कर राशन वितरण की वास्तविक स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने विशेष रूप से फिंगरप्रिंट सत्यापन और ई-पॉस मशीन में किसी भी तकनीकी समस्या की जांच की और इसका त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने हितग्राहियों को दिए जा रहे राशन की मात्रा, भंडारण, साफ-सफाई, अभिलेख संधारण और ई-पॉस मशीन की स्थिति का भी जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में पात्र हितग्राही राशन से वंचित न रहें और मशीन या नेटवर्क से संबंधित किसी भी समस्या का तत्काल निराकरण किया जाए।

# राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम,कलेक्टर ने खुद दवा सेवन कर किया एमडीए अभियान का शुभारंभ



**रायगढ़, 11 फरवरी।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने शासकीय हाईस्कूल रामभांठा में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में स्वयं फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कर अभियान का शुभारंभ किया और नागरिकों से सहभागिता की अपील की। मौके पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिजीत बबन पठारे ने भी दवा का सेवन किया।

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि फाइलेरिया से बचाव के उपाय अत्यंत सरल और प्रभावी हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जा रही मानक खुराक का नियमित सेवन करने से इस बीमारी से आजीवन बचाव संभव है। उन्होंने आमजन को आश्वस्त किया कि दवाइयां पूरी तरह सुरक्षित हैं, अतः किसी भी प्रकार के संकोच या अफवाह में न आएं। उन्होंने बताया कि अभियान के प्रथम चरण में शासकीय संस्थानों और शैक्षणिक परिसरों में दवा सेवन कराया जाएगा, जिसके बाद स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर अपनी निगरानी में दवा खिलाएंगे।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल जगत ने जानकारी दी कि 25 फरवरी तक चलने वाले इस अभियान के अंतर्गत जिले के 4.64 लाख से अधिक नागरिकों को कवर करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 10 से 12 फरवरी तक आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों एवं कॉलेजों में बूथ स्तर पर दवा सेवन कराया जाएगा, जबकि 13 से 22 फरवरी तक स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर दवा खिलाएंगे। 23 से 25 फरवरी के बीच मॉप-अप राउंड चलाकर छूटे हुए लोगों को कवर किया जाएगा। गर्भवती महिलाओं, दो वर्ष से कम आयु के बच्चों और गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सभी पात्र नागरिकों के लिए स्वास्थ्यकर्मी के सामने दवा सेवन अनिवार्य है। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. टी.जी. कुलवेदी ने कहा कि समय पर नियंत्रण नहीं होने पर यह मच्छरजनित बीमारी स्थायी विकलांगता का कारण बन सकती है। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा, डॉ. सोनाली मेश्राम सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### घरघोड़ा ब्लॉक में वित्तीय साक्षरता सप्ताह कैंप आयोजित




**रायगढ़, 11 फरवरी।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 2016 से आयोजित वित्तीय साक्षरता सप्ताह (एफएलडब्ल्यू) का इस वर्ष 11वां संस्करण 9 से 13 फरवरी 2026 तक पूरे देश में मनाया जा रहा है। इस वर्ष का मुख्य उद्देश्य केवाईसी- सुरक्षित बैंकिंग की ओर पहला कदम÷ है, जो सुरक्षित बैंकिंग इकोसिस्टम को मजबूत करने पर केंद्रित है। इसके अंतर्गत सब-थीमों में केवाईसी मूल बातें, केवाईसी रजिस्ट्री, खाता सुरक्षा, धोखाधड़ी रोकथाम और मनी म्यूल्स से सावधानी जैसे विषय शामिल हैं।घरघोड़ा ब्लॉक में चौथा वित्तीय साक्षरता कैंप आयोजित किया गया, जिसमें अग्रणी बैंक प्रबंधक कार्यालय के श्री कमल किशोर सिंह, श्री राज कुमार शर्मा, भारतीय स्टेट बैंक के मैनेजर श्री जिष्णु नायक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के श्री राकेश यादव, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के प्रबंधक श्री विनीत कुमार और बैंक स्टाफ के साथ सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के अध्यापक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे। कैंप में 210 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और उन्हें केवाईसी, सी-केवाईसी, खाता सुरक्षा और धोखाधड़ी रोकथाम से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। अग्रणी बैंक प्रबंधक कार्यालय ने जिले के सभी बैंक मैनेजरों से अनुरोध किया है कि वित्तीय साक्षरता सप्ताह के दौरान कम से कम दो कैंप अपने क्षेत्रों में आयोजित करें, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक किया जा सके।

### धमतरी में स्कूली बच्चों का अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट अभियान तेज

**धमतरी, 11 फरवरी ।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ( IDAI) के दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिला धमतरी में 5 से 15 वर्ष एवं 15 वर्ष से अधिक आयु के स्कूली बच्चों के लिए Mandatory Biometric Update (MBU) अभियान तेज़ी से संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य बच्चों के आधार विवरण को समय पर अद्यतन कर भविष्य में किसी भी प्रकार की प्रशासनिक या शासकीय बाधा से बचाना है।इसी क्रम में 09 फ़रवरी को जिले के 13 स्कूलों में आयोजित शिविरों के माध्यम से कुल 849 विद्यार्थियों का बायोमेट्रिक अपडेट सफलतापूर्वक किया गया। वहीं आज 10 फ़रवरी को 16 स्कूलों में स्क्क शिविर संचालित किए जा रहे हैं। इसके अलावा 11 फ़रवरी को जिले के 22 विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित किए जाने का कार्यक्रम निर्धारित है।द्धष्टद्ध के अनुसार बच्चों की आयु बढ़ने के साथ उनके बायोमेट्रिक विवरणों में परिवर्तन होता है, ऐसे में समय पर अपडेट न होने पर आधार प्रमाणीकरण में विफलता, छात्रवृत्ति, मध्यान्ह भोजन, साइकिल, ड्रेस, लैपटॉप जैसी शासकीय योजनाओं का लाभ रुक सकता है। साथ ही परीक्षा फॉर्म भरने, लिंकिंग जैसी सेवाओं में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

### 17 से 19 फरवरी तक होगा दस्तावेज का सत्यापन

**धमतरी, 11 फरवरी ।** कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला धमतरी अंतर्गत रिक्त संविदा पदों की पूर्ति हेतु वॉक-इन-इंटरव्यू का आयोजन 15 दिसंबर से 09 जनवरी 2026 तक चिन्हांकित तिथियों में किया गया था। उपरोक्तानुसार विज्ञापित पदों के लिए पात्र अभ्यर्थियों की अंतिम चयन सूची एवं प्रतीक्षा सूची जिले की आधिकारिक वेबसाइट www.dhamtari.gov.in पर प्रकाशित की गई है।चयनित एवं प्रतीक्षारत अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन हेतु पदवार तिथियाँ 17 फरवरी से 19 फरवरी 2026 तक निर्धारित की गई हैं। दस्तावेज सत्यापन प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला धमतरी में किया जाएगा। समस्त अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर स्वयं उपस्थित होकर आवेदन के समय प्रस्तुत किए गए सभी दस्तावेजों की मूल प्रतियाँ अनिवार्य रूप से साथ लाना होगा। निर्धारित समय पर अनुपस्थित रहने की स्थिति में अभ्यर्थी को अयोग्य माना जाएगा। साथ ही यह भी स्पष्ट किया जाता है

### धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत युवाओं को निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण का अवसर

**धमतरी, 11 फरवरी ।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत सम्मिलित ग्रामों के अनुसूचित जनजाति वर्ग के बेरोजगार युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने हेतु प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन, राखी मोड़ के पास कुरूद द्वारा विभिन्न ट्रेड में निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के साथ ही प्रवेश, रहने एवं खाने की सुविधा पूर्णतः निःशुल्क रहेगी।प्रशिक्षण कार्यक्रम में इंटीरियर डिजाइन, ड्राईवाल एवं फाल्स सिलिंग, सोलर पीवी इंस्टालर (सूर्य मित्र), टेक्निशियन वाटर डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम, सोलर पंप इलेक्ट्रिकल एवं प्लंबिंग, होटल इंडस्ट्री सर्विस टेक्निशियन तथा कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री से जुड़े रोजगारोन्मुखी ट्रेड शामिल हैं। प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात संबंधित संस्था द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में प्लेसमेंट जॉब की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

### कलेक्टर ने की राइस मिलर्स के साथ समीक्षा बैठक

**धमतरी, 11 फरवरी ।** कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में खाद्य विभाग के अधिकारियों एवं जिले के समस्त पंजीकृत राइस मिलर्स की बैठक लेकर उपार्जित धान की मिलिंग एवं उठाव की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन सिंह देवहारी, खाद्य अधिकारी श्री बसंत कोरम, उप पंजीयक श्री प्रदीप ठाकुर, जिला विपणन अधिकारी श्री सुनील सिंह राजपूत, नोडल अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक श्री बलरामपुरी गोस्वामी, प्रबंधक भारतीय खाद्य निगम धमतरी श्री मुरारीलाल मीणा, जिला राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री नवीन सांखला, पदाधिकारी श्री राजेश गोलछा सहित धमतरी, कुरूद एवं नगरी क्षेत्र के राइस मिलर्स उपस्थित थे। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने उपार्जित धान की मिलिंग कार्य को गति देने एवं शेष धान का शीघ्र उठाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# धान खरीदी की तारीख बढ़ाने,एक मुश्त राशि देने की मांग को लेकर आप ने किया सीएम निवास का घेराव



**महासमुंद, 11 फरवरी ।** छत्तीसगढ़ में धान खरीदी को लेकर भाजपा सरकार की किसान-विरोधी नीति के कारण प्रदेश के लगभग 3 लाख किसान अब तक धान नहीं बेंच पाये हैं, धान की राशि एक मुश्त देने तथा धान खरीदी की तारीख 28 फरवरी तक बढ़ाने की मांगो को लेकर कल 10 फरवरी 2026 को आम आदमी पार्टी ने रायपुर में मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जिसमें महासमुंद जिले के सैकड़ों आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता घेराव में शामिल हुए।

आम आदमी पार्टी महासमुंद जोन के जोन प्रभारी भूपेन्द्र चन्द्राकर ने बताया कि धान बुवाई से लेकर अब तक सरकार ने किसानों को अनदेखा किया है। कभी बीज नहीं, कभी खाद नहीं और जब धान कट गया तो टोकन के लिए किसानों को भटकना पड़ा और उन्हें अपमानित किया गया। आज भी लगभग 3 लाख किसान धान नहीं बेंच पाये हैं उन्होंने जो कर्जा लिया है वे उसको कैसे पटाएंगे? उन्हें यह सरकार आत्महत्या करने मजबूर कर रही है। धान खरीदी में सरकार पूरी तरह विफल रही है।यह सिर्फ प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि किसानों के खिलाफ सुनियोजित साजिश है। सरकार ने कर्ज लेकर खेती करने वाले किसानों को सड़क पर खड़ा कर दिया है। अगर सरकार ने तुरंत धान खरीदी की तारीख नहीं बढ़ाई, तो आम आदमी पार्टी किसानों के साथ मिलकर आर-पार की लड़ाई लड़ेगी।प्रदेश सचिव संतोष चन्द्राकर ने कहा कि धान बेचने के बाद भी किसानों को उनका पूरा पैसा नहीं मिल पा रहा है। किसान सुबह 4 बजे से को-ऑपरेटिव बैंक के बाहर लाइन में खड़ा रहता है और उसे एक बार में सिर्फ 25 हजार रुपये दिए जा रहे हैं। और सरकार ने साजिश के तहत छोटे किसानों से जबरन रकबा समर्पण करवाया,खरीदी केंद्रों की प्रतिदिन की लिमिट घटाई और टोकन व्यवस्था को जानबूझकर बिगाड़ा। दरअसल सरकार की किसानों से एक एक दाना धान खरीदने की मंशा ही नहीं है।जिलाध्यक्ष राकेश झाबक ने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार और छत्तीसगढ़ में साय सरकार किसानों को बर्बाद करने पर तुली हुई है। केंद्र की अमेरिका से ट्रेड डील किसान-विरोधी नीति का परिणाम है और यह ट्रेड डील आने वाले समय में भारतीय कृषि व्यवस्था को पूरी तरह बर्बाद कर देगी।जिला उपाध्यक्ष गोपाल दास ने कहा कि सरकार ने धान खरीदी 6 फरवरी को बंद कर दिया है उसे 28 फरवरी तक बढ़ाया जाये या जब तक प्रदेश के किसानों का एक एक दाना खरीदने तक किया जाये। आज का यह घेराव किसानों के हक़ की लड़ाई है और जब तक किसानों की मांगें पूरी नहीं होंगी,आम आदमी पार्टी इस आंदोलन और तेज़ करेगी। आज के मुख्यमंत्री निवास घेराव में आम आदमी पार्टी की ओर भूपेन्द्र चन्द्राकर,संतोष चन्द्राकर, राकेश झाबक, सकील खान, मीनाक्षी ठाकुर, गोपाल वैष्णव,भूषण चक्रधारी,खिरोद पटेल, भुनेश्वर साहू,एम डी सागर,संतोषी साहू,सेवाराम साहू,मेघा चन्द्राकर,इरफान खान,अमरीन खान,रामदयाल पटेल,डॉ गजानंद चन्द्राकर,कादिर चौहान,पूनाराम निसाद,गुणसागर चौहान, लल्लू पाव,हेमसागर प्रधान,महेश कर्ष,रूपचंद चक्रधारी, शोभन चक्रधारी, गौतम नेताम,डोंगर चक्रधारी,अनवर खान,सीता दीवान,जगतु बंजारा, अमिताभ बाघ, मीना यादव,कल्पना यादव,माधव सोना,अमित यादव,त्रिलोचन विशाल, हेमलाल साहू,विकास कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

### कलेक्टर ने दवा खिलाकर किया अभियान का शुभारंभ

**महासमुन्द 11 फरवरी ।** जिले में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सामूहिक दवा सेवन (एमडीए) महाभियान का शुभारंभ मंगलवार को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महासमुन्द में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री विनय कुमार ने हितग्राही श्रीमती चमेली निर्मलकर एवं श्रीमती अमावती ठाकुर को अपने हाथों से फाइलेरिया रोधी एल्बेन्डाजोल एवं डीईसी की दवा खिलाकर अभियान की शुरुआत की तथा आमजन को नियमित दवा सेवन के लिए प्रेरित किया।यह महाभियान जिले में 25 फरवरी 2026 तक संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर पात्र नागरिकों को फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराएगी तथा उन्हें बीमारी से बचाव एवं आवश्यक सावधानियों के प्रति जागरूक करेगी।इस अवसर पर कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि फाइलेरिया मच्छरों के काटने से फैलने वाली एक गंभीर बीमारी है, लेकिन समय पर दवा सेवन एवं जनजागरूकता के माध्यम से इसे पूरी तरह समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा वितरित की जा रही दवाओं का अनिवार्य रूप से सेवन करें तथा अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें, ताकि महासमुन्द जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाया जा सके।

## एक नजर

### राजस्व मंत्री ने खिलौरा में डेढ़ करोड़ के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन व लोकार्पण



**बलौदाबाज़ार,11 फरवरी।** राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा मंगलवार को विकासखंड सिमगा के ग्राम खिलौरा पहुंचे। प्रथम खिलौरा आगमन पर राजस्व मंत्री का स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। मंत्री वर्मा ने ग्राम खिलौरा में लगभग डेढ़ करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन और शिलान्यास किया। इसमें 15 लाख रुपए की लागत से निर्मित प्रार्थना शेड,1 करोड़ 2 लाख रुपए की लागत से पानी टंकी,3 लाख रुपए की लागत से निर्मित रंगमंच उन्नयन कार्य और 5 लाख रूपए की लागत से निर्मित मुक्ति धाम अहाता और 5 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन (बाल समाज) का लोकार्पण तथा 10 लाख और 9.85 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले पीडीएस भवन का भूमिपूजन कार्य शामिल हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री वर्मा ने कहा कि क्षेत्र के हर नागरिक के विकास के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्पित है। पूरे प्रदेश में विकास के कार्य तेज गति से चल रहे है, सभी के लिये योजनाये संचालित है जिसका लाभ मिलने से लोग खुश है। प्रदेश में चारों तरफ समृद्धि की बयार बह रही है।उन्होंने उपस्थित स्कूली बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर्र जनपद अध्यक्ष डॉ.दौलत पाल, जिला पंचायत सदस्य दीप्ती गोविंद वर्मा, नर्मदा जीवन साहु सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### भाठागांव चौक से तिफरा चौक तक निर्माणाधीन सड़क डामरीकरण तेज गति से करवाकर शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश



**रायपुर 11 फरवरी।** नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मती मीनल चौबे ने भाठागांव मार्ग में बार - बार पाईप लाईन लीकेज होने को लेकर गहन नाराजगी व्यक्त की है और पाईप लाईन लीकेज और गन्दा पानी की समस्या आने पर तत्काल स्पाट पर उसको श्रेष्ठ तकनीकी रूप में सुधार कर पाईप लाईन लीकेज सुधार हेतु सड़क पर किया गया गड्ढा तत्काल बन्द करवाने के निर्देश दिए हैं, ताकि इससे संभावित सड़क दुर्घटना की आशंका ना रहने पाए. इस कार्य को प्राथमिकता से करवाने के निर्देश महापौर ने दिए हैं. महापौर मती मीनल चौबे ने नगर निगम नगरीय नियोजन एवं भवन अनुज्ञा विभाग के अध्यक्ष मनोज वर्मा और लोक कर्म विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल सहित नगर निगम अधीक्षण अभियंता इमरान खान और उप अभियंता रमेश पटेल की उपस्थिति में भाठागांव चौक से तिफरा चौक तक 15वें वित्त आयोग मद से लगभग 3 करोड़ 43 लाख रूपये की लागत से निर्माणाधीन सड़क डामरीकरण कार्य की प्रगति का प्रत्यक्ष अवलोकन कर स्थल समीक्षा की और निर्माणाधीन सड़क डामरीकरण कार्य को तत्काल गतिमान करते हुए सतत मॉनिटरिंग करवाकर उच्च स्तरीय गुणवत्ता सहित पूर्ण करवाना जनहित में जनउपयोग की दृष्टि से प्राथमिकता से सुनिश्चित करवाने निर्देशित किया.

### कलेक्टर की अध्यक्षता में सुरक्षित इंटरनेट दिवस का हुआ आयोजन

**राजनांदगांव 11 फरवरी।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सुरक्षित इंटरनेट दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बताया गया कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रत्येक वर्ष फरवरी माह के द्वितीय मंगलवार को सुरक्षित इंटरनेट दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दौरान दैनिक जीवन में सुरक्षित इंटरनेट के उपयोग तथा इंटरनेट से होने वाले लाभ एवं सावधानी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रजेंटेशन के माध्यम से शासन के दैनिक कार्य एवं नागरिकों को सुरक्षित इंटरनेट के उपयोग के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुये इंटरनेट एवं एआई के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग के संबंध में जागरूक करने के बारे में बताया गया। डिजिटल पेमेंट, ईशापिंग, ईलर्निंग तथा सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले स्कैम से सावधानी रखने के उपाय बताया गया। साथ ही किसी भी अनजान व्यक्ति को ओटीपी शेयर नहीं करने कहा गया। इस दौरान बताया गया कि डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई चीज नहीं होने की जानकारी दी गई। वर्तमान में आम लोगों से ओटीपी स्कैम, यूपीआई स्कैम, डिजिटल अरेस्ट, फिशिंग, नकली एसएमएस, अज्ञात एपीके फाईल, वित्तीय धोखाधड़ी, व्हाट्सअप वाईस, वीडियो काल के माध्यम से व्यापक पैमाने पर ठगी का कार्य किया जा रहा है। जिससे आम नागरिकों को इन स्कैम से बचने के प्रभावी तरीके बताये गये। जिसमें अनजान व्यक्तियों को ओटीपी नहीं देना, एपीके फाईल को नहीं खोलना, सोशल मीडिया में व्यक्तिगत जानकारी शेयर नहीं करने सहित अन्य सावधानी के बारे में बताया गया।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सु सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ एम भार्गव, सहायक प्रबंधक जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी आशीष स्वर्णकार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पंचायतों में कृषि चौपाल का आयोजन 27 फ़रवरी तक, मिलेगी किसानों को योजनाओं की जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार,11 फरवरी।** कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में कृषि विभाग एवं समवर्गीय विभागों द्वारा संयुक्त रूप से योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं किसानों को योजनाओं का लाभ दिलाये जाने के उद्देश्य से 10 से 27 फरवरी 2026 तक कृषि चौपाल का आयोजन ग्राम पंचायत स्तर पर किया जा रहा है। चौपाल में किसान उपस्थित होकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभ ले सकते हैं।कृषि चौपाल का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से संबंधित समस्याओं का निराकरण एवं पात्र शेष किसानों का सत्यापन कर नवीन पंजीयन करना है। योजना का उद्देश्य कृषि भूमिधारक पात्र कृषक परिवारों को कृषि आदान सामग्री की पूर्ति सुनिश्चित् करने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना है। योजना के तहत् पंजीकृत पात्र कृषकों को प्रति वर्ष 6000 रुपये की राशि दो-दो हजार की तीन समान किस्तों में प्रदान की जाती है।

उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक ने बताया कि जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत राज्य में सबसे अधिक 127367 किसानों को योजना का लाभ प्राप्त हुआ है। कृषि चौपाल में पीएम-किसान योजना अंतर्गत किसानों के पंजीयन की स्थिति, ई-केवायसी, भूमि विवरण, बैंक आधार सीडिंग, संदिग्ध पंजीयनों की पहचान एवं सत्यापन तथा पंजीकृत हितग्राहियों द्वारा एग्री स्टेक के माध्यम से फार्मर आईडी निर्माण आदि की जानकारी से अवगत कराया जा रहा है जिससे कि आगे भी पीएम-किसान योजना का निरंतर लाभ प्राप्त कर सके। साथ ही पीएम-किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत पंजीकृत लघु एवं सीमांत किसान जिनकी उम्र 18 से 40 वर्ष के मध्य है उन्हे केन्द्र सरकार की पेंशन योजना प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए, ग्राहक सेवा केन्द्रों के माध्यम से पंजीयन कराया जा रहा है।

प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) योजना अंतर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य में चना, मसूर एवं सरसों फसलों की खरीदी हेतु जानकारी देना एवं पंजीयन करना। इस योजना हेतु जिले के 5 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति बलौदाबाजार, अमेरा, धुर्राबांधा, सिमगा एवं कसडोल को अधिसूचित किया गया है। किसान, उक्त सहकारी समितियों अथवा ग्राहक सेवा केन्द्रों में संपर्क कर एनसीसीएफ की पोर्टल ई-समयुक्ति में अपना पंजीयन करा सकते हैं। साथ ही खरीफफसलों हेतु उर्वरकों का अग्रीम उठाव अपने संबंधित सहकारी समितियों के माध्यम से वर्तमान में कर लेवें, ताकि बाद में उर्वरक की कमी की समस्या न हो। किसानों को शिविर में प्राकृतिक खेती की जानकारी प्रदान की जावेगी। साथ ही प्राकृतिक खेती में उपयोग होने वाले आदान सामग्रियों के निर्माण एवं उपयोग तथा लाभ के संबंध में अवगत कराया जावेगा। किसान भाई खेती-किसानी के प्रयोग में आने वाली आदान सामग्रियों जैसे - खाद, उन्नत बीज, कृषि यंत्र, पौध संरक्षण, कीटव्याधि एवं उन्नत कृषि तकनीक आदि की जानकारी एवं सलाह प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही कृषि कार्यों एवं योजनाओं के संबंध में आने वाली समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त कर उचित निराकरण करा सकते है।

**तहसील साहू समाज मगरलोड का शपथ ग्रहण समारोह**

# सामाजिक संस्कार, युवाओं की दिशा और शिक्षा पर वक्ताओं ने दिया जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**मगरलोड 11 फरवरी।** तहसील साहू संघ मगरलोड का शपथ ग्रहण समारोह मंगलवार, 10 फरवरी को कर्मा भवन मगरलोड में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज की एकता, संस्कार, युवाओं की दिशा और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गंभीर चिंतन किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला साहू संघ धमतरी के अध्यक्ष गणेश राम साहू रहे, जबकि अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष वीरेंद्र साहू ने की। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला साहू संघ उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार साहू, निर्मला साहू, जिला संगठन सचिव सुभाष साहू एवं जिला पंचायत सभापति मीना साहू उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि गणेश राम साहू ने नवनिर्वाचित तहसील साहू संघ मगरलोड के अध्यक्ष रोहित साहू, उपाध्यक्ष छन्नू राम साहू, महिला उपाध्यक्ष भानु प्रिया साहू, संगठन सचिव जितेंद्र साहू एवं महिला संगठन सचिव भामिनी साहू को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इसके पश्चात अध्यक्ष रोहित साहू द्वारा तहसील साहू संघ की कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें संरक्षक, संयोजक, अंकेक्षक, सलाहकार, युवा प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ, व्यापारी प्रकोष्ठ, कर्मचारी प्रकोष्ठ, मीडिया एवं मंदिर प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों को भी मुख्य अतिथि द्वारा शपथ दिलाई गई।

मुख्य अतिथि गणेश राम साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज में अंतरजातीय एवं अंतरधर्म विवाह, नशाखोरी जैसी चुनौतियों पर गंभीरता से चिंतन की आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं एवं युवतियों में संस्कार विकसित करने हेतु जिला स्तर पर समर कैंप के माध्यम से सामाजिक समरसता प्रशिक्षण आयोजित करने पर जोर दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनपद अध्यक्ष वीरेंद्र साहू ने कहा कि समाज में हर बच्चे को शिक्षा और हर युवा को सही दिशा मिलना अत्यंत आवश्यक है। दिशाहीनता के कारण आज युवा भटक रहे हैं। समाज में संगठन, एकता और विकास के लिए सभी की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने कहा कि साहू समाज में धन, पद और प्रतिष्ठा है, लेकिन युवाओं में संस्कारों को और मजबूत करने की आवश्यकता है।

जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र साहू ने समाज को संगठित बताते हुए कर्मा माता मंदिर भवन की व्यवस्था हेतु सामाजिक व राजनीतिक पदाधिकारियों से सहयोग राशि एकत्र करने का सुझाव दिया। जिला संगठन सचिव सुभाष साहू एवं जिला महासचिव विजय साहू ने समाज सुधार, उत्थान एवं सामाजिक दायित्वों पर अपने विचार रखे। नव नियुक्त तहसील साहू संघ अध्यक्ष रोहित साहू ने कहा कि यह दिन केवल शपथ ग्रहण का नहीं, बल्कि समाज निर्माण के संकल्प का दिन है। उन्होंने समाज सेवक के रूप में कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम का संचालन कर्मचारी प्रकोष्ठ प्रमुख आत्माराम साहू ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन साहू संघ मगरलोड परिक्षेत्र अध्यक्ष सुरेश साहू ने किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष लिलेश साहू, जनपद सभापति तिलोत्मा साहू, नंदनी साहू, दुर्गेश्वरी साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष श्याम साहू, महेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिक पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग की दी गई जानकारी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 11 फरवरी।** एन.आई.सी., जिला इकाई द्वारा कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मंगलवार को सुरक्षित इंटरनेट दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिसमें कलेक्टर दीपक सोनी, डी.एफओ. गणवीर धम्मशील एवं अन्य जिला सअधिकारी तथा बड़ी संख्या में कार्यालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे । कार्यक्रम में कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा सभी अधिकारी ङ्क कर्मचारियों को इंटरनेट के विभिन्न माध्यमों में सुरक्षित रुप से उपयोग तथा इसका प्रचार प्रसार अपने आस-पास के अन्य लोगों से करने हेतु प्रेरित किया। संयुक्त निदेशक (आई.टी.) सत्यनारायण प्रधान ने इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग, उसके सम्भावित खतरे, सावधानियाँ व बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रजेंटेशन के माध्यम से दिये7 कार्यशाला में विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते प्रभाव पर चर्चा की गयी। जहाँ ए आई शिक्षा और कार्यक्षमता बढ़ाने में सहायक है, वहीं इसके जरिए फैल रहे डीपफेक विडियो और डेटा प्राइवेसी जैसे खतरों से सावधान रहने की भी आवश्यकता है,। किसी भी ए आई टूल का उपयोग करते समय अपनी व्यक्तिगत और संवेदनशील जानकारी साझा न करें। वित्तीय सुरक्षा पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि इंटरनेट बैंकिंग का उपयोग करते समय हमेशा बैंक की आधिकारिक वेबसाइट और सुरक्षित नेटवर्क का ही प्रयोग करें, सार्वजनिक वाई-फाई से वित्तीय लेनदेन करने से बचें और अपने पासवर्ड व पिन को समय-समय पर बदलते रहें। कार्यशाला में एआई के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग के लिए शपथ दिलाई गयी तथा सेफर इंटरनेट डे 2026 के वेबसाइट www.staysafeonline.in पर उपलब्ध विडियो का प्रस्तुतीकरण भी किया गया।

### सीईओ जिला पंचायत ने जनदर्शन में सुनी जनसामान्य की समस्याएं

**राजनांदगांव 11 फरवरी।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने कलेक्टोरेट में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की शिकायत एवं समस्याओं को सुनी। सीईओ जिला पंचायत ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए निर्देश दिए। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, आधार कार्ड अपडेशन, ऑनलाईन रिकार्ड दुरूस्त करने सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम श्री अतुल विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर सहित अधिकारियों ने सामूहिक दवा सेवन कर फाइलेरिया उन्मूलन अभियान में की सहभागिता



**बलौदाबाजार,11 फरवरी।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान अंतर्गत दवा सेवन कार्यक्रम अंतर्गत मंगलवार को सामूहिक दवा सेवन गतिविधि की शुरुआत जिले में हुई। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारियों ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सामूहिक रूप से दवा सेवन कर अभियान में सहभगीता की। कलेक्टर श्री सोनी ने कहा कि फ़ाइलेरिया बीमारी को जड़ से समाप्त करने की इस राष्ट्रीय अभियान में सभी अपनी सहभागिता दें। दवा को स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रशिक्षित कार्यकर्त्ता की उपस्थिति में ही खिलाएं।इस हेतु टीम गठन,बूथ का चिन्हांकन, प्रशिक्षण ,दवाई की व्यवस्था जैसी जरूरी तैयारी पूर्ण कर ली गई हैं। । कलेक्टर द्वारा अभियान की कड़ाई से निगरानी की भी बात कही। अभियान में लापरवाही होने पर कार्यवाही भी की जाएगी। सीएमएचओ डॉ. राजेश अवस्थी ने बताया कि 10 फरवरी से 25 फरवरी तक ज़ारी रहने वाले इस सामूहिक दवा सेवन गतिविधि में आरंभ के तीन दिन बूथ वार दवाई का सेवन कराया जाएगा।13 से 22 फरवरी तक स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर दवाई सेवन कराएगी जबकि 23 से 25 फरवरी के बीच मॉप अप राउंड में छूटे हुए लोगों तक पहुँचने का प्रयास किया जायेगा।

कलेक्टर श्री सोनी ने समय सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो की समीक्ष करते हुए गिरौदपुरी मेला की तैयारी हेतु सबंधित अधिकारियो को जरुरी निर्देश दिये। उन्होंने सभी तैयारियां 18 फरवरी तक पूरा करने कहा। उन्होंने बताया कि मेले में सुदृढ़ क़ानून -व्यवस्था हेतु राज्य स्तर से राज्य प्रशासनिक सेवा के 22 अधिकारियो की ड्यूटी लगाई जा रही है। मेला स्थल में इस बार 50 सीसीटीवी कैमरा, साफ -सफाई के लिये सहयता समूह, स्वच्छग्रही एवं नगर पालिका की सफाई कर्मचारियों की लगभग 400 की ड्यूटी लगाई जाएगी। 10 स्थानों पर अस्थायी मेडिकल कैम्प, 6 बेड का स्थायी अस्पताल,10 एम्बुलेंस, 30 वाहन पार्किंग, 9 पुलिस कंट्रोल रूम 250 अस्थायी टेप नल, 37 टैंकर 5 फायर ब्रिगेड आदि की तैनाती रहेगी। इसके साथ ही मेले में जन सुविधाओं की जानकारी लोगों को आसानी से उपलब्ध कराने वेब साईट का भी निर्माण कराया जा रहा है। बैठक में डीएफओ गणवीर धम्मशील, अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते, अभिषेक गुप्ता, अवध राम टंडन, निशा नेताम मड़ावी सहित एसडीएम, तहसील जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के. जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# संजय चौधरी बने जिला उपाध्यक्ष,प्रखर शर्मा को सरायपाली शहर की कमान

**सरायपाली/महासमुंद 11 फरवरी।** युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमन चंद्राकर ने युवा कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी की घोषणा की है। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी श्री मनीष शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री उदयभानु चिब, छत्तीसगढ़ प्रभारी श्री अमीत पठानियां, सह प्रभारी डॉ. मोनिका मंडरे, प्रदेश अध्यक्ष श्री आकाश शर्मा एवं जिला प्रभारी वि ंत साहू,सह-प्रभारी श्री सतीश सिंह ठाकुर के निर्देशानुसार तथा पूर्व विधायक देवेंद्र बहादुर सिंह जी एवं सरायपाली विधायक श्री चातुरी नंद की सहमति से युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्री अमन चंद्राकर द्वारा महासमुंद जिला युवा कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी एवं सरायपाली विधानसभा अंतर्गत ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। इन नियुक्ति यों के अंतर्गत सरायपाली विधानसभा से युवा नेता संजय चौधरी को महासमुंद जिला युवा कांग्रेस का जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गयी है, वहीं लोकेश चौधरी को जिला सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही सरायपाली विधानसभा क्षेत्र से युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष पंकज बीसी की अनुशंसा पर चार ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है,जिनमें सरायपाली शहर से प्रखर शर्मा, सरायपाली ग्रामीण से सुनील नायक, छुईपाली से विनय भोई तथा भंवरपुर से गिरवर वारे को युवा कांग्रेस का ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।इसके अतिरिक्त युवा कांग्रेस सरायपाली विधानसभा की सोशल मीडिया की जिम्मेदारी सौरभ सतपथी एवं प्रद्युमन शर्मा को दी गई है। इन नियुक्ति यों से सरायपाली क्षेत्र के युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। इस अवसर पर नव नियुक्त जिला उपाध्यक्ष संजय चौधरी ने युवा कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष, युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष अमन चंद्राकर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार की वादाखिलाफी, बढ़ती महंगाई एवं बेरोजगारी के खिलाफ युवा कांग्रेस मजबूती से जनता की आवाज उठाती रहेगी। उन्होंने कहा कि संगठन ने जिस विश्वास के साथ जिम्मेदारी सौंपी है, उसके निर्वहन में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

**बनसांकरा हाई स्कूल के वार्षिकोत्सव में शामिल हुए विधायक साव**

# सफलता के लिए निरंतर परिश्रम अनुशासन व धैर्य जरूरी: इंद्र साव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सिमगा 11 फरवरी।** ग्राम बनसांकरा के हाई स्कूल में वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन विधायक इन्द्र साव के मुख्य आतिथ्य में एवं ग्राम सरपंच, पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। स्कूल के प्राचार्य आर के ध्रुव एवं शिक्षकों द्वारा विधायक सहित सभी अतिथियों का फूलमाला एवं बुके भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। विधायक इन्द्र साव ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में विधायक इन्द्र साव ने विद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों को वार्षिकोत्सव की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि वार्षिकोत्सव केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की प्रतिभा, परिश्रम और आत्मविश्वास को मंच देने का अवसर होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को सफलता का मंत्र देते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, इसके लिए निरंतर परिश्रम, अनुशासन और धैर्य आवश्यक है। लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदार हो तो कोई भी छात्र अपनी मंज़िल अवश्य प्राप्त कर सकता है।

विधायक श्री साव ने अपने छात्र जीवन को याद करते हुए कहा कि वे भी सरकारी विद्यालय में पढ़े हैं, जहाँ सीमित संसाधनों के बावजूद शिक्षकों के मार्गदर्शन और कड़ी मेहनत से आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली। उन्होंने कहा कि स्कूल का समय जीवन की सबसे मजबूत नींव होता है, यहीं से संस्कार, अनुशासन और संघर्ष की सीख मिलती है, जो आगे चलकर जीवन में सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने विद्यार्थियों से मोबाइल और सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से बचने, समय का सदुपयोग करने तथा पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने का आह्वान किया।

इस अवसर पर ग्राम सरपंच की मांग पर विधायक इन्द्र साव ने विद्यालय परिसर में साइकिल स्टैंड एवं प्रार्थना शेड निर्माण की स्वीकृति भी प्रदान की। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया ने शिक्षकों के सम्मान पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षक दीपक की तरह स्वयं जलकर बच्चों के जीवन को प्रकाशित करते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन, परिश्रम और ईमानदारी को अपनाकर किसी भी परीक्षा में सफलता पाई जा सकती है। कार्यक्रम के दौरान विधायक इन्द्र साव ने खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए। वहीं विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया और सामाजिक एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में ग्राम सरपंच राहुल ठाकुर ने सभी अतिथियों, ग्रामीणजनों एवं पालकगणों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद सुनीता यादव, चंद्रकला साहू, पूर्व जनपद सदस्य गंगा ओगरे, कोमल टंडन, दिनेश साहू, लाला वर्मा, मनोज टोंडे, सरपंच हेमंत वर्मा, भागवत मिरी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण, ग्रामीणजन एवं पालक गण उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202602092200015**

**विषयः-ब-121**
**मामले की श्रेणीः- राजस्व**
**सनः- 2025-2026**
**डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [(हे.)]**
**पक्षकारों का विवरण -**
**आवेदक पक्षकार मुख्तार सिद्दिकी,**
**अनावेदक पक्षकार -**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुख्तार सिद्दिकी आ. स्व. तफज्जुल हुसैन उम्र 67 वर्ष लगभग निवासी पुराना बस स्टैंड हाई स्कूल चौक डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के स्वयं मुख्तार सिद्दिकी आ. स्व. तफज्जुल हुसैन का जन्म दिनांक 20/06/1958 को डोंगरगढ़ में हुआ है, के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 23/02/2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04/02/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

**तहसीलदार**
**डोंगरगढ़**

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202602092200016**

**विषयः-ब-121**
**मामले की श्रेणीः- राजस्व**
**सनः- 2025-2026**
**डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [(हे.)]**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार -शाहीन अफरोज मलिक,**
**अनावेदक पक्षकार -**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शाहीन अफरोज मलिक पति श्री जमील अहमद मलिक उम्र 53 वर्ष लगभग निवासी हाल मुकाम जाफर नगर नागपुर (महाराष्ट्र) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के स्वयं शाहीन अफरोज आ. स्व. तफज्जुल हुसैन का जन्म दिनांक 22/02/1956 को डोंगरगढ़ में हुआ है, के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 23/02/2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04/02/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

**तहसीलदार**
**डोंगरगढ़**

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202602092200017**

**विषयः-ब-121**
**मामले की श्रेणीः- राजस्व**
**सनः- 2025-2026**
**डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [(हे.)]**
**पक्षकारों का विवरण -**
**आवेदक पक्षकार - शहनवाज मलिक,**
**अनावेदक पक्षकार -**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शहनवाज मलिक पति श्री जमील अहमद मलिक उम्र 42 वर्ष लगभग निवासी हाल मुकाम जाफर नगर नागपुर (महाराष्ट्र) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के स्वयं शहनवाज मलिक आ. स्व. तफज्जुल हुसैन का जन्म दिनांक 05/02/1983 को डोंगरगढ़ में हुआ है, के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 23/02/2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04/02/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

**तहसीलदार**
**डोंगरगढ़**

PICTURE-स्टोरी



रायपुर, 11 फरवरी। शास्त्री चौक के पास सड़क किनारे रखे यूनीपोल दुर्घटना को आमंत्रित कर रहे हैं।

## खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को पदोन्नति,12 जिलों के अधिकारी प्रभावित

**रायपुर 11 फरवरी।** छत्तीसगढ़ शासन के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने खाद्य एवं औषधि प्रशासन में कार्यरत 12 खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को पदोन्नति का तोहफा दिया है। विभाग द्वारा जारी एक आधिकारिक आदेश के मुताबिक, इन अधिकारियों को वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी के पद पर पदोन्नत किया गया है। यह फैसला विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा के आधार पर लिया गया है। जारी आदेश के अनुसार, इन सभी अधिकारियों को वेतन मैट्रिक्स लेवल-10 के तहत अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक नई पदस्थापना दी गई है। स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया ने इस संबंध में आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके बाद पदोन्नति की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया है। विभाग ने पदोन्नत हुए सभी अधिकारियों के लिए एक स्पष्ट समय-सीमा भी निर्धारित की है। आदेश में साफ तौर पर कहा गया है कि सभी 12 अधिकारियों को यह आदेश जारी होने की तारीख से 15 दिनों के भीतर अपनी नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करना होगा। जिन अधिकारियों को पदोन्नत किया है उनमें खीरसागर बिलासपुर नई पदस्थापना, अंकित गुप्ता जगदलपुर, अजीत बघेल जांजगीर, राखी ठाकुर जशपुर, नेमीचंद पटेल रायगढ़, ऋचा शर्मा दुर्ग, साधना चंद्राकर राजनांदगांव, रोशनी राजपूत महासमुंद, कंचन वर्मा रायपुर, राजू कुर्रे कांकेर, विकास भगत कोरबा तथा बृजेन्द्र भारतीय बलौदाबाजार भाटापारा शामिल है।

# कार के अंदर सिंथेटिक ड्रग्स लेते युवकों का वीडियो वायरल, पुलिस जांच में जुटी



**रायपुर 11 फरवरी।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में ड्रग्स कारोबार को लेकर चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां चार युवक कार के अंदर खुलेआम सिंथेटिक ड्रग्स का सेवन करते नजर आए और पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कार के अंदर बैठे चार युवकों में से दो युवक तीसरे युवक से ड्रग्स लेते समय कह रहे हैं कि ÷धीरे-धीरेज हाथ नहीं हिलाना, आराम से खींच, जबकि चौथा युवक पूरी घटना का वीडियो बना रहा है।

यह वीडियो राजधानी में नशे के बढ़ते जाल और युवाओं में ड्रग्स के खुले इस्तेमाल की भयावह तस्वीर पेश कर रहा है। वीडियो सामने आने के बाद हड़कंप मच गया और पुलिस महकमा तुरंत हरकत में आ गया।

रायपुर पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है और वीडियो में दिख रहे युवकों की पहचान की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि युवक किस इलाके के हैं, ड्रग्स कहां से लाई गई और इसके पीछे किसी बड़े नेटवर्क का हाथ तो नहीं है। राजधानी में खुलेआम ड्रग्स सेवन का यह मामला कानून-व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर रहा है, वहीं पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय को जयंती पर श्रद्धांजलि



**रायपुर 11 फरवरी।** आज नगर पालिक निगम के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर निगम जोन 9 के सहयोग से एकात्म मानववाद सिद्धांत के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर तेलीबांधा रिंगरोड तिराहा पर स्थित उनके प्रतिमा स्थल के समक्ष उन्हें सादर नमन करने संक्षिप्त पुष्पांजलि आयोजन रखा गया। आयोजन में पहुंचकर राजधानी शहर की प्रथम नागरिक नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने समस्त राजधानीवासियों की ओर से महामानव पंडित दीनदयाल उपाध्याय को पुण्यतिथि पर आदरांजलि अर्पित की। नगर निगम संस्कृति विभाग और जोन 9 के संक्षिप्त पुष्पांजलि आयोजन में पहुंचकर प्रमुख रूप से रायपुर दक्षिण विधायक श्री सुनील सोनी, नगर निगम रायपुर के सभापति श्री सूर्यकांत राठौड़, छ.ग. राज्य नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष श्री संजय श्रीवास्तव, छ.ग. राज्य लौह शिल्पकार विकास बोर्ड अध्यक्ष श्री प्रफुल्ल विश्वकर्मा, छ.ग. राज्य अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष श्री अमरजीत सिंह छाबडा, नगर निगम रायपुर संस्कृति विभाग अध्यक्ष श्री अमर गिदवानी, जोन 10 जोन अध्यक्ष श्री सचिन बी. मेघानी, जोन 6 जोन अध्यक्ष श्री बद्री प्रसाद गुप्ता, पार्षद श्रीमती पुष्पा रोहित साहू, पूर्व नेताप्रतिपक्ष श्री सुभाष तिवारी सहित महिलाओ, गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, नवयुवको, आमजनो ने महामानव पंडित दीनदयाल उपाध्याय को पुण्यतिथि पर प्रतिमा स्थल पर बड़ी संख्या में पहुंचकर सादर नमन किया।

# माशिमं में एनएसयूआई का अनोखा प्रदर्शन

### गुल्लक और गहनों के साथ पहुंचे छात्र, ह्यह्यह्यपरीक्षा शुल्क वृद्धि वापस लेने की मांग की

**रायपुर 11 फरवरी।** छत्तीसगढ़ में 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा फॉर्म शुल्क में की गई बढ़ोतरी को लेकर छात्र राजनीति तेज हो गई है। राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने इस फैसले के विरोध में रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व एनएसयूआई प्रभारी महामंत्री हेमंत पाल ने किया। प्रदर्शन को प्रतीकात्मक रूप से अलग अंदाज देने के लिए एनएसयूआई कार्यकर्ता गुल्लक, नकदी और गहने लेकर माशिमं कार्यालय पहुंचे। संगठन का कहना है कि यह प्रदर्शन इस बात को दर्शाता है कि परीक्षा शुल्क में बढ़ोतरी से गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चों को अपनी छोटी-छोटी बचत तक तोड़नी पड़ रही है।

एनएसयूआई महामंत्री हेमंत पाल ने आरोप लगाया कि मौजूदा नीतियों के चलते शिक्षा व्यवस्था पर दबाव बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी के दौर में परीक्षा शुल्क में वृद्धि करना छात्रों के भविष्य पर अतिरिक्त बोझ डालने जैसा है। उन्होंने कहा, शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है। यदि शुल्क इतना बढ़ा दिया जाए कि गरीब परिवारों के लिए बच्चों की पढ़ाई जारी रखना मुश्किल हो जाए, तो यह सामाजिक असमानता को और बढ़ाएगा। एनएसयूआई का कहना है कि शिक्षा क्षेत्र में लिए जा रहे कई फैसले छात्रों के हित में नहीं हैं। 10वीं और 12वीं जैसी महत्वपूर्ण बोर्ड परीक्षाओं का शुल्क बढ़ाने से हजारों परिवार प्रभावित होंगे। एनएसयूआई ने चेतावनी दी है कि यदि परीक्षा शुल्क वृद्धि का निर्णय वापस नहीं लिया गया तो संगठन प्रदेश स्तर पर व्यापक आंदोलन करेगा। प्रदर्शन में प्रदेश सचिव कुणाल दुबे, गावेश साहू, अंकित बंजारे, ओज पांडेय, शेख अर्सलान, तनिष्क मिश्रा, मनीष साहू, प्रियांशु मिंज और पुष्पेंद्र जायसवाल सहित अन्य छात्र नेता मौजूद रहे।



**एनएसयूआई की प्रमुख मांगें**

- ★10वीं एवं 12वीं परीक्षा फॉर्म की बढ़ी हुई फीस तत्काल प्रभाव से वापस ली जाए।
- ★आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों को विशेष राहत दी जाए।
- ★ शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के ठोस कदम उठाए जाएं।
- ★ शिक्षा को लाभ का माध्यम बनाने की नीति पर पुनर्विचार किया जाए।

## भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर : बैज

**रायपुर 11 फरवरी।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि 2 साल में ही भाजपा सरकार जनता की नजरों से गिर गई है, अब भाजपा के ही सांसद, विधायक अपने सरकार के क्रियाकलापों के खिलाफ खुलकर मोर्चा खोल रहे हैं। राजिम कुंभ में करोड़ों रुपए का बजट कहां खर्च हुआ? जब वहां भारी अव्यवस्था है साधु संतों से लेकर स्थानीय कलाकारों का अपमान हो रहा है, श्रद्धालुओं को भारी अव्यवस्थाओं का सामना करना पड़ रहा है। कोई ढंग का इंतजाम नहीं है फिर पैसे कहां खर्च किया गया? क्या कुंभ के आयोजन के नाम से भ्रष्टाचार कर उसमें भी बंदरबांट किया जा रहा है? भाजपा विधायक रोहित साहू मेला स्थल में अधिकारियों पर भड़ास निकालकर जनता को भ्रमित कर रहे है क्योंकि कुंभ के आयोजन में वो भी कमेटी में है। ऐसे में उनकी नाराजगी बताती है कि सरकार में कितना भर्राशाही चल रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि वरिष्ठ भाजपा नेता ननकी राम कंवर लगातार सरकार के भ्रष्टाचार और प्रशासनिक अराजकता के खिलाफ आवाज उठा रहे लेकिन उनके आवाज की अनदेखी की जा रही। ननकी राम के आरोपों पर सरकार की चुप्पी बताती है कि सभी गड़बड़ियां सरकार के इशारे पर हो रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि जम्बूरी में करोड़ो रुपया की गड़बड़ी हुई।



**रायपुर 11 फरवरी।** नहरपारा विकास समिति के कार्यकारी अध्यक्ष एवं स्टेशन रोड गुरुद्वारा के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी कुलदीप सिंह चावला सहित कई लोगों ने रमेश आहूजा को शादी की 47वीं सालगिरह की शुभकामनाएं दी।

## एनपीके खाद और पोटाश की कीमतों में वृद्धिः कांग्रेस

**रायपुर 11 फरवरी।** एनपीके खाद और पोटाश की कीमतों में वृद्धि को किसानों के साथ अन्याय बताते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि एक तरफ सरकार विगत दो वर्षों से धान के एमएसपी में वृद्धि का लाभ किसानों को नहीं दे रही है, तो वहीं दूसरी ओर खाद की कीमतों में लगातार वृद्धि कर रही है। एनपीके की कीमत 1,720 रुपए प्रति बोरी से बढ़ाकर 1,900 रुपए और पोटाश की कीमत 1,500 से बढ़ाकर 1,800 रुपए प्रति बोरी कर दिया गया है, एनपीके की कीमत पिछले दो सालों में 430 रुपए प्रति बोरी बढ़ाया गया है, अर्थात 860 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ है, इसका सीधा नुकसान किसानों को उठाना पड़ रहा है, उत्पादन लागत लगातार बढ़ रहा है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसानों से छल कर रही है। यूरिया खाद में नाइट्रोजन की मात्रा 46 प्रतिशत से घटाकर 37 प्रतिशत कर दिया गया है, और इसमें 17 प्रतिशत सल्फर की मिलावट की जा रही है। पहले प्रति बैग यूरिया में लगभग 23 किलोग्राम नाइट्रोजन मिलता था, अब घटकर यह मात्र 15 किलोग्राम रह गया है, इसका मतलब साफ है कि प्रति किलोग्राम नाइट्रोजन उर्वरक खरीदने के लिए किसानों को पहले की तुलना में 37 प्रतिशत अधिक कीमत चुकानी पड़ेगी। अधिक सल्फर की मात्रा अनाज, दलहन और तिलहन के फसलों के लिए नुकसानदेह होगा। 50 किलो की बोरी के स्थान पर 40 किलो वजन का बैग बनाया जा रहा है, अर्थात बोरी का वजन और उसमें नाइट्रोजन की मात्रा दोनों घटाने के साथ ही अनुपयोगी गुणवत्ताहीन नैनो यूरिया थोपने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। किसानों के हिस्से के सब्सिडी वाले यूरिया का दुरुपयोग सत्ता के संरक्षण में उद्योगपतियों की फैक्ट्रियों में हो रहा है।

# कैट नेशनल ट्रेड एक्सपो में महिला सशक्तिकरण को मिला नया आयाम

**रायपुर 11 फरवरी।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स द्वारा आयोजित नेशनल ट्रेड एक्सपो में इस वर्ष महिला सशक्तिकरण को केंद्र में रखते हुए महिलाओं की रिकॉर्ड भागीदारी देखने को मिल रही है। विशेष रूप से तैयार किया गया पिंक पवेलियन छत्तीसगढ़ की महिला उद्यमियों को एक सशक्त राष्ट्रीय मंच प्रदान करेगा, जहां वे अपने उत्पादों, हुनर और उद्यमशीलता का प्रदर्शन करेंगी।

पिंक पवेलियन में छत्तीसगढ़ की महिलाओं द्वारा निर्मित हस्तशिल्प, पारंपरिक उत्पाद, फैशन, फूड प्रोसेसिंग, होममेड एवं स्टार्टअप आधारित उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। यह पहल महिला व्यापारियों को न केवल आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगी, बल्कि उन्हें नए व्यापारिक अवसर, नेटवर्किंग और बाजार विस्तार का मार्ग भी प्रशस्त करेगी।

इस अवसर पर कैट महिला अध्यक्ष श्रीमती मधु अरोड़ा ने कहा कि कैट नेशनल ट्रेड एक्सपो के माध्यम से महिलाओं को एक ऐसा मंच दिया जा रहा है, जहां वे अपने हुनर और व्यापारिक क्षमताओं को पूरे देश के सामने प्रस्तुत कर सकें। पिंक पवेलियन महिला आत्मनिर्भरता और उद्यमिता का सशक्त प्रतीक बनेगा।



उन्होंने आगे कहा कि आज की महिलाएं केवल घरेलू दायित्वों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे व्यापार, उद्योग और स्टार्टअप की दुनिया में मजबूती से कदम रख रही हैं।कैट का उद्देश्य है कि हर महिला व्यापारी को प्रोत्साहन, मार्गदर्शन और अवसर मिले, जिससे उनका व्यवसाय नई ऊंचाइयों तक पहुंचे। श्रीमती अरोड़ा ने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ की महिला उद्यमियों में अपार प्रतिभा है। पिंक पवेलियन के माध्यम से उन्हें राष्ट्रीय पहचान मिलेगी और इससे महिला व्यापार को नई गति एवं दिशा प्राप्त होगी।

कार्यक्रम में महामंत्री श्रीमती पिंकी अग्रवाल, श्रीमती धनश्री भट्ट, नीलम देवकीर्ति, डॉ. प्रदीपा, रीना अग्रवाल, रमा बड़वानी, अमृत कौर, दिव्या अत्रे, डॉ. सृष्टि यदु, सुषमा चावड़ा, डॉ. अंजना पिथलिया, अनमोल परवानी, ग्रीना परवानी, पारुल अवस्थी, सुहाना नागपाल, सुनैना नागपाल, मैत्री व्यास, डॉ. सीमा एम. कंदोई, चेतना श्रीवास्तव, डॉ. प्रिया सराफ सोमा घोष, सीमा शर्मा, नलिनी, अनु खंडेलवाल, काजल सचदेव, वर्षा चौबे, सिया जसवानी, रजनीत ठक्कर सहित बड़ी संख्या में महिला सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# रायपुर मंडल में सिग्नल एवं टेलीकॉम मेंटेनर्स को विशेष संरक्षा टूल किट का वितरण

**रायपुर 11 फरवरी।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल में मंडल रेल प्रबंधक रायपुर श्री दयानद द्वारा रायपुर स्टेशन पर सिग्नल एवं टेलीकॉम विभाग के इलेक्ट्रिक सिग्नल मेंटेनर्स/ सिग्नल स्टाफ को विशेष टूल बैग सहित आधुनिक टूल किट वितरित की गईं। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री बजरंग अग्रवाल, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर श्री रवि शंकर गोयल, मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर श्री आकाश कुमार सहित संबंधित सुपरवाइजर, स्टाफउपस्थित रहे । रेल यात्रियों की सुरक्षा को और बेहतर बनाने की दिशा में रायपुर मंडल ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है । रायपुर मंडल में सिग्नल एवं टेलीकॉम विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को आधुनिक और सुरक्षित काम के लिए विशेष टूल किट दी गई हैं ।

रेलवे की सिग्नल प्रणाली ट्रेनों के सुरक्षित संचालन में महत्वपूर्ण है। इन प्रणालियों की देखरेख करने वाले कर्मचारी अक्सर फील्ड में कठिन परिस्थितियों में काम करते हैं। नई टूल किट से उन्हें एक ही बैग में सभी जरूरी और आधुनिक उपकरण उपलब्ध हो जाएंगे, जिससे काम जल्दी, सुरक्षित और सही तरीके से किया जा सकेगा। यह विशेष टूल किट फ्रंटलाइन मेंटेनेंस स्टाफ की कार्यक्षमता को बढ़ाने, अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन के सेफ्टी स्टैंडर्ड्स के अनुपालन को सुनिश्चित करने तथा ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नलिंग के कार्यान्वयन और पूरे मंडल में कवच प्रणाली के रोलआउट जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स को प्रभावी रूप से समर्थन देने के उद्देश्य से तैयार की गई हैं।

मेंटेनेंस कर्मियों को सभी आवश्यक एवं मानकीकृत टूल्स एवं डिजिटल संसाधनों की उपलब्धता से ऑपरेशनल एफिशिएंसी, सेफ्टी तथा सिस्टम की विश्वसनीयता में उल्लेखनीय सुधार होगा। समस्या का जल्दी समाधान होगा किसी भी तकनीकी खराबी को कम समय में ठीक किया जा सकेगा। ज्यादा सुरक्षित ट्रेन संचालन बेहतर रखरखाव से सिग्नल सिस्टम और ज्यादा भरोसेमंद होगा। इन आधुनिक टूल किट्स से सिग्नल कर्मचारियों की कार्यक्षमता बढ़ेगी और रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत होगी, जिससे यात्रियों को सुरक्षित, समयबद्ध और भरोसेमंद रेल सेवा मिलेगी।

**स्वास्थ्य सेवा** | 1.5 वर्षीय बच्चे पर किए गए इस सफल ट्रांसप्लांट से महानगरों पर निर्भरता कम

# रामकृष्ण केयर में पीडियाट्रिक लिवर ट्रांसप्लांट सफल

**रायपुर 11 फरवरी।** रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल ने चिकित्सा क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए छत्तीसगढ़ का पहला एबीओ-इनकम्पैटिबल पीडियाट्रिक लिवर ट्रांसप्लांट सफलतापूर्वक किया है। यह मामला न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे मध्य भारत में दुर्लभ और अत्यंत चुनौतीपूर्ण मामलों में से एक माना जा रहा है, जो क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं में एक बड़ी प्रगति को दर्शाता है।

डेढ़ वर्ष का यह बच्चा जन्म से ही पीलिया, पेट में पानी भरना, गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त लिवर, संक्रमण तथा अत्यंत कम हीमोग्लोबिन जैसी समस्याओं से पीड़ित था। विस्तृत जांच एवं मूल्यांकन के बाद डॉक्टरों ने पहले संक्रमण को नियंत्रित किया और फिर लिवर ट्रांसप्लांट को बच्चे के जीवन को बचाने का एकमात्र विकल्प माना।

दोनों माता-पिता लिवर दान करने के लिए तैयार थे, लेकिन रक्त समूह मेल न खाने के कारण सामान्य लिवर ट्रांसप्लांट संभव नहीं था। ऐसे में मेडिकल टीम ने एबीओ-इनकम्पैटिबल लिवर ट्रांसप्लांट का निर्णय लिया, जो विशेष रूप से छोटे बच्चों में अत्यंत दुर्लभ और जोखिमपूर्ण प्रक्रिया मानी जाती है।



इस केस की जटिलता इसलिए भी बढ़ गई क्योंकि बच्चे की रक्त नलिकाएं बेहद छोटी और नाजुक थीं, जिससे सर्जरी के दौरान पुनर्निर्माण एक बड़ी चुनौती थी। इसके बावजूद विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने उन्नत तकनीक और उच्च स्तरीय सर्जिकल कौशल के माध्यम से लैप्रोस्कोपिक तरीके से यह जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक की, जिसमें पिता ने अपने लिवर का एक हिस्सा दान किया।

सर्जरी के बाद बच्चे को अस्थायी रूप से सांस से जुड़ी समस्या हुई, जिसके लिए ब्रोंकोस्कोपी की आवश्यकता पड़ी। समय पर चिकित्सा हस्तक्षेप, उन्नत दवाइयों और सतत निगरानी के चलते बच्चे की स्थिति में तेजी से सुधार हुआ और कुछ ही दिनों में उसे स्वस्थ एवं स्थिर अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में सभी सुपर-स्पेशियलिटी सेवाओं की उपलब्धता एक बार फिर व्यवहारिक रूप से देखने को मिली।

डॉ. संदीप दवे, मेडिकल एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स ने कहा, यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि अब छत्तीसगढ़ और मध्य भारत में अत्याधुनिक और जटिल चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हैं। अब परिवारों को जीवनरक्षक पीडियाट्रिक ट्रांसप्लांट के लिए दूर-दराज के शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं है। यह सफलता हमारी पूरी मेडिकल टीम की प्रतिबद्धता, अनुभव और तकनीकी उत्कृष्टता को दर्शाती है।

एक यूनिट के रूप में, हम राज्य में कैडेवर अंग प्रत्यारोपण सेवाओं के प्रति जागरूकता फैलाने की भी सिफारिश करते हैं, ताकि अंग दान की प्रतीक्षा कर रहे उन अनेक मरीजों को आशा मिल सके, जो कैडेवर अंग प्रत्यारोपण के बारे में जानकारी के अभाव में अपनी जान गंवा देते हैं।

डॉ. सोनल अस्थाना, सीनियर कंसल्टेंट ड्ड लिवर ट्रांसप्लांट एवं एचपीबी एवं ट्रांसप्लांटेशन, एस्टर इंटीग्रेटेड लिवर केयर इंस्टीट्यूट ने कहा, एबीओ-इनकम्पैटिबल लिवर ट्रांसप्लांट में सबसे बड़ी चुनौती इम्यूनोलॉजिकल मैनेजमेंट होती है, विशेष रूप से बाल रोगियों में। इस प्रकार के ट्रांसप्लांट में जोखिम अधिक होता है। सख्त प्री-ट्रांसप्लांट प्रोटोकॉल, सावधानीपूर्वक तैयारी और मल्टी-डिसिप्लिनरी अप्रोच के माध्यम से यह जटिल प्रक्रिया सुरक्षित रूप से पूरी की गई। सर्जरी के प्रत्येक चरण में अत्यधिक सावधानी और सटीकता की आवश्यकता थी, क्योंकि शिशु की रक्त नलिकाएं बेहद छोटी और नाजुक थीं। सटीक सर्जिकल योजना और टीमवर्क के कारण हम इस चुनौती को सफलतापूर्वक पार कर सके।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26